राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद इस लीग से जुड़े शिखर ...

नहीं करूंगी राजनीति, देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 137 | पटना, बुधवार, 28 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	71,105
चांदी	91,700
सेंसेक्स	78,886
निफ्टी	24,117

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर चुनावों के लिए नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की

नई दिल्ली। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए नौ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पार्टी के प्रदेश महासचिव गुलाम अहमद मीर को दूरू से और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी को बनिहाल से चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार रात 12 बजे के बाद इन उम्मीदवारों की सूची जारी की और बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने त्राल से सुरेंद्र सिंह चन्नी, देवसर से अमुतुल्लाह मंटी, दूरू से गुलाम अहमद मीर, अनंतनाग से पीरजादा मोहमद सईद, इंद्रवाल से शेख जफरुल्ला, भद्रवाह से नदीम शरीफ, डोडा से शेख रियाज, डोडा पश्चिम से डॉ प्रदीप कुमार भगत और बनिहाल से विकार रसूल वानी को टिकट दिया है।

नए आपराधिक कानूनों पर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नए आपराधिक कानून-नागरिक केन्द्रित सुधार विषय पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे। गृह मंत्री वर्ष 2023 और 2024 के विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ब्यूरो के प्रकाशन इंडियन पुलिस जर्नल के नए आपराधिक कानूनों पर विशेष संस्करण का विमोचन भी करेंगे। ब्यूरो देश के पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस कर पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना करने के लिए उन्हें चुस्त दुरुस्त बल बनाने के प्रति कटिबद्ध है वर्ष 1970 में स्थापना के बाद से ब्यूरो अनुसंधान एवं विकास में पुलिसिंग में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस के थिंक टैंक के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्थान का केन्द्रबिन्दु पुलिस एवं सुधारात्मक सेवाओं के लिए नीतियां और कार्य प्रणालियां विकसित करना, नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकियों की खोज करना, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के क्षमता निर्माण और राज्यों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल का किया निरीक्षण

फरवरी तक मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा करें : नीतीश

अस्पताल के निर्माण से लोगों को इलाज में होगी काफी सहूलियत

● अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढंग से हो सकेगा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निमाणार्धीन मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निमाणार्धीन मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि फरवरी 2025 तक इस मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस परिसर में नर्स हॉस्टल के नये भवन का भी निर्माण करायें। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह अस्पताल तक पहुंचने के लिये पहुंच पथ को ठीक करें ताकि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। इस मॉडल अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढंग से हो सकेगा।

सीएम ने निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का दिए निर्देश

अस्पताल परिसर में चलाये जा रहे दीदी की रसोई का किया निरीक्षण : मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया और मरीज के परिजनों से उनका हालचाल जाना। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में चलाये जा रहे दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और जीविका दीदियों से बात कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नक्शा के माध्यम से कैम्पस प्लान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल अस्पताल की लागत 30.42 करोड़ रुपए है।

ये रहें मौजूद : निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सूबे में 10 हजार 332 यातायात पुलिस की होगी बहाली

सूबे में यातायात व्यवस्था और बेहतर और सुदृढ़ होगी

प्रात : किरण

पटना। सूबे में यातायात व्यवस्थाओं और अधिक बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए कुल 10 हजार 332 पदों को स्वीकृत किया गया है। इससे यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने में सहूलियत होगी। उक्त जानकारी एडीजी यातायात सुधांशु कुमार ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेत वर्ता में दी। उन्होंने कहा कि पूर्व से 12 जिलों में स्वीकृत यातायात बलों के अलावे प्रदेश के अन्य 28 जिलों में यातायात थाना होंगे, जिसके लिए 4215 और हाइवे पेट्रोलिंग योजना के लिए कुल 1560 यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। बीपीआर एंड डी नॉर्म्स 2015 के अनुसार पटना जिले में 1807 अतिरिक्त यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर यातायात बलों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न जिलों में यातायात बल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न हो जाने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वीकृत बलों की पूर्ती की जाएगी।

हैंड हेल्ड डिवाइस से कार्रवाई के कारण राजस्व में हो रही वृद्धिः नवंबर 2023 से बिहार में यातायात नियमों के उल्लंघन पर मैनुअल चालान की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद कर दी गई है। राज्य में 1527 हैंड हेल्ड डिवाइस से यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप और साक्ष्य आधारित

कार्रवाई के कारण चालान प्रक्रिया के दौरान शिकायतों में भी काफी कमी आई है। हैंड हेल्ड डिवाइस से कार्रवाई के कारण राजस्व में भी वृद्धि हुई है। राज्य में यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई में 2022 से 2023 के बीच 116.43 % की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में जनवरी से जुलाई के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर लगभग 18 करोड़ 75 लाख की जुमार्ना राशि वसूली गई। इसकी तुलना में वर्ष 2024 में जनवरी से जुलाई के बीच नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई में 213 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अनफिट गाड़ियों पर लगेगा अंकुशः ट्रांसपोर्ट विभाग एवं एनआईसी के माध्यम से राज्य के सभी टोल प्लाजा पर 7 अगस्त 2024 से ई-डिटेक्शन पोर्टल की शुरूआत की गई है। 7 से 15 अगस्त 2024 तक यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर लगभग 9 करोड़ 50 लाख रुपए का चालान किया गया। ई-डिटेक्शन पोर्टल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा की दिशा में सुधार लाना है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित इस पोर्टल के माध्यम से सड़क पर चलने वाली अनफिट गाड़ियों पर अंकुश लगाया जायेगा, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी हो सके। सड़क पर अनफिट गाड़ियों के दौड़ने का एक बड़ा उदाहरण हाल ही में 10 जून 2024 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में इसी कारण हुई बस दुर्घटना हुई थी, जिसमें बिहार के 18 यात्रियों की मौत हुई थी।

553 बॉडी वॉर्न कैमरे से यातायात गतिविधियों पर रखी जा रही है नजरः ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की वर्दी पर लगे बॉडी वॉर्न कैमरे से अब हर चीज रिकॉर्ड हो रही है, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता बढ़ी है। इसका उद्देश्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा की जाने वाली कानूनी कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से मिलने वाली शिकायतों को कम करना है।

साथ ही ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के लिए बॉडी वॉर्न कैमरा कानूनी कार्रवाई के दौरान एक कानूनी ढाल का भी काम करेगा। इसके प्रभावी उपयोग के लिए जल्द ही जारी किया जाएगा। यातायात बलों के स्वीकृत पदों के हिसाब से प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात बलों की पदस्थापना हो जाने से राज्य की यातायात व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार होगा। साथ ही स्टेट हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस में यातायात बलों की पदस्थापना हो जाने से राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में मौत के आंकड़ों में भी कमी लाई जा सकती है।

एसएनजेपीसी प्रस्तावों का गैर-अनुपालन : 18 राज्यों के मुख्य सचिव न्यायालय में पेश हुए

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों के कथित गैर-अनुपालन को लेकर 18 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, केरल और दिल्ली जैसे राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अनुपालन हलफनामों पर संज्ञान लिया और उनके खिलाफ सुनवाई बंद करने का आदेश दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने

कहा कि न्यायिक अधिकारियों के वेतन, पेंशन और भत्तों से जुड़े बकाया के भुगतान पर शीर्ष न्यायालय के निर्देशों का पालन करने वाले राज्यों के मुख्य सचिवों और वित्त सचिवों को अब अदालत में पेश होने की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा, हमें राज्यों के मुख्य सचिवों, वित्त सचिवों को तलब करने में कोई खुशी नहीं होती लेकिन राज्यों के वकील सुनवाई के दौरान लगातार अनुपस्थित रहे हैं। न्यायालय ने तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, नगालैंड, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, केरल, बिहार, गोवा, हरियाणा और ओडिशा के शीर्ष नौकरशाहों को मंगलवार को व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। न्यायालय ने यह निर्देश तब दिया, जब वरिष्ठ वकील एवं न्याय मित्र के. परमेश्वर ने पीठ को बताया कि कई आदेशों और समय विस्तार के बावजूद, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एसएनजेपीसी की सिफारिशों का पूरी तरह से पालन नहीं किया है। अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ (एआईजेए) पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए कल्याणकारी और अन्य कदम लागू करने की मांग कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी जल्द जाएंगे सिंगापुर, मंत्रिस्तरीय वार्ता में सेमीकंडक्टर पर हुई चर्चा

प्रात : किरण

सिंगापुर/एजेंसी। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय बैठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस दक्षिणपूर्व एशियाई देश की जल्द होने वाली यात्रा के लिए मंच तैयार कर दिया है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन

बालकृष्णन ने यह टिप्पणी की। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों ने यहां दूसरे बहु-मंत्रालयी गोलमेज सम्मेलन में सार्थक चर्चा की और इस बात पर विचार किया कि दोनों देश डिजिटल, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा, संपर्क और उन्नत विनिर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। यह दूसरी बार है जब सिंगापुर और भारत के मंत्रियों ने भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के लिए मुलाकात की है। इसकी पहली बैठक सितंबर 2022 में हुई थी। बालकृष्णन ने कहा कि उन्नत विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के साथ ही विमानन और समुद्री संपर्क, ऐसे नए क्षेत्र हैं जिन्हें सिंगापुर और भारत ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा के लिए इस उच्च स्तरीय मंच पर शामिल किया है।

पटना के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 31 तक बंद रहेंगे स्कूल

प्रात : किरण

पटना। गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के कारण पटना जिले के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है। गंगा नदी के तेज बहाव के कारण स्कूली बच्चों और शिक्षकों के जीवन और स्वास्थ्य को होने वाले खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इससे संबंधित आदेश पटना के जिलाधिकारी ने जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक जिले के अथमलगोला, बाढ़, बख्तियारपुर, दानापुर, फतुहा, मनेर, मोकामा और पटना सदर प्रखंड के दियारा इलाके में स्थित कुल 76 स्कूल तत्काल प्रभाव से 31 अगस्त तक बंद रहेंगे।

जिन पंचायतों में स्कूल बंद किये गये हैं उनमें रामनगर दियारा, इब्राहिमपुर, चिरैया रूपस, हरदासपुर दियारा, काला दियारा, रूपस महाजी, अकिलपुर, गंगहरा, हेतनपुर, माधवपुर, कासिमचक, मानस, पानापुर, पटलापुर हवेसपुर, मोमिंदपुर, गंगहरा, पाटलापुर, शिवनार और नकटा टोला दियारा शामिल हैं।

बाढ़ के खतरे को देखते हुए आदेश जारी : पटना डीएम ने जारी आदेश में कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन का मानना है कि छात्रों की सुरक्षा प्राथमिकता है और बाढ़ से उत्पन्न खतरे को देखते हुए स्कूलों को बंद करना जरूरी है। जिला प्रशासन ने इस आदेश की कॉपी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक को भेज दी है।

उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

प्रात : किरण

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील मनन कुमार मिश्र बिहार से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गए। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र सौंपे जाने के समय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख और राज्य सरकार में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत कई

सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। इसके बाद उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की शुभकामनाएं दीं। उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा के निर्वाचन के साथ ही राज्यसभा में बिहार से कुल 16 सांसद हो गए हैं। इसमें एनडीए से 10 सांसद और इंडिया गठबंधन से छह सांसद शामिल हैं। राजनीतिक दलों की बात करें तो एनडीए समर्थित भाजपा के पांच, जदयू के चार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक सांसद राज्यसभा में हो गये हैं। वहीं महागठबंधन समर्थित राजद के पांच और कांग्रेस के एक सांसद राज्यसभा में हैं। इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित एनडीए कार्यकताओं का आभार जताया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट करते हुए संकल्प लिया है कि राज्य और देश के शोषित-वंचित जमात के लोगों की आवाज संसद में बुलंद करूंगा। देश में दलितों, आदिवासियों, अतिपिछड़ों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और सामान्य जाति के गरीबों के लिए देश के उच्चतर न्यायालयों में जज बनने के लिए अलोकतांत्रिक तरीके से बंद रखे गए दरवाजों को खोलने इत्यादि जैसे गंभीर मुद्दों को पूरी ताकत से उठायेंगे। भाजपा के नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद मनन मिश्र ने राज्यसभा सांसद चुने जाने पर भाजपा की राष्ट्रीय व राज्य नेतृत्व का आभार जताया है।

अटल सेतु से बीते सात महीने में 50 लाख से अधिक वाहन गुजरे

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु को सात महीने पहले यातायात के लिए खोले जाने के बाद से उस पर से अब तक 50 लाख से अधिक वाहन गुजर चुके हैं। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। एमएमआरडीए ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन, नवी मुंबई महानगर पालिका परिवहन और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की शिवनेरी बस सहित 50,04,350 वाहनों ने 13 जनवरी से 26 अगस्त के बीच अटल सेतु का इस्तेमाल किया यानी उस अवधि में रोजाना औसतन 22,000 वाहन इस पुल से गुजरे। एक प्रवक्ता ने कहा, जिन वाहनों ने पुल का इस्तेमाल किया, उनमें 47.40 लाख कार, 50,020 मिनी बस और हल्के मोटर वाहन, 59,799 डबल-एक्सल वाहन, 73,074 थ्री-एक्सल वाहन, 80,277 चार-छह एक्सल वाहन और 503 बड़े वाहन शामिल हैं।

उद्घाटन राज्य में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वतंत्र रूप से खेल विभाग का गठन

सीएम नीतीश 29 को करेंगे बिहार राज्य खेल अकादमी का उद्घाटन

प्रात : किरण

पटना। बिहार राज्य खेल अकादमी राजगीर का उद्घाटन आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। उद्घाटन के अवसर पर राज्य के कुल 9 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को उनके उपलब्धि के अनुसार नगद पुरस्कार एवं सम्मान दिया जाएगा। उक्त जानकारी मंगलवार को खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्द्र ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। डॉ बी राजेंदर ने बताया कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वतंत्र रूप से खेल विभाग का गठन किया गया है। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा राजगीर के 90 एकड़ भूखण्ड पर करीब 750 करोड़ की लागत से राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम

750 करोड़ की लागत से बन रहा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक स्टेडियम

के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी थी।

राज्य खेल अकादमी के माध्यम से राज्य के खिलाडियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक प्रशिक्षण (आवासीय एवंगैर आवासीय) एवं अन्य सुविधा प्रदान करना एवं राज्य में विभिन्न खेलों का राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिये आधुनिक खेल अवसंरचना का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें एथलेटिक्सट्रैक, फुटबॉल स्टेडियम, हॉकी टर्फ स्टेडियम, स्वीमिंगपुल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैण्डबॉल, लॉनटेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन, कबड्डी, बैडमिंटन कोर्ट, तीरंदाजी, शुटिंग, टेबुलटेनिस, तलवारबाजी, विलियर्ड, जुडो, ताइक्वान्डो, साइक्लिंग, वेलोड्रोम आदि खेलों के इन्डोर एवं आउटडोर स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। 19 जून को इन खेलों के विशेषज्ञों के दल ने राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर, नालन्दा के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा निमाणार्धीन सुविधा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बताया गया एवं आने वाले समय में राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजन हेतु उपयुक्त बताया गया।

इस परिसर में खिलाड़ी छात्रावास (पुरूष एवं महिला) ट्रान्जिट हॉस्टल, प्रशिक्षक आवास, उप निदेशक, सहायक निदेशक, निदेशक एवं कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य खेल अकादमी एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम राजगीर के सुगम संचालन हेतु विभिन्न कोटि के स्थाई 81 पदों एवं संविदा पर 33 पदों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गयी है, जिसके अन्तर्गत निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, खेल विधावार प्रशिक्षक, मीडिया प्रभारी, डाइटिशियन, साईन्टिफिक ऑफिसर, लाईब्रेरियन, मशाजर, योग गुरू, योग प्रोफेशनल आदि की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित हॉकी टर्फ पर भारतीय महिला हॉकी टीम जो एशियन गेम्स विजेता है, उनका प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाना है। प्रदर्शनी मैच के उपरांत भारतीय महिला हॉकी टीम 01 सितम्बर तक उक्त परिसर में अभ्यास करेंगी तथा उनके साथ राज्य के चार एकलव्य केन्द्रों के हॉकी प्रशिक्षुओं को खेलने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, महा निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, रविन्द्रण शंकरण निदेशक, खेल विभाग महेन्द्र कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

ममता बनर्जी व पुलिस कमिश्नर का हो पॉलीग्राफ टेस्ट : गौरव भाटिया

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए बोलें-भाजपा प्रवक्ता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को उनका पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने की मांग की। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि चाहे वह अपराधियों को बचाने वाली तानाशाह ममता बनर्जी हों या महिला डॉक्टर की हत्या को आत्महत्या बताने वाले पुलिस कमिश्नर, दोनों को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए जिससे निष्पक्ष जांच हो सके। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी को ममता बनर्जी और पुलिस कमिश्नर का पॉलीग्राफ टेस्ट भी करना चाहिए। भाटिया ने नबन्ना अभियान के दौरान

बंगाल पुलिस द्वारा किए जा रहे व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आज पश्चिम बंगाल के नबन्ना में जो हो रहा है, वह चिंताजनक है और संविधान को तार-तार करने वाला है। इससे यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अगर देश में कोई तानाशाह है, तो वह ममता बनर्जी हैं। वह आरोपी की बजाय छात्रों पर अपना गुस्सा निकाल रही हैं। भाजपा नेता ने ममता बनर्जी को निर्ममता बनर्जी की संज्ञा देते हुए तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ पूरे विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपने साथी डॉक्टर को न्याय दिलवाने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर ममता बनर्जी की पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। ममता बनर्जी सरकार अपराधियों को बचा रही है, वहां प्रशासन पक्षपातपूर्ण है और उससे न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है और इसलिए ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क मामले में हुए घोटाले की कर्नाटक सरकार को सीबीआई जांच करवानी चाहिए और कांग्रेस अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और प्रियांक खड़गे को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

घर -घर जाकर भाजपा का सदस्य बनाये कार्यकर्ता : अरूण साह

फतुहा। मंगलवार को भाजपा नगर मंडल की ओर से भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव हॉल गोविंदपुर में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसका संचालन भाजपा नगर महामंत्री अरूण कुमार झा ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार शाह ने कार्यकताओं से घर -घर जाकर सदस्य बनाने का आह्वान किया।कार्यशाला में प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकताओं को दिया गया। सदस्य बबने लिए 8800002024 पर मिस कॉल करना होगा। कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता केशवकांत जी, संजीव यादव, जिला सदस्यता प्रभारी राणा राजेंद्र पासवान, विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान, जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष भास्कर पटवा, किरण गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, बबलू शाह, नगर मंत्री शैलेश गुप्ता, शिवनाथ यादव, सूरज कपूर समेत कई मौजूद थे।

पुराने नगर परिषद को तोड़ने अंचलाधिकारी अपने दल बल के साथ पहुंचे

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत पटना-बिहटा एलिवेटेड सड़क निर्माण के क्रम में पुराने नगर परिषद्, खगौल कार्यालय संभाग का भौतिक एवं आधारभूत संरचना तोड़ने के लिए मंगलवार को दानापुर अंचलाधिकारी चंदन कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे। मगर उन्हे नगर अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों द्वारा पहले जमीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर उन्हे बेरंग वापस लौटना पड़ा। खगौल नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि नगर परिषद खगौल के पुराना कार्यालय में नगरपालिका की आधारभूत संरचना यथा ट्रेक्टर, मालवाहक यान, जेसीबी एवं साफ-सफाई उपकरण इत्यादि भारी मात्रा में मौजूद है। पटना-बिहटा एलिवेटेड सड़क निर्माण में यह कार्यालय पुरी तरह नष्ट हो जाएगा। इस सभी उपकरणों की रखरखाव के लिए जिलाधिकारी को जमीन उपलब्ध कराने हेतु आवेदन उनके व खगौल ईओ के द्वारा दिया गया था। जिलाधिकारी द्वारा नगर परिषद के नये भवन के पूर्वी छोर पर सिचाई विभाग की जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। मगर मंगलवार को अंचलाधिकारी पुराने नप भवन पहुंच एलिवेटेड कार्य से संबंधित कार्य करना चाह रहे थे। जिन्हे फिलहाल रोक दिया गया है। उनकी मांग है कि एक बार एलिवेटेड का कार्य शुरू होगा तो वे इतनी भारी संख्या में उपकरण कहां लेकर जाएंगे। उन्होने मांग रखी की पहले जलाधिकारी द्वारा चिन्हित जमीन को लिखित आदेश के साथ उपलब्ध करा दें ताकी वह अपना उपकरण हटाकर सुरक्षित रख सके।

रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में 05 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

मर्चा-मर्ची रोड के वेयरहाउस में डकैती करने वाला नौ गिरफ्तार

देसी कट्टा, दो गोली, एक मिसफायर गोली, घटना में प्रयुक्त कंटेनर पिकअप वैन, 20 मीटर तार, 23 अदद तांबा का पत्थर व 4 सेल बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के मर्चा-मर्ची रोड स्थित जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के वेयरहाउस में घुस कर सुरक्षा कर्मियों का हाथ-पैर एवं मुंह बांध कर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। 18-19 अगस्त की देर रात करीब 12.30 बजे से एक के बीच 10-12 अज्ञात अपराधकर्मियों ने घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें सामान खरीदने में कबाड़ी वाला भी शामिल है। पुलिस ने इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सबों के पास से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया इंवॉल्वमेंट एक्सप्रेस लॉजिस्टिक सर्विस का कंटेनर पिकअप गाड़ी (जिसका निबंधन संख्या बीआर 01जीएल 8427), गिरफ्तार अपराधी सोनू के पास से एक देसी कट्टा, दो गोली एवं एक मिसफायर गोली, लूट गए तार में से विभिन्न रंग का करीब 20 मीटर तार, 23 अदद तांबा का पत्तर और चार एंड्राएड मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि वेयरहाउस के प्रबंधक के लिखित आवेदन पर 19 अगस्त को कांड 377/24 दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक सह एसएसपी के निर्देशन एवं सिटी एसपी भारत सोनी की निगरानी में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसमें अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को शामिल किया गया। कांड के उद्भेदन में घटना में अपराधियों के द्वारा इस्तेमाल किया गया पिकअप गाड़ी एवं उसके चालक की पहचान तुरूप का पत्ता बना। इस दौरान 25 अगस्त को छापामारी दल द्वारा सबसे पहले इस घटना में प्रयुक्त कंटेनर पिकअप गाड़ी के साथ उसका चालक विवेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिए जाने की बात कही। उसकी निशानदेही पर घटना को अंजाम देने वाले और लूटी गई संपत्ति को खरीदने वाले कुल आठ अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी सोनू के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली एवं एक मिसफायर गोली भी बरामद किया गया। इस संबंध में अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में लूट गए तार में से विभिन्न रंग का लगभग 20 मीटर तार तथा 23 अदद तांबा का पत्तर, ट्रांसपोर्ट नगर में अवस्थित अपराधी परी उर्फ रोहित कुमार के कबाड़ी गोदाम से बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। घटना होने के बाद पुलिस के द्वारा करीब 50 सीसीटीवी को खंगाला गया। गुप्तचर सूचना भी काम आया। पकड़ाया टीम के द्वारा इस थाना क्षेत्र के अलावा रामकृष्ण नगर थाना, दीदारगंज थाना और मेंहदीगंज थाना क्षेत्र में भी सक्रिय रह कर चोरी और डकैती की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। गिरफ्तार लोगों में दीदारगंज थाना क्षेत्र के हनुमानचक्र का सोनू कुमार पिता अशोक सहनी, निजामपुर का विवेक कुमार पिता रामबाबू सिंह, आलमगंज थाना क्षेत्र के बेलवरगंज का परी कुमार उर्फ रोहित कुमार पिता छेदी साव, नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर चारो का रंजीत कुमार पिता गणेश सहनी, निजामपुर जेठुली का कुंदन कुमार पिता महादेव सिंह, सबलपुर का साहिल कुमार पिता लक्ष्मी सहनी दीदारगंज थाना क्षेत्र के हनुमान चक का नीरज कुमार पिता अशोक महतो, आलमगंज थाना क्षेत्र के बड़ी पटनदेवी के पास का रिशु कुमार पिता परमानंद प्रसाद (यह कबाड़ी गोदाम के मालिक परी उर्फ रोहित का सहयोगी है), दुर्गा चरण लेन का सतीश प्रसाद पिता अमन प्रसाद है। डीएसपी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि यह डकैती गिरोह जब घटना को अंजाम देने जाता है, तो अपने साथ एक से तीन पिकअप वैन साथ में लेकर चलता है, ताकि डकैती या चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद सारा सामान उसमें भर कर भाग सके। इसमें फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। छापेमारी दल में बाइपास थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार झा, पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार वर्मा, अपर थानाध्यक्ष सह एसआई सह अनुसंधानकर्ता संजय कुमार, एसआई हर्षवर्धन कुमार, परि एसआई गुंजेश कुमार, एएसआई ललन कुमार, मनीष कुमार, विनोद कुमार, सिपाही प्रवीण कुमार, बबलू कुमार और हरेराम मांझी शामिल थे।

कबाड़ी दुकानदारों की होगी जांच

पटना सिटी (प्राकि)। हो रही लगातार चोरी और डकैती के सामान की खरीदारी कबाड़ी वालों के द्वारा की जा रही है। बाइपास थाना क्षेत्र के जिस वेयरहाउस में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था, वहां से चोरी गए तार तांबा के पत्तर, तार आदि को डकैतों ने कबाड़ी वाले के यहां बेचने का काम किया था। हालांकि पकड़े गए अपराधियों की निशानदेही पर उस कबाड़ी वाले की भी गिरफ्तारी हुई है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार का कहना है कि उनके क्षेत्र में जितने भी कबाड़ी के कारोबार करने वाले हैं, उन सबों की दुकान और डंप स्थल का सत्यापन कराया जाएगा। इससे पता चल सकेगा कि वह कैसे काम करता है और उनकी क्या-क्या संलिप्तता है।

संपूर्ण रामायण गाकर अमर हो गए मुकेश : डॉ राजकुमार नाहर

दर्दभरी आवाज का शहजादा थे मुकेश : डॉ ध्रुव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वर सम्राट मुकेश सदी के सिर्फ महागायक ही नहीं थे, बल्कि दर्दभरी आवाज के शहंशाह थे। उनके गायन में एक अजीब सी कशिश थी, जो सहसा हृदय को आकर्षित करती थी। आज भी लोग गम की गहराइयों में डूब जाते हैं। उन्होंने शास्त्रीय धुनों पर गीत, भजन, फिल्मी गाने गाए, जो आज भी हमारे दिलों को तृप्त करता है। ये बात मंगलवार को स्वरांजलि और जेम्स बैंड द्वारा आयोजित मुकेश साहेब की पुण्यतिथि पर सरस्वती डिजिटल स्टूडियो में कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए शिक्षाविद् डॉ ध्रुव कुमार ने कही। मुख्य अतिथि दूरदर्शन के निदेशक डॉ राजकुमार नाहर ने कहा कि मुकेश साहेब संपूर्ण रामायण गाकर अमर ही नहीं हो गए, रामायण को आमजनों के हृदय में उतार दिए, जो सदियों तक इस कीर्ति में जीवित रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज गायक अमिताभ श्रीवास्तव ने चिड़िया हो तो हर कोई बांचे गाकर किया। अभिषेक पैट्रिक, अभिषेक पाठक, अनिल रश्मि, संजीव प्रियदर्शी, आलोक चोपड़ा, एआर हाशमी, अंकित कुमार, समर्थ नाहर आदि ने स्व मुकेश की याद को ताजा कर दिया। आए अतिथि व कलाकारों ने मुकेश साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कलाकारों ने राज्य सरकार से पटना के हृदय स्थल पर मुकेश की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। मौके पर रामजी मेहता, राजा पुड्डू, नितिन कुमार वर्मा, मन्नू , मो रजी अहमद, गुंजन कुमार, पूर्व पार्षद सीता सिन्हा, सुनीता रानी व प्रीति गुप्ता मौजूद थीं। संगीत संयोजन जेम्स बैंड, संगत कलाकार में आर्गन, जिम्मी गुप्ता, पैड पर पप्पू गुप्ता, नाल पर सतराज, ढोलक पर राजकिशोर पांडे थे। मंच संचालन नेक आलम और धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र कुमार पाल ने किया।

राष्ट्र प्रतिष्ठा, शक्ति और निष्ठा के महत्व को बताते हुए भारत माता की आरती का सस्वर अभ्यास कराया गया

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत ईसी रेलवे सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल और महिला कॉलेज में कुटुंब प्रबोधन दक्षिण बिहार प्रांत संयोजक अशोक शाह, राष्ट्र सेविका समिति दानापुर जिला कार्यवाही का संगीता सिन्हा के द्वारा बच्चों के बीच में राष्ट्र प्रतिष्ठा, शक्ति और निष्ठा के महत्व को बताते हुए भारत माता की आरती का सस्वर अभ्यास किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेश्वर सर और सभी शिक्षिकाओं ने बहुत ही आनंद से इस गीत का अभ्यास किया। प्रधानाध्यापक ने कहा गीत संगीत सीखने और गाने से बच्चों में धैर्य, राष्ट्रभक्ति और उसके भाव से नैतिकता के मूल्यों को समझ पाते हैं।बीच-बीच में ऐसा अभ्यास होने से बच्चों में दुगनी ऊर्जा से कार्य करने की शक्ति मिलती है। महिला कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ उषा विद्यार्थी ने भी इस कार्य की बहुत सराहना की और कहा समय समय पर गीत संगीत का अभ्यास अवश्य होना चाहिए।

कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर निकाली भव्य शोभा यात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में राधे कृष्ण मंदिर समिति उदरचक द्वारा मंगलवार को बिक्रम में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। सोन नहर रोड पर उदरचक स्थित श्री राधे शाम मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा का शुभारम्भ पूर्व मुखिया हरख यादव, शम्भु यादव, समाजसेवी गुड्डू सिंह, राजद नेता सुरेन्द्र यादव, बीरेन्द्र यादव, नगहर पंचायत के मुखिया अजित कुमार, राजद के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उज्ज्वल यादव, प्रखंड प्रमुख रामईश्वर पासवान व जिला पारिषद सदस्य मेजर चंद्रवंशी समेत कई अन्यों ने सामुहिक हरि नाम संकीर्तन के साथ राधे कृष्ण की पूजा अर्चना कर किए। मंदिर समिति की अध्यक्षता में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में नन्हें - मुन्हें बच्चों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किए। मौके पर हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जी के भजन गाते व नाचते हुये शोभा यात्रा में भाग लिया। वहीं बाइक सवार सैंकड़ों युवाओं के जय श्री कृष्ण व राधे राधे की जय घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा` वहीं महावीर सेवा समिति सहित अन्य संगठनों द्वारा जगह जगह पर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल व शरबत आदि की व्यवस्था की गयी थी` स्थानीय शहीद चौक पर महावीर सेवा समिति के सदस्यों ने शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया व भव्य शोभा यात्रा निकालने के लिए बधाई दी। शोभा यात्रा श्री शाम मंदिर उदरचक से शुरू होकर अख्तियारपुर के रास्ते असपुरा हनुमानमंदिर, शहीद चौक ब्लॉक रोड होते हुए मुख्य बाजारों व गलियों से होती हुई उदरचक राधे श्याम मंदिर में पहुंच कर समाप्त हुई। मौके पर आयोजन समिति के आनंद कुमार, दीपक कुमार यादव, विजय कुमार, नाग भूषण कुमार, मृणाल यादव, मोनू, विकास, विवेक सुन्दरम, रवी, मंटू पासवान, संधीर यादव आदि समेत हजारों की क्षेत्रीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

बीते कई वर्षों से देश में जातिगत गणना की मांग कर रहा राजद : उज्ज्वल यादव

एनडीए के कारण बिहार के लाखों अभ्यर्थी आरक्षण के लाभ से वंचित

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम - गोपाल विद्यार्थी प्रखंड क्षेत्र के उदरचक स्थित राधे कृष्ण मंदिर परिसर से जन्माष्टमी को मंगलवार को निकाले गए भव्य शोभा यात्रा में राजद सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उज्ज्वल यादव अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए` राजद नेता उज्ज्वल ने शोभा यात्रा में युवाओं के साथ घण्टों शामिल रहे` यात्रा के पाश्चात्य पत्रकारों से हुई बातचीत के दौरान उज्ज्वल यादव ने प्रदेश की एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए सरकार की बदनियती के कारण बिहार के लाखों छात्र और अभ्यर्थी आरक्षण के लाभ से वंचित होने जा रहे हैं। राजद नेता ने कहा कि हाल ही में प्रदेश में शिक्षक, सिपाही, दारोगा सहित स्वास्थ्य विभाग, राजस्व एवं अन्य विभागों में लाखों पदों पर हुई बहाली में बिहार सरकार द्वारा अधिसूचित नयी आरक्षण कोटे का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी, अति पिछड़ी एवं सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को नहीं मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में तेजस्वी सरकार द्वारा बढ़ाए गए आरक्षण [illegible] शामिल किया जाने पर बिहार की एनडीए सरकार कोई कदम नहीं उठाना चाहती। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अभी हो रहे बहाली में इस बढ़े हुए आरक्षण के लाभ से लाखों अभ्यर्थी वंचित हो जाएंगे। राजद नेता उज्ज्वल ने कहा कि यह सर्वविदित है कि तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा दबाव बनाने पर हीं राज्य में जातीय गणना हुई थी और उसके आंकड़े के आधार पर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत की गई थी। और बढ़ाए गए आरक्षण की सीमा के आधार पर हीं शिक्षकों सहित अन्य विभागों में लगभग पांच लाख पदों पर बहाली भी की गई। पर इसका श्रेय लेने के लिए जदयू और भाजपा बेचैन हो गई थी। तो अब क्यों नहीं इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करवा रही है। राजद नेता ने कहा कि न्यायालय के नाम पर केवल बहानेबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना राजद की बहुत पुरानी माँग है। लालू प्रसाद जी जब जनता दल के अध्यक्ष थे तभी से यह हमारी माँग रही है। उसी का परिणाम रहा कि जनता दल की संयुक्त मोर्चा सरकार ने में की जनगणना में जातिगत गणना कराने का निर्णय भी लिया था लेकिन में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर उन्होंने वह निर्णय पलट दिया। नीतीश कुमार भी वाजपेयी जी नेतृत्व में उसी एनडीए कैबिनेट का हिस्सा थे। राजद नेता उज्ज्वल ने कहा कि एनडीए सरकार ने वर्षों बाद होने वाली की जनगणना भी नहीं कराई। वहीं केवल महीनों के अल्प सेवाकाल में तेजस्वी सरकार ने बिहार में जाति आधारित गणना करा और उसी अनुपात में आरक्षण भी बढ़ाया। -उज्ज्वल ने तीखे अंदाज में कहा कि अगर इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना नहीं कराई तो वंचित, उपेक्षित, उत्पीड़ित और उपहासित वर्गों के लोग भाजपाइयों को क्षेत्र में नहीं घुसने देंगे। मौके पर प्रमोद कुमार, अमरेंद्र कुमार , विमल यादव , रविशंकर यादव , लालदेव यादव, लालू यादव एवं गोलू यादव सहित कई अन्य भी मौजूद थे।

श्री कृष्ण का 5251 वाँ जन्मोत्सव मनाया गया

- जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण मंदिर में बजती रही बधाइयां
- राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर भंडारा का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : राजधानी में विभिन्न मंदिरों में जन्माष्टमी कार्यक्रम की धूम रही। गोलघर समीप गंगा किनारे बुद्ध घाट स्थित अति प्राचीन और 200 साल से अधिक पुरानी राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भी जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में झूलनोत्सव , अखंड पाठ का आयोजन किया गया। आज संध्या में कथा के समापन पर शहर के प्रबुद्ध जनों साधु-संतों के उपस्थिति में आरती संपन्न हुई। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि तक भक्तजन भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सह मुख्य पुजारी पंडित बुधन ओझा ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का 5251 वाँ जन्मोत्सव मनाया गया। जहां मंदिर परिसर में जन्मोत्सव के अवसर पर 200 वर्षों से अखंड पाठ और भंडारा का आयोजन होता रहा है। पाठ का उद्देश्य समाज में सद्भाव शांति और प्रेम का संदेश देना है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हम लोगों यह संकल्प लेना चाहिए कि हमारा कर्म धर्म आधारित हो। इस सृष्टि पर हर के कर्म का फल निश्चित है। जो जैसा बोएगा वह वैसा ही फल पाएगा। गीता का सार हमे जीवन शैली देती है जरूरत है इसे आत्मसात करने की। श्री कृष्ण का जीवन हमें संयम, प्रेम, सौहार्द और धर्म के प्रति प्रेरित करता है। दो दिवसीय कार्यक्रम में जय कुमार पांडे, अधिवक्ता पवन त्यागी , पवन ओझा , पाठक जी , दीपक ओझा, हरि ओम उत्तम, हर्ष रंजन , नवीन कुमार , आकाश कुमार आदि उपस्थित हुए।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपाइयों की हुई बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाना है। इसे लेकर खाजेकलां पानी टंकी स्थित न्यू राज दरबार में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने किया। इसमें बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विनय केसरी ने किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि देश में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। 31 अगस्त को देश के हर वार्ड में बूथ समिति का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर अभियान चला कर जमीनी स्तर पर सदस्यों की टीम खड़ा करने का कार्य किया जाएगा।

पति-पत्नी की समस्याओं को काउंसलिंग मीटिंग से सुलझाने की पहल की भारतीय मानव अधिकार रक्षक

पटना पति-पत्नी की समस्याओं को काउंसलिंग मीटिंग से सुलझाने की पहल की भारतीय मानव अधिकार रक्षक। उक्त जानकारी भारतीय मानव अधिकार रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी की आपसी मामले को सुलझाने के लिए भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्था के पटना स्थित मुख्य कार्यालय में काउंसलिंग मीटिंग रखी गई थी। पूरी मीटिंग की निगरानी संस्थान की संस्थापिका रीता सिन्हा ने स्वयं की।

किऊल-गया रेलखंड के दोनों ट्रैकों पर रफ्तार भरेंगी ट्रेनें

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। दानापुर रेल मंडल के किऊल - गया खंड के दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। किऊल-गया परियोजना के तहत लगभग 124 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण का किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत अब तक लगभग 107 किमी रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है तथा अंतिम चरण में शेष बचे 17 किमी लंबे नवादा-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है एवं इसे अक्टूबर 24 में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद किउल - गया रेलखंड में ट्रेनों की गति में वृद्धि होगी और क्षेत्र के औद्योगिक विकास में गति आएगी। इस रेलखंड के यात्रियों का सफर और आसान होगा और यात्रियों को आने-जाने में होगी सुविधा जल्द ही गया - किऊल रेलखंड के अप और डाउन लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन (पूरे खंड में) होने की संभावना है सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो दोनों ट्रैकों पर ट्रेनों का परिचालन जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा। किउल-गया खंड में अवस्थित नवादा स्टेशन पर भी विकास का कार्य किया जा रहा है नवादा स्टेशन के विकास के क्रम में दो नए उच्च प्लेटफार्म, नई स्टेशन बिल्डिंग, दो नये फुट ओवर ब्रिज (ऋइइ) का कार्य स्वीकृत है। एक ऋइइ का कार्य मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रथम चरण में नई स्टेशन बिल्डिंग तथा प्लेटफार्म संख्या 2 का प्रावधान किया गया है। जब तक ऋइइ का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता है, तब तक के लिये यात्रियों को नई स्टेशन बिल्डिंग से नए प्लेटफार्म संख्या दो पर आने जाने के लिए एक पैदल पाथवे का प्रावधान किया गया है। यात्री प्लेटफार्म नं.2 (नये प्लेटफार्म) के दक्षिणी सिरे पर दिये गए पाथवे से ही स्टेशन बिल्डिंग से प्लेटफार्म (तथा वापसी) आवागमन कर सकते हैं। किसी भी गाड़ी के नीचे से एक तरफ से दूसरे तरफ जाना सुरक्षित नहीं है। नये नवादा स्टेशन यार्ड, प्लेटफार्म सं. 1 सहित का कार्य अक्टूबर तक पूर्ण होने की संभावना है। इसके पूरा होते ही इस मार्ग से गाड़ियों को तीव्र गति से परिचालन करने का एक सुगम मार्ग उपलब्ध हो जाएगा और अधिक से अधिक गाड़ियों को परिचालन करने में सुविधा होगी।

स्पेशल ट्रेन से पहुंची संगत स्वागत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हजूर साहिब, नान्देड़ से स्पेशल ट्रेन के द्वारा पांच तख्त साहिब के दर्शन व दीदार के लिए निकली संगत के पटना साहिब स्टेशन पर पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब एवं गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के द्वारा शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हस्तलिखित छत्रछाया में पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन के रूप में यात्रा को तख्तश्री पटना साहिब लाया गया। तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार सिंह ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा यात्रा के तख्त साहिब पहुंचने पर यात्रा के साथ आए जत्थेदार साहिब एवं ग्रंथी सिंह, सेवादारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि 1300 के करीब संगतों का जत्था स्पेशल ट्रेन से तख्तश्री हजूर साहिब, नान्देड़ से पांच तख्त साहिब के दर्शन के लिए निकला था। यात्रा में करीब 300 साल पुराना हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब और दशमेश पिता के द्वारा इस्तेमाल किए गए घोड़े के तीन वंशज को भी लोगों के दर्शनार्थ लाया गया है। पटना साहिब स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार खुद निगरानी कर रहे थे। फिलहाल इस ट्रेन को गुलजारबाग स्टेशन पर रखा गया है। स्पेशल ट्रेन से पहुंची संगत को तख्तश्री पटना साहिब गुरुद्वारा, बाललीला मैनी संगत और कुंदन निवास के रिहाइश में ठहराया गया है। ट्रेन के एक सैलून में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पावन स्वरूप, पंज प्यारे साहिबान एवं गुरु गोबिंद सिंह जी के घोड़ों के वंशज भी पहुंचे हैं। इन्हें संगत के दर्शन के लिए तख्त साहिब पर रखा गया है। नगर कीर्तन में शबद कीर्तन करती संगत के अलावा बैंड बाजा, गतका पार्टियों ने हिस्सा लिया। कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने बताया कि तख्तश्री कमेटी के द्वारा यात्रा में शामिल संगत के लिए रिहाइश, ट्रांसपोर्ट, लंगर आदि की पूरी व्यवस्था की गई है। पटना साहिब स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन से आने वाले सिंह साहिबान, संगत, इसके नेतृत्वकर्ता आदि का स्वागत तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सूरज सिंह नलवा, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, पपिंदर सिंह, लेखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह, सहायक लेखा प्रबंधक मनजीत सिंह, प्रवक्ता सुदीप सिंह, नगर कीर्तन के संयोजक इंद्रजीत सिंह बग्गा, सतनाम सिंह बग्गा, गुरुद्वारा बाललीला से बाबा गुरविंदर सिंह, राजन सिंह आदि थे।

सूबे में एक से 30 सितंबर तक चलेगा पोषण माह

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, 27 अगस्त। समाज में पोषण की स्थिति में सुधार करने और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने लिए एक से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। समेकित बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) निदेशालय, समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस पोषण माह को इस बार छह मुख्य विषयों पर केन्द्रित कर गतिविधियां की जायेंगी। गर्भवती महिलाओं, नवजात, किशोरियों को एनिमिया से बचाव हेतु भी उचित परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान सेविका/सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा एवं जिला/परियोजना स्तर पर पूरे राज्य में अनेक गतिविधि करवाई जायेंगी। थीम तय कर उसके अनुसार गतिविधि का कैलेंडर भी जारी किया जाएगा। पूरे माह करोड़ों गतिविधि करवाई जाएगी। वर्ष 2023 के पोषण माह में 7.78 करोड़ संवदेनशील गतिविधि की गयी थी। इसकी तैयारी को अन्तिम रूप देने के लिए मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के सचिव कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग आदि के साथ समीक्षा बैठक की गई। - बच्चों के विकास के लिए चलेगा विशेष अभियान इस बार पोषण माह के दौरान हर बच्चे के पोषण की ट्रैकिंग की जाएगी। यह भी बताया जाएगा कि कि बच्चों को क्या खिलाना चाहिए? इस क्रम में छह साल तक के सभी बच्चे की वृद्धि की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, माताओं व उनके परिवारजनों को भी बच्चों को मां का दूध पिलाने के महत्व के प्रति जागरूकता किया जाएगा। छह माह तक के बच्चे को सिर्फ मां के दूध व 6 माह पूर्ण होने के बाद माँ के दूध के साथ-साथ ऊपरी आहार खिलाने और 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखने के लिए बताया जाएगा। - पोषण भी और पढ़ाई भी पर चलेगा विशेष अभियान पोषण माह के दौरान पोषण भी और पढ़ाई भी पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 0-3 साल के बच्चों के प्रारम्भिक उत्प्रेरण हेतु नवचेतना और आंगनवाड़ी केन्द्रों में तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए

सूबे में कोई भी गरीब परिवार बेघर नहीं रहेगा:श्रवण

मंत्रीने कहा-भूमिहीन गरीबों को जमीन उपलब्ध करा रही सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार हर तबके के लिए काम कर रही है। सीएम नीतीश गरीब परिवारों के बेहतर सुख सुविधा देने के लिए हर समय चिंतित रहते हैं। मंत्री ने उक्त बातें मंगलवार को राजगीर प्रखंड के 39 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा वितरण करते हुए कही। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार मौजूद रहें। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए हमेशा तत्परता से काम करती है। कोई गरीब परिवार घर से बेघर ना हो इसके लिए लोगों को समय-समय पर रहने के लिए जमीन वह पर्चा भी उपलब्ध कराती है। लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य,चिकित्सा, शिक्षा हर लोगों को दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं सरकार आपदा से पीड़ित परिवारों को चार लाख की सहायता राशि परिवार लोगों को दी जा रही है। राजगीर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हुई आपदा से घटित घटनाओं में तीन लोगों को बीस बीस हजार रुपए का चेक दिया गया। जिसमें पटेल नगर के मुन्नी देवी, रसलपुर जयरानी देवी, एवं हसनपुर गांव के रेखा देवी को सहायता राशि का चेक दी गई है। मंत्री ने कहा कि आप लोग सरकार पर हमेशा भरोसा रखें कोई परिवार घर से बेघर नहीं होगा। जिसके पास जमीन नहीं है, उसे जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिनके पास जमीन है उसको दखल कब्जा का पर्चा भी दी जा रही है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा सरकार के द्वारा जो भूमिहीन परिवारों को पर्चा दी जा रही है और जो छूट गए हैं उन्हें भी जोड़ने का काम किया जा जाएगा। सांसद ने कहा कि आप लोग अच्छे से रहकर अपने बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें ताकि पढ़ लिखकर एक समाज का अच्छा नागरिक बन सके। भूमिहीन परिवारोंको मे बरनौसा, मेयार, झालर, दोगी, रटना आदि गांव के लोगों को जमीन का पर्चा दिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ओमकेश्वर, डीसीएलआर उपेंद्र सिंह,अंचलाधिकारी अनुज कुमार, वीडियो मुकेश कुमार, के अलावे जनप्रतिनिधियों में पूर्व जिला परिषद सदस्य अनीता गहलोत, पैक्स अध्यक्ष अलेन्दर, जदयू नेता मुन्ना कुमार,जयराम सिंह सहित ग्रामीण क्षेत्रके लोग शामिल हुए।

राजस्व की लूट करने वालों पर खनन विभाग करेगा सख्त कार्रवाई : विजय

पथ निर्माण सहित सभी वर्क डिपार्टमेंट से जुड़े संवेदकों के चालान की होगी जांच

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजस्व की लूट करने वालों पर खनन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। मंत्री ने कहा कि पथ निर्माण विभाग सहित सभी विभागों के द्वारा उपयोग में लाये गए लघु खनिजों के चालानों का अब होगा सत्यापन। चालानों का डुप्लीकेसी/दुरूपयोग पर संवेदकों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। वर्त्तमान में राज्यान्तर्गत कुल- 304 पीले बालू के एवं 65 उजले बालू के बालूघाटों की सफलतापूर्वक नीलामी सम्पन्न हो चुकी है। इनमें से कुल- 237 बालूघाटों को पर्यावरणीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्य विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं में लघु खनिजों मुख्यतः बालू, गिट्टी एवं मिट्टी का व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाता है। खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा राज्यान्तर्गत सभी कार्य विभागों के संवेदकों के द्वारा वैध रूप से उत्खनित खनिजों का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु खान एवं भूतत्व विभाग के तरफ से पत्र जारी कर सभी कार्य विभागों से यह अनुरोध किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 (जून 2024 तक) में उनके विभागों के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं में उपयोग किये जा रहे लघु खनिजों मुख्यतः बालू एवं गिट्टी की मात्रा एवं उनसे संबंधित चालानों की पूर्ण विवरणी खान एवं भूतत्व विभाग को उपलब्ध करायेंगे। उक्त सभी चालानों का खान एवं भूतत्व विभाग के पोर्टल खनन सॉफ्ट के माध्यम से सत्यापन किया जायेगा। इससे चालानों की वैधता के साथ-साथ यह भी पता चल सकेगा कि एक ही चालान का विभिन्न विभागों के अन्तर्गत संचालित भिन्न-भिन्न परियोजनाओं में उपयोग तो नहीं किया जा रहा है। इससे अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों को नियंत्रित किया जा सकेगा एवं वैध चालान के माध्यम से लघु खनिजों का क्रय करने वाले संवेदकों को प्रोत्साहन मिलेगा। इन सबके परिणामस्वरूप सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी भी होगी। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ महीनों से खान एवं भूतत्व विभाग के द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाईयाँ की जा रही है। साथ ही, विभाग द्वारा विभिन्न नवीनतम तकनीकों को अपनाते हुए अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा रहा है।

केन्द्र सरकार को जातिगत जनगणना कराने पर मजबूर कर देंगे : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पूरे देश में जाति जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार केन्द्र सरकार पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर तेजस्वी ने ट्विट कर जातीय जनगणना कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दे दी है कि वो किसी भी हाल में पीएम मोदी को जातिगत जनगणना कराने के लिए मजबूर कर देंगे। तेजस्वी यादव ने एक बार फिर ट्विट कर केंद्र की मोदी सरकार को खुली चुनौती दे दी है। दरअसल, तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, जातिगत जनगणना की हमारी बहुत पुरानी माँग है। लालू प्रसाद जब जनता दल के अध्यक्ष थे तभी से यह हमारी माँग रही है। उसी का परिणाम रहा कि जनता दल की संयुक्त मोर्चा सरकार ने 1996-97में 2001 की जनगणना में जातिगत गणना कराने का निर्णय भी लिया था लेकिन 1999 में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर उन्होंने वह निर्णय पलट दिया। नीतीश कुमार जी भी वाजपेयी जी नेतृत्व में उसी एनडीए कैबिनेट का हिस्सा थे।

उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना से पूर्व उसमें जातिगत जनगणना की माँग को लेकर 2010 में लालू प्रसाद सहित प्रमुख समाजवादियों ने संसद में पुरजोर तरीके से अपनी बात रख तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा जातिगत गणना/सामाजिक आर्थिक सर्वे कराने की स्वीकृति देने के बाद ही संसद चलने दी थी। तेजस्वी ने कहा कि, एनडीए/बीजेपी सरकार ने 10 वर्षों बाद होने वाली 2021 की जनगणना भी नहीं कराई। हमने तो केवल 17 महीनों के अल्प सेवाकाल में बिहार में जाति आधारित गणना करा और उसी अनुपात में आरक्षण भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि, अगर इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना नहीं कराई तो वंचित, उपेक्षित, उत्पीड़ित और उपहासित वर्गों के लोग भाजपाइयों को क्षेत्र में नहीं घुसने देंगे। बीजेपी को समर्थन दे रहे क्षेत्रीय दल बिना रीढ़ के हड्डी के सिद्धांतहीन लोगों के हाथ में है। वहीं तेजस्वी यादव ने खुली चुनौती देते हुए कहा कि, मोदी जी, देख लेना हम आपको जातिगत जनगणना कराने पर मजबूर करेंगे ही करेंगे।

सूबे में पूरा सिस्टम खत्म : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के मामले पर नेता प्रतिपक्ष के तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई कहीं जाए उससे फर्क नहीं पड़ने वाला है उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी तो लोग गए थे क्या हुआ। अररिया में चोरी मामले में पकड़े गए युवक के साथ अमानवीय घटना पर उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। मैं लगातार कह रहा हूं कि बिहार में पूरा सिस्टम खत्म हो गया। पूरी तरीके से पुलिस को जब तक पावर नहीं देंगे कुछ नहीं होगा।

पार्टी की विचारधारा को सदन में मजबूती से रखेंगे मनन मिश्र : जायसवाल

पार्टी जो भी दायित्व देगी उसे बखूबी निर्वहन करने की कोशिश करूंगा : मनन

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने पर उपेंद्र कुशवाहा, मनन मिश्र को दी बधाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचित एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्र को जीत की बधाई देते हुए कहा कि दोनों अनुभवी है और समाजसेवा के क्षेत्र में काफी काम किया है। उन्होंने कहा कि जीत का प्रमाणपत्र मिलने के बाद नवनिर्वाचित सांसदों के साथ मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि मनन मिश्र देश के जाने माने अधिवक्ता हैं। इनका प्रोफेशनल कैरियर पटना उच्च न्यायालय से शुरू हुआ और आज सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे है। साथ ही यह बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन के रूप में 2012 से दायित्व निभा रहे हैं। यानी छह बार यह चेयरमैन चुने गए। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने बतौर राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में इनका चयन किया और आज यह निर्वाचित भी घोषित कर दिए गए। भाजपा अध्यक्ष ने दावा करते हुए कहा कि इनके सदन में जाने से पार्टी और मजबूत होगी तथा देश और विदेश के लोग भी देखेंगे कि विद्वान और प्रखर वक्ता भाजपा की ओर से सांसद बनकर आए हैं। इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद मनन मिश्र ने कहा कि कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और अपने वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करूंगा। जो भी जिम्मेदारी राज्यसभा सांसद और पार्टी कार्यकर्ता के रूप में पार्टी नेताओं द्वारा दी जाएगी उसका निर्वहन करने का बखूबी प्रयास करूंगा। इस प्रेस वार्ता में शाहाबाद सह क्षेत्रीय प्रभारी अशोक भट्ट, भाजपा के मीडिया सह प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु,सुरज पांडेय ,प्रभात मालाकार, सुमित शशांक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामाकांत भी उपस्थित रहे।

नीतीश कुमार ने प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया : जमा खां

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जनाब जमा खां ने कहा है कि विगत 19 वर्षों के शासनकाल में हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा को भी कायम रखने का काम किया है। मंत्री मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान मंत्री ने कहा कि राजद ने एम-वाई समीकरण के आड़ में प्रदेश की जनता को लूटने का काम किया। लालू परिवार को आम लोगों की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है। अपने परिवार के सदस्यों को लाभ पहुंचाना उनकी एकमात्र प्राथमिकता रही है। जबकि नीतीश कुमार सभी के लिए काम करते हैं और सभी का सम्मान भी करते हैं। वहीं, पत्रकारों से जुड़े सवाल पर कहा कि वक्फ बोर्ड संसोधन विधेयक संबंधित विषयों पर तमाम मुस्लिम संगठनों एवं उलेमाओं ने कल की बैठक में अपनी चिंताओं से पार्टी के शीर्ष नेताओं को अवगत कराया। हमारी पार्टी की ओर से उन तमाम बिंदुओं को संयुक्त प्रवर समिति के समक्ष रखा जाएगा। इससे पले मंत्री जमा खां ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुचें आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पार्टी के वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

राज्यसभा सांसद चुने जाने पर उपेन्द्र कुशवाहा को पार्टी नेताओं ने दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा को एन.डी.ए गठबंधन की ओर से देश का सर्वोच्च सदन राज्यसभा में निर्विरोध सांसद चुने जाने पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, विकासपुरुष मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार व रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा समेत एनडीए गठबंधन के सभी नेतोओं को बधाई दिया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा जी को एनडीए गठबंधन की ओर से यह अवसर मिलने पर भारत को विकसित राष्ट्र और बिहार को एक विकसित राज्य बनाने के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक एक कार्यकर्ता का योगदान मजबूती से संकल्पित रहेगो रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा को निर्विरोध सांसद चुने जाने पर बधाई देने वालों में पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डा रणविजय सिंह, जीतेन्द्र नाथ पटेल, शंकर झा आजाद, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद, राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक समेत सैकड़ो नेता प्रमुख है।

अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करेगी कांग्रेस :अखिलेश

- उमैर खान ने ग्रहण किया कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन का पद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन जनाब उमैर खान का मनोनयन के बाद मंगलवार को पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भव्य कार्यक्रम में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि उमैर खान युवा हैं और उन्हें ऐसे वक्त पर कांग्रेस में जिम्मेदारी मिली है जब बिहार में विधानसभा चुनावों की तैयारी जोर पकड़ने वाली है। उनके ऊपर बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी है जिसका उनको निर्वहन पूरी मुस्तैदी के साथ करना होगा। देश में अल्पसंख्यक वर्ग के साथ लगातार केंद्र की सरकार का बदसलूकी करना उनके अधिकारों का हनन करना और धार्मिक प्रतिबंध की अघोषित व्यवस्था स्थापित करने वालों के खिलाफ मुस्तैदी से लड़ना है। विधानमंडल में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि देश में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा की गारंटी हमारे नेता राहुल गांधी ने दी है और अल्पसंख्यक विभाग को उनके हक हुकूक की लड़ाई लड़नी है। पदभार ग्रहण करने के बाद अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त प्रदेश चेयरमैन उमैर खान ने कहा कि इस जिम्मेदारी के निर्वहन में मैं पूरी तरीके से अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के रक्षा में संघर्ष करूंगा। मंच का संचालन अल्पसंख्यक विभाग के निवर्तमान चेयरमैन मिन्नत रहमानी ने किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, कृपानाथ पाठक, डा समीर कुमार सिंह, विधायक राजेश कुमार, प्रतिमा कुमारी दास, इजहारूल हुसैन, मुन्ना तिवारी, आनन्द शंकर, अफाक आलम,कोषाध्यक्ष निर्मलेन्दु वर्मा, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़,पूर्व विधायक लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

सोशल मीडिया एक्टिविस्ट बन कर रह गए है नेता प्रतिपक्ष : अरविन्द

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव अपने विधानसभा क्षेत्र का तो शुद्ध लेते नहीं वें भला बिहार की जनता का क्या चिन्ता करेंगे। तेजस्वी यादव तो सिर्फ सोशल मीडिया पर नजर आते हैं अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर की जनता के बीच में नहीं, जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के जनता के बीच में होना चाहिए था वह सिर्फ सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं। वहीं, तेज प्रताप यादव जी जो महुआ की जनता को तो भूल ही गए हैं कम से कम हसनपुर कि जनता की चिंता करनी चाहिए थी। उनके बीच में उनके सुख-दुख में अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच में रहना चाहिए था वह भी सिर्फ सोशल मीडिया पर एक्टिविस्ट बन कर रह गए है। वें सिर्फ रील बनाने में व्यस्त रहते हैं जिन्हें रियल दुनिया में अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच में व्यस्त रहना चाहिए था वह सोशल मीडिया की दुनिया में व्यस्त रहते है और अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख की कोई सूध नहीं हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि एनडीए सरकार पर उंगली उठाने से पहले तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव जरा अपने विधानसभा क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों का, तथा अपने पिता के कार्यकाल में हुए अपहरण और हत्या, नरसंहारों का भी लिस्ट जारी करें। वहीं, एनडीए सरकार ने अपने अथक प्रयास से बिहार में बड़े रिफॉर्म्स जमीन पर उतारे है।

राजद कार्यालय में मना प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद का 55 वां जन्मदिन

- जगदानंद सिंह की उपस्थिति में केक काटा गया, बधाई देने वालों का तांता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद का जन्मदिन प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के आशीर्वचन से केक काटकर नेताओं और कार्यकताओं के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने एजाज अहमद को शाल और बुके देकर सम्मानित किया और उनकी हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनीलसिंह, राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष मो कामरान मलिक, प्रदेश प्रवक्ता अरुण यादव, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, निराला यादव ,फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव,डॉ प्रेम कुमार गुप्ता,भाई अरुण कुमार, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव,निर्भय अंबेडकर, कुमर राय, उपेंद्र चंद्रवंशी, शिवेंद्र तांती, निरंजन चंद्रवंशी,गणेश यादव, अजय कुमार यादव, जॉनसन पेन, चंदन कुमार ठाकुर, बिन्दन यादव, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु भी इस खुशी के मौके पर शामिल हुए और एक दूसरे को केक और मिठाईयां खिलाकर बधाई दी।

बिहार में एनडीए की सरकार बनाना लक्ष्य : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर अपने कार्यकताओं और नेताओ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है और लिखा है कि एक बार पुनः आप सभी ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं विश्वास दिलाता हूं की आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आप सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के विश्वास की डोर कभी टूटने नहीं दूंगा। अभी विधानसभा चुनाव सामने है, और जिस तरीके से हमलोगों ने लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत हासिल की, उसी प्रकार विधानसभा चुनाव में भी सभी सीटें जीतकर एकबार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनाना हमारा लक्ष्य है। मुझे अब भी 2021 का वह दिन याद है, जब संघर्षों के दौर से गुजर रहा था। मेरी पार्टी तोड़ दी गई, मुझे सभी पदों से हटा दिया गया। मेरी राजनीतिक पारी पर विराम लगाने की कोशिश की गई। लेकिन, यह आपलोगों का स्नेह, समर्थन और विश्वास ही था कि आपलोगों ने मुझे ना टूटने दिया और ना ही झुकने दिया। आपलोगों ने समर्पण भाव से मेहनत की और आज परिणाम सबके सामने है। एकबार पुनः आपसभी ने मुझपर भरोसा जताकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। मैं, आप सभी सम्मानित पार्टी पदाधिकारियों और निष्ठावान कार्यकताओं का आभारी रहूंगा। श्रद्धेय रामविलास पासवान जी के सपनों को पूरा के लिए हम सभी संकल्पित है, उनके सपनों का विजन बिहार फर्स्ट - बिहारी फर्स्ट को बिहार के हर घर तक पहुंचाना एक मात्र लक्ष्य है। और ये आप सभी के साथ और सहयोग से ही संभव है। मैं आग्रह करता हूं की आइए हम मिलकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को एक नई उंचाई दें।

पर्यटन सह उद्योग मंत्री ने भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारियों से की मुलाकात

पटना। पर्यटन सह उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने उद्योग विभाग के कार्यालय कक्ष में भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारीगण शारिक बद्र, विक्रम वर्धन एवं अविनाश कुमार सिंह से मुलाकात की। मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण-1 कार्यक्रम हेतु बिहार राज्य के 5 दिवसीय भ्रमण के क्रम में भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारीगण शारिक बद्र, विक्रम वर्धन एवं अविनाश कुमार सिंह ने मंगलवार को उद्योग विभाग के कार्यालय कक्ष पर्यटन सह उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने बिहार सरकार के उद्योग एवं पर्यटन नीतियों पर चर्चा करते हुए बिहार में हो रहे पर्यटकीय एवं औद्योगिक विकास से पदाधिकारीगण को अवगत कराया। साथ ही बिहार को पर्यटन क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर भी विस्तृत चर्चा की।

एफपीओ के माध्यम से बढेगी किसानों की आय

बिहार में नये किसान उत्पादक समूहों के गठन में लाई जायेगी तेजी : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि भवन के सभागार में भारत सरकार की योजनान्तर्गत अबतक बनाये गये किसान उत्पादक समूह से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में एफपीओ निर्माण से संबंधित कुल छः क्रियान्वयन एजेन्सियों नाबार्ड, नेफेड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, लघु कृषक कृषि व्यापार संघ, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एवं ग्रामीण मूल्य श्रृंखलाओं के विकास के लिए फाउण्डेशन के प्रतिनिधि के साथ-साथ 65 कलस्टर आधारित व्यापार संगठन तथा 06 कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री द्वारा सभी क्रियान्वयन एजेन्सियों के 65 सीबीबीओ के तहत कुल 608 एफपीओ के कार्यों की समीक्षा किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने तथा किसानों एवं बाजार के बीच में बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने के उद्देश्य से पूरे भारत में 10 हजार एफपीओ बनाने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके तहत बिहार को कुल 694 एफपीओ का लक्ष्य मिला है जिसमें से अभी तक 608 एफपीओ का निर्माण हो गया है। जिसमें राज्य के लगभग 1,51,887 किसान शेयर धारक के रूप में सम्मिलित हैं। राज्य में एफपीओ के निर्माण हेतु किसानों को सहयोग करने तथा किसानों को इसके लिए प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मार्केट लिंकेज स्थापित करने के लिए कुल 65 एजेन्सियों को सीबीबीओ के रूप में कार्य करने हेतु चयनित किया गया है। यदि सीबीबीओ अच्छे से काम करेंगे तो एफपीओ भी अच्छा से काम करेगा। उन्होंने कहा कि सदस्य किसानों के अनुरूप टर्नओवर संतोषजनक नहीं है। किसानों के जीवनशैली में सुधार होना चाहिए। सदस्य किसानों को व्यवसाय उन्मुख करना पड़ेगा। मंत्री ने सभी क्रियान्वयन एजेंसियों से पूछा की आपने एफपीओ के साथ अंतिम बैठक कब किया है तथा किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार से संबंधित मूल्यांकन कब किया। प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। श्री पाण्डेय ने सभी क्रियान्वयन एजेंसियों को एक निश्चित अंतराल पर एफपीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि एफपीओ के टर्नओवर बढ़ाने, किसानों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने, उत्पादों का मूल्य संवर्द्धन करने, किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता तथा क्षमता संवर्द्धन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में नये किसान उत्पादक समूह का गठन में तेजी लाई जायेगी। विभागीय सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी सीबीबीओ/क्रियान्वयन एजेंसी अपना लक्ष्य पूरा करे। प्रदर्शन में सुधार नहीं करने वाले सीबीबीओ को कालीसूची में डाला जा सकता है। उन्होंने कहा एफपीओ द्वारा अपने उत्पादों का प्रसंस्करण, विपणन तथा मूल्य संवर्द्धन किया जाना है। इसमें सभी सीबीबीओ को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता होगी। इस अवसर पर कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

24 घंटे का हरि संकीर्तन प्रारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ जिसका समापन बुधवार को प्रातः 9:00 बजे होगा। सर्वप्रथम गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर डॉक्टर रणवीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी सौभाग्यवती नम्रता के साथ हरिनाम संकीर्तन का संकल्प लिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं महा आरती मंगलवार की मध्य रात्रि में 12:00 बजे संपन्न हुआ। इसके बाद स्तुति के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर नंदन ने बताया कि आज पूरे दिन भादो कृष्ण पक्ष अष्टमी के रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव में अपार लोगों की भीड़ उपस्थित हुई एवं श्रीकृष्ण महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। और लोग उत्साह से हरि संकीर्तन में शामिल हुए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग

राजवंशी नगर, पटना–800023

Email ID:-ee.patliputra.bcd@gmail.com

शुद्धि–पत्र (Corrigendum)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–18 वर्ष 2024–25 है, के माध्यम से भवन निर्माण विभाग के अधीन Proposed Pref-fab Office in the Campus of special Vigliance unit at D.P. Rai Including Civil, Electrical, Water supply 7 Sanitary Etc. all Complete job as per Direction of E.I. On Turnkey Basis for the year 2024-25. कार्य के लिए एजेन्सी चयन हेतु ई–कोटेशन प्रकाशित किया गया था, जिसका पी0आर संख्या:–003348 (BCD) 2024-25 है, में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नरूपेण है:–

1) ई–कोटेशन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई प्रोक्युमेन्ट– 2 Toll Free No-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।
2) E-Proc2 के निहित निविदा संबंधित सभी शर्ते लागु होंगे।
3) प्रकाशित ई–कोटेशन में Bid Processing Fee as per site लागु होंगे।
4) उक्त ई–कोटेशन की तिथि में आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्नवत है:–

क्र. सं		पूर्व संशोधित तिथि एवं समय	वर्तमान में संशोधित तिथि एवं समय
1	कोटेशन कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक–24.08.2024 को 15:00 बजे तक।	दिनांक–31.08.2024 को 15:00 बजे तक।
2	कोटेशन जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक–27.08.2024 को 15:00 बजे तक।	दिनांक–04.09.2024 को 15:00 बजे तक।
3	कोटेशन की वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–30.08.2024 को 15:30 बजे।	दिनांक–09.09.2024 को 15:30 बजे।

संक्षिप्त खबरें

अवैध मादक पदार्थ के साथ एक महिला सहित 9 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर।नशे केविरूद्ध मुजफ्फरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ के साथ कुल 09 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है।वरीय पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर केनिर्देशन मेंनशे केविरूद्ध मुजफ्फरपुर पुलिस का अभियान जारी है एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं मादक पदार्थों की बराम की जा रही है।इसी सिलसिले में अभियान के तहत सदर थाना की टीम द्वारा सूर्यदेव राय पे० रामसिवर राय ग्राम -बहोअरा थाना करजा जिला मुजफ्फरपुर को 59 ग्राम गांजा के साथ एवं . धीरज कुमार पिता किशोरी साह सा० घटा करताहा जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया है। अहियापुर थाना की टीम द्वारा भी त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त बलीराम कुमार , रामप्रवेश सहनी ,दीपक कुमार,सुरेश कुमार ,संजय साह एवं शीला देवी को गिरफ्तार किया गया है।इनके पास से नगद 28 हजार 750 रुपये समेत 59ग्राम गांजा, 96.32ग्राम स्मैक और 4मोबाईल बरामद किया गया है।

श्रीकृष्णा भगवान संपूर्ण जगत के पालनहार है : अश्वनी यादव

हायाघाट(दरभंगा)।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर हायाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मल्लहीपट्टी उत्तरी पंचायत के रतनपुरा गांव में श्री कृष्ण पुजन उत्सव के शुभ अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा प्रभारी अश्वनी यादव शामिल हुए एवं संपूर्ण जगत के पालनहार भगवान श्री कृष्ण से आशीर्वाद प्राप्त किये।इस शुभ अवसर पर पुजा कमिटी के ओर से अश्वनी यादव , जिला प्रवक्ता शिवशंकर सिंह एवं किसान मोर्चा के जिला मंत्री पंकज सिंह का मिथिला परंपरा अनुसार पाग चादर से सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर अश्वनी यादव ने सभी हायाघाट विधानसभा वासी सहित समस्त ग्रामवासी को श्री कृष्ण जन्मअष्टमी कि शुभकामनाएं दिये।मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष यशवंत कुमार ठाकुर, त्रिलोक नाथ राय,परशुराम ठाकुर,संजय श्रीवास्तव, मनीष कुमार एवं पुजा कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

अंचल क्षेत्र के विभिन्न मौजा में आम सभा का आयोजन

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका अंचल अंतर्गत सभी राजस्व मौजा में आम सभा शिविर आयोजित कर रैयतो को जागरूक करने का कार्य जारी है। रहिका अंचल अंतर्गत जिस राजस्व मौजा मे आम सभा शिविर संपन्न किया गया है। वैसे मौजा के रैयतों को एक माह के समय सीमा मे भूमि संबंधित विभिन्न दस्तावेज एवं कागजात सरकार भवन कार्यालय ककरौल में आफ लाइन जमा करना है। विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए आनलाइन आवेदन पत्र भी जमा कर सकते है। दोनों स्थिति में आवेदन की रिसिविंग रखना जरूरी होगा। रहिका अंचल के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी व कानूनगो ने बताया कि पूर्वजो के नाम पर खतियान को वंशावली बनाकर वर्तमान जमीन का बंटवारा कर आवेदन फार्म जमा करना है। बंटवारा में वंशावली के आधार पर सभी भागीदार का हस्ताक्षर कानूनगो के समक्ष उपस्थित होकर करना है। बंटवारा के लिए पचास रूपए के स्टाम्प पेपर पर भूमि का खाता,खेसरा एवं रकवा को दशार्ना होगा।रैयतो को खतियान नया व पुराने के साथ राजस्व रशीद भी जमा करना होगा।रैयत किसी भी प्रकार के कागजात भूमि संबंधित दस्तावेज देते हैं तो उन सभी कागजातों को अंचल कार्यालय के अभिलेख से जांच किया जाएगा।

जिरौल गॉव में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के जिरौल गॉव में छः दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजनोत्सव को लेकर सोमवार को कमिटी के तत्वावधान में 251 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई।इस दौरान सभी कृष्ण भगवान की जय,राधा माता की जय,कमला माता की जय,हनुमान जी की जय के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे।पूजा स्थल से निकाली गई कलश यात्रा बेनीपट्टी-उमागॉव मुख्य सड़क होते हुए जिरौल चौक रास्ते सोनैया पोखर तक पहुंची, जहां नदी से जल लेकर पुनः उसी रास्ते ब्रह्म बाबा को पूजा कर पूजा स्थल पर पहुंची। फिर रामजानकी मंदिर कमिटी के सदस्य द्वारा मीठा पेयजल व्यवस्था की गई थी सभी कन्या कुमारी ने पेयजल सरबत पी व प्रसाद लेकर अपने अपने घर गई।इस मौके पर कमिटी के अध्यक्ष ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी कृष्ण जन्माष्टमी पूजा बड़ी ही धूमधाम से जिरौल गॉव के रामजानकी मंदिर में मनाया जा रहा है। यह पूजा का आयोजन कई वर्षों से यहाँ हो रहा है। कलश यात्रा

दोनार आरओबी का निर्माण कार्य प्रारंभ करने को लेकर मुख्यमंत्री से मिले नगर विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार सरकार की ओर से आरओबी निर्माण को लेकर राज्यांश के रूप में पर्याप्त राशि की प्रशासनिक स्वीकृति बिहार सरकार के कैबिनेट से दिलाने को लेकर मंगलवार को विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पाग चादर पहना कर मिथिलांचल की संस्कृति के अनुसार सम्मानित करते हुए आभार जताया। मंगलवार को श्री सरावगी ने ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें सम्मानित करने के उपरांत दोनार आरओबी निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराने को लेकर उनसे अनुरोध किया। साथ ही शहर में अन्य सभी आर ओ बी निर्माण में भी गति लाने को लेकर भी अनुरोध किया। नगर विधायक ने मुख्यमंत्री से शहर वासियों को सुविधा दिलाने की दिशा में ड्रेनेज सिस्टम जिससे जल जमाव से मुक्ति मिले ,इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 270 करोड़ की राशि विगत डेढ़ वर्षो से स्वीकृत है लेकिन कार्य की गति अत्यंत धीमी है। 130 करोड़ रुपए की राशि जल संकट से निजात दिलाने को लेकर जलापूर्ति योजना के लिए स्वीकृत है लेकिन कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।

वहीं दूसरी ओर दिल्ली मोर स्थित बस स्टैंड के आधुनिकीकरण को लेकर 92 करोड़ की राशि का डीपीआर जमा है। स्वीकृति की प्रत्याशा में है। शहर के चारों प्रमुख तालाबों हराही, दिग्घी, गंगासागर तथा मिर्जा खां तालाब के सौंदरीकरण कार्य की स्वीकृति दी जा चुकी है। लेकिन इस दिशा में कोई कार्य होता दिखाई नहीं दे रहा है।श्मशान घाट शुभंकरपुर में 10करोड की राशि से विकास का कार्य चल रहा है लेकिन अत्यंत धीमी गति से कार्य होता दिखाई दे रहा है। शहर के विकास से संबंधित इन सभी योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देने का अनुरोध मुख्यमंत्री से नगर विधायक ने किया है।

मालूम हो कि श्री सरावगी के प्रयास से शहर वासियों को जल जमाव से मुक्ति दिलाने को लेकर भी वर्षों से ड्रेनेज सिस्टम को लेकर प्रयास जारी है। शहर में भूगर्भीय नाला निर्माण को लेकर भी नगर विधायक वर्षों से लगे हुए हैं। वहीं शहर वासियों को जल संकट से मुक्ति दिलाने को लेकर श्री सरावगी लगातार योजनाओं की गंभीरता पर ध्यान दिए हुए हैं। बारी-बारी से वार्डों में जलापूर्ति योजना को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कार्य जारी है। श्री सरावगी ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें शहर वासियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में भी कई अनुरोध किया। बताते चलें कि शहर के अधिकांश वार्डो में पीने के पानी का संकट गर्मी के आरंभ होते ही आरंभ हो जाता है। शहर वासियों को पेय जल का संकट नहीं हो इसको लेकर श्री सरावगी बरसों से सक्रिय रहे हैं।

भाकपा ने की नेउरा गोलीकांड के हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल विगत शनिवार को मीनापुर के छेगन नेउरा में नन्दलाल साह के किराना दुकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मृतक पूर्व सरपंच विजय प्रभाकर के परिजनों तथा गोलीबारी में गंभीर जख्मी व्यवसायी नन्दलाल साह के परिवारजनों से मिलकर घटना की तीखी भर्त्सना की तथा हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की प्रशासन से मांग की। विदित हो कि विगत शनिवार को चार अपराधकर्मी मोटर साईकिल पर किराना व्यवसायी नन्दलाल साह, उनके पुत्र नीरज को दुकान में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी की आवाज सुनकर पूर्व सरपंच विजय प्रभाकर दौड़े घटनास्थल की ओर आए तो अपराधकर्मियों ने उन्हें भी गोली मार दी। इलाज के दौरान पूर्व सरपंच विजय प्रभाकर की मृत्यु हो गई और नन्दलाल साह और उनके पुत्र नीरज वेंटिलेटर पर जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। इस वारदात से इलाके में खौफ और दहशत कायम हो गया है। घटना के बाद से ही नेउरा बाजार बंद है। आम स्थानीय लोग भय से घर से बाहर नहीं निकल रहे है। भाकपा प्रतिनिधिमंडल ने मृतक पूर्व सरपंच विजय प्रभाकर के पुत्र शेखर कुमार पत्नी अनिता देवी, गंभीर रूप से जख्मी दुकानदार नन्दलाल साह की पत्नी बेबी देवी,पुत्री रिति कुमारी, दामाद शेखर कुमार सहित मुहल्ला के अन्य लोगों से वास्तविकता की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल के प्रतिवेदन के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए तथा सरकारी नौकरी देने, जख्मी पिता-पुत्र के इलाज के लिए पचीस लाख रुपए तथा सुरक्षा की मांग की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हमलावरों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने पर बाध्य होगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आपराधिक घटनाओं में हो रहे अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगाने में जिला पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ संघर्ष तेज करेगी।\

गांधी के रास्ते ही समाज में शांति और सद्भाव सम्भव

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।स्थानीय आम गोला स्थित शहनाई विवाह भवन एवं कॉन्फ्रेंस हॉल में सद्भावना मंच मुजफ्फरपुर का पहला जिला सम्मेलन संपन्न हुआ । जिला सम्मेलन दस प्रखंडों से 85 नव मनोनित सदस्यों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के समागम और एक दूसरे से परिचय के उद्देश्य से रखा गया । सम्मेलन का अध्यक्षता सद्भावना मंच के अध्यक्ष लक्षणदेव प्रसाद सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने गांधी के विचारों और गांधी के अमल को समाज में फिर से जिंदा करने की बात कही , जिसके जरिए सद्भाव के भाव को समाज में फिर से स्थापित किया जा सके । मंच के सचिव डा महमुदुल हसन से सद्भावना मंच के एक वर्ष के गतिविधियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अब सद्भावना मंच समाज में बंधुत्व और भाईचारे के भाव को जगाने में जिला स्तर पर तयार हो चुका है बहुत जल्द बाकी बचे प्रखंडों में इसे विस्तार दिया जाएगा और हम जल्द ही इसे लोकप्रिय और जनप्रिय संगठन के रूप में स्थापित करने में सफल होंगे । संयुक्त सचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने सभी नवमनोनित सदस्यों के नामो का घोषणा करते हुए एक दूसरे का परिचय कराया एवं उन्होंने कहा कि हम नगर क्षेत्र से अधिक संख्या में सदस्य बना पाए है और अब हमे ग्रामीण और पंचायत स्तर तक पहुंचना है। सद्भावना मंच के संरक्षक डॉ सैय्यद अबूजर कमालुद्दीन एवं कार्यकारिणी सदस्य हरेराम महतो द्वारा प्रस्तावित किया गया मंच के संविधान एवं विनियम को संयुक्त सचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने सभा में पढ़ कर सुनाया जिसे जिला सदस्यों द्वारा इसे अगली बैठक में संपादित कर पारित करने का सुझाव दिया गया । मंच के उपाध्यक्ष प्रो विजय कुमार जायसवाल ने मंच के संविधान और उसके विनियम के कमियों पर प्रकाश डालते हुए एक समिति बनाने का सुझाव दिया जिसे सर्वसहमति से एक आठ सदस्यीय समिति बनाने का सुझाव दिया जिसे स्वीकृति प्रदान किया गया। कार्यकारिणी एवं नव मनोनित सदस्यों द्वारा अपने संबोधन में .....यथा उपाध्यक्ष वीरेंद्र राय ,उमा शंकर सहनी, मो अली इरफान , विनोद पोद्दार, नीरज कुमार ,हेमनरायण विश्वकर्मा ,आफताब आलम ,शाहिद कमाल , वंदना प्रीतम, मुकेश ठाकुर ,महेंद्र ठाकुर ,प्रो लक्ष्मीकांत ,कॉमरेड इदरीस, अखिलेश कुमार,आनंद पटेल, अविनाश साई आदि ने सद्भाव और विश्व बंधुत्व , समाज कल्याण , समाज में गिरते सेवा भाव , एक दूसरे के सुख दुख में शामिल नहीं होने , मदद और सहयोग के भावनाओं का ह्रास , भारत में बढ़ती वैमनस्यता , धार्मिक असहिष्णुता , अफवाह तंत्र का सक्रिय होना , सामाजिक ताने बाने को तार तार करने में लगे गिरोहों का पदार्फाश करने और उनसे निपटने , भारत के बंधुत्व और भाईचारे के सांस्कृतिक - सामाजिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के विचारों पर प्रकाश डाला गया और इसपर एक ठोस कार्ययोजना को अमल में लाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक हस्साम तारिक ने किया ।

भाजपा के सदस्यता अभियान को सशक्त बनाने में युवा की भूमिका अहम : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)।भारतीय जनता पार्टी पूर्वी मंडल की ओर से सदस्यता अभियान की सफलता को लेकर सिमरी शिक्षक सदन में कार्यकताओं की बैठक आयोजित कर केन्द्र व राज्य सरकार के विकासात्मक कार्य को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।मुख्य अतिथि विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा केवटी विधान सभा के दोनो प्रखंड में भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जो लक्ष्य है वह आप कार्यकर्ताओ के प्रयास से संभव है।

पार्टी को बुथ स्तर तक सशक्ति बनाने को लेकर घर घर डिजिटल माध्यम से सदस्य बनावें जिससे भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी बनी रहे।पहली सितंबर को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी का प्रारंभिक सदस्य बनाकर अभियान का शुभारंभ करेंगे।टॉल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम के बाद डिजिटल प्रारूप से सदस्य बन सकते हैं।आप सभी संघर्षशील साथी हैं जिनके प्रयास से आज भाजपा मिथिलांचल में सदस्यता अभियान को लेकर सजग है।आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर आप सभी समर्पित भावना से घरातल पर भाजपा की नींव को मजबूत कर एक सशक्त भारत के निर्माण में अहम योगदान करें।

राष्ट्र सर्वोपरि है।भारत माता की जय-जयकार के बीच समर्थकों ने भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।मंडल भाजपा अध्यक्ष जटाशंकर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।संचालन भाजयुमों मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह ने किया।जिला भाजपा सदस्यता अभियान समिति सदस्य सुजीत मल्लिक ने कहा भाजपा का सदस्यता अभियान राष्ट्र निर्माण में उपयोगी साबित होगा।युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को समय बद्ध होकर पूर्ण करें।मौके पर पंचायत समिति सदस्य गुड्डू यादव, दिलीप यादव,नरेश मंडल, महामंत्री किशन गुप्ता, चितरंजन मंडल, दीपक महतो,उमेश पासवान, राम दयाल यादव, शंकर राय, राजन तिवारी, नन्द किशोर चौधरी,पवन कर्ण सहित अन्य मौजूद थे।

लर्निंग प्लान और लर्निंग आउटकम पर 5 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामबाग , मुजफ्फरपुर में अधिगम योजना निर्माण एवं अधिगम प्रतिफल पर आज से 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का उद्देश्य डी एल एड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को उनके पाठ्यक्रम में सम्मिलित अधिगम योजना के निर्माण में कुशलता विकसित करना है साथ ही उन्हें अधिगम प्रतिफल की अवधारणा से परिचित करवाना भी है. जिससे प्रशिक्षु लर्निंग आउटकम आधारित सीखने की योजना का निर्माण कर सकें . योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण की कला भावी शिक्षकों के व्यावसायिक दक्षता का एक महत्वपूर्ण भाग है .कक्षा अध्यापन से पूर्व पढ़ाये जाने वाले शीर्षक का कक्षा में कैसे पढ़ाना हैं किन किन सामग्री की अध्यापन के दौरान आवश्यकता पड़ेगी इन सभी आवश्यक बिंदुओं की योजना का पहले से ही निर्माण कर लेना कक्षा अध्यापन के समय आने वाली विभिन्न प्रकार की विद्यार्थियों के सीखने से सम्बंधित समस्याओं के समाधान में शिक्षक की सहायता करती है और समयानुसार छात्र सिखते चलते है और कक्षावार कुशलता का विकास करते रहते है . गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अधिगम योजना निर्माण की कुशलता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है . आज का सत्र डायट प्राचार्या श्रीमती अनामिका कुमारी द्वारा संचालित किया गया. उन्होंने आज के सत्र में सीखना क्या हैं, किसे कहते हैं, अधिगम प्रक्रिया क्या होती है , बच्चे कैसे सीखते है ,सीखने की प्रक्रिया को सरल और मनोरंजकपूर्ण कैसे बनाया जाय पर आधारित थी . कार्यशाला का शुभारंभ डायट प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया . इस अवसर पर व्याख्याता डॉ सरिता शर्मा, श्री पंकज कुमार, श्रीमती द दीपिन्ति कुमारी श्री अर्जुन गिरि, श्री सुजीत कुमार व ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया के अश्वनी पांडेय व धीरज शर्मा उपस्थित थे.

भाजपा के सदस्यता ग्रहण करने वालों में जोश व जुनून देखा जा रहा है : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।एक सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के निमित्त सोमवार को बेनीपुर पश्चिमी में मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी महतो के अध्यक्षता में जिला कार्यशाला की अहम बैठक की गई। जिसमें सदस्यता अभियान को कैसे सुचारू ढंग से लोगों तक पहुंच सके। इसको लेकर विचार विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा के भाजपा के मंडल नेता, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी ने कहा कि सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में हमने ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाने का लक्ष्य रखा हैं। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि पिछली बार के मुकाबले इस बार भाजपा कार्यकताओं के अंदर सदस्यता ग्रहण करवाने हेतु जोश व जुनून देखा गया है और इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले बेहतर करना हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का संगठन अखिल भारतीय स्तर से लेकर बूथ तक है। भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। देश के हर हिस्से में भाजपा का प्रभाव है। 1 सितंबर से जब यह महापर्व शुरू होगा तो हमलोग का लक्ष्य हर घर में भाजपा का सदस्य बनाना है इसके लिए संगठन के अभियान को योजनापूर्वक घर-घर, गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। इसके लिए पार्टी के महापर्व में सब सक्रियता से जुड़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी की नींव है और पार्टी को आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है। हमें प्रतिदिन प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्यों को पार्टी के साथ जोड़ना है, जिससे हमारी पार्टी और भी मजबूत होगी। इस कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य अमरनाथ शर्मा, किसान मोर्चा के मंत्री मुनेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल कर्ण, शिवशंकर मिश्र, दुगार्नंद झा, हीरालाल देव, राजेंद्र झा, संजीव कुमार, अमरनाथ राय आदि कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

अपहरण कर दूष्कर्म करने की जूर्म में तीन को आजीवन कारावास व तीस तीस हजार अर्थदण्ड

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने एक ग्यारह बर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दूष्कर्म करने की जूर्म में तीन दूष्कर्मियों को आजीवन सश्रम कारावास और तीस तीस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वहीं बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना मद से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से पीड़िता को दस लाख रुपये प्रदान करने का निर्णय पारित की गई है।

अदालत ने महिला थानाकांड सं. 15/20 के जी आर केस नं.07/20 के आरोपी एपीएम थानाक्षेत्र के मनोरथा गांव के उमेश लालदेव का पुत्र मायाशंकर लालदेव उर्फ होरिल ,कैलाश लालदेव का पुत्र अंकेश लालदेव,तथा भिखारी लालदेव का पुत्र छोटे लालदेव को मंगलवार को भादवि की धारा 376 डी में आजीवन सश्रम कारावास और दस हजार रुपये अर्थदण्ड, 363 में पांच वर्ष की सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदण्ड, 366 ए में दस वर्ष की कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदण्ड एवं 6 पोक्सो एक्ट में बीस वर्षों की सश्रम कारावास और दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

गत 17 अगस्त को तीनों अभियुक्तों को भादवि की धारा 363,366(ए),376 डीए और पॉक्सो ऐक्ट की धारा 06 में दोषी करार दिया गया था। स्पेशल पीपी विजय कुमार ने बताया कि 2 मार्च 2020को एक 11 बर्षीय बच्ची अपने मां के ननिहाल में एक शादी समारोह में भाग लेने गई थी।

रात के 10 बजे वह आवश्यक क्रिया के लिए एकांत में गई तो उपरोक्त तीनों आरोपियों ने उसे मोटरसाइकिल पर अगवा कर जंगल में ले गया तथा दूष्कर्म किया।परिजनों द्वारा खोज करने पर वह बेहोश मिली।

दुसरे दिन बच्ची ने आप बीती सुनाई।जब बच्ची को शादी स्थल पर लाया गया तो उसने अभियुक्तों की पहचान की।इस घटना की प्राथमिकी पीड़िता के मां केु बयान पर महिला थाना में दर्ज हुई।पीड़िता का 15 दिनों तक इलाज डीएमसीएच में हुई।

उत्तर बिहार के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार को जिलों में अगले 24 से 36घंटों के अंदर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 28से 1 सितंबर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.3 एवं 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 73 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.6 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.7 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.4 एवं दोपहर में 35.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में वर्षा नहीं हुई है। जारी 28 अगस्त-01 सितम्बर, 2024 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,- पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलो में मध्यम बादल छाये रह सकते हैं। अगले 24-36 घंटों के दौरान उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान है। उसके बाद पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण के जिलों को छोड़कर पूवार्नुमनित अवधि में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 33-36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्रीसेल्सियस के आस-पास रह सकता है। 28 अगस्त को पछिया हवा तथा शेष पूवार्नुमानित अवधि में पूरवा हवा चलने का अनुमान है। औसतन 5-10 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि मिट्टी जनित रोग को नष्ट करने तथा स्वस्थ फसलों के उत्पादन हेतु किसान भाई ट्राइकोडरमा फफूंद से मृदा उपचार करें। इसके लिए एक किलोग्राम ट्राइकोडरमा को 100 किलोग्राम भिंगे गोबर की खाद में अच्छी तरह मिलाकर फर्श पर फैलाकर पॉलिथिन से ढक देते है। 6-7 दिनों बाद गोबर खाद मिश्रित ट्राइकोडरमा को खेत की अन्तिम जूताई में शाम के समय समान रुप से प्रयोग करते है। ध्यान दें कि नमीयुक्त गोबर की मिश्रित खाद का तापमान 25-30 डिग्री बनी रहें, इसके लिए बीच-बीच में खाद को उलट-पलट करते रहें। रासायनिक खाद के साथ इसे कदापि नहीं मिलावें।धान की फसल में पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट की निगरानी करें। इस कीट के पिल्लू धान के पत्तियों के दोनो किनारों को रेशमी धागे से जोड़कर उसके अन्दर रहते है तथा पत्तियों की हरीत्तिमा को खाता है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दवा का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से व्यवहार करें। धान की फसल में खैरा बीमारी दिखाई पड़ने पर खेतों में जिंक सल्फेट 5.0 किलोग्राम तथा 2.5 किलोग्राम बुझा चूना का 500 लीटर पानी में घोल बना कर एक हेक्टेयर में आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।धान की फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें। इस कीट की सूंडीयों तनो में घुसकर क्षती पहुंचाती है। प्रारंभिक अवस्था में बीच का भाग भूरापन लिए सूख जाता है, परन्तु निचली पत्तियों हरी रहती है। सूखी पत्तियों को खींचने से वह आसानी से बाहर निकल आती है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए फेरोमोन ट्रैप की 12 ट्रैप प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करे। खेतो में 5 प्रतिशत क्षतिग्रस्त पौधे दिखाई देने पर करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दवा का अथवा फिप्रोंनिल 0.3 जी का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से व्यवहार करें।

तीन दिवसीय साईं झूलेलाल विशेष महोत्सव में देर रात तक भजन में मगन रहे लोग

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में 40 दिवसीय साईं झूलेलाल महोत्सव के अंतिम तीन दिन विशेष उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर सिंधी समाज से जुड़े लोगों के बीच काफी उत्साह है। कटहलबाड़ी स्थित सांई श्री झूलेलाल मंदिर एवं मंदिर में स्थित विभिन्न प्रतिमाओं को फूलों एवं बिजली की लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शहर के कटहलबारी स्थित पूज्य श्री झूलेलाल मंदिर में आज चालीस दिवसों तक चलने वाला झूलेलाल महोत्सव के अड़तीसवें दिन विषेश कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई एवं साईं झूलेलाल की पूजा आराधना के बाद आरती की गई। पुनः संध्या 6 बजे आरती की गई। संध्या 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें आज लखनऊ से आए सोनू भगत एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन गाया गया। भजन संध्या में सोनू भगत एंड पार्टी के कलाकार सोनू भगत ने लाल मेरी पत रखना झूले लालन, मेरी नैया पार लगाना झूलेलाल एवं कृष्ण कुमार ने सिंधी भाषा के भजनों का गायन किया जिससे वहां उपस्थित लोगों ने काफी सराहा एवं उसका आनंद लिया। भजन संध्या के दौरान स्थानीय कलाकार भी अपनी भजन से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करते रहे। उसके बाद भंडारा का वितरण किया गया। देर रात आयोजित भंडारा में सिंधी समाज के मुखिया जगत लाल जुमनानी एवं राजकुमार मारीवाला, जयराम दास, महेश अठवानी, राजकुमार अठवानी, राकेश लखमानी, विजय जुमनानी, निर्मल अठवानी, परमानंद होइयानी, कन्हैया सिंह, मुकेश गंगनानी, कीर्तन लखमानी, गगन होइयानी, उमेश गंगनानी, गोपीचंद रोहड़ा, करण एलानी, पिंकू होइयानी, तुषार मृगवानी, दिनेश गंगनानी समेत बड़ी संख्या में सिन्धी समाज के लोग एवं शहर के अन्य का गणमान्य शामिल हुए।

गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है जनऔषधि केंद्र : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृव में केंद्र सरकार के द्वारा गरीब एवं कमजोर तबके के हितों में सैकड़ों ऐसी योजनाऐं चल रही है जिससे इनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव दिख रहा है और आने वाले समय में इन योजनाओं के माध्यम से ऐसे वर्गो को हर दृष्टि से आत्म निर्भर बनाने के लिए पहल और प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री जनओषधि केंद्र की। दवाएं सहज और सस्ता इलाज की दृष्टि से गरीबों के लिऐ वरदान साबित हो रहा है। दरभंगा के भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने तारडीह प्रखण्ड के हनुमाननगर पुतई गांव के रामदत्त पासवान द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच उपरोक्त बातें कही। सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी जी के जनऔषधि केंद्र की शुरू करने की। सोच को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में दवाओं की बढ़ती कीमत से मध्यम वर्ग के लोगों को ईलाज करवाना काफी दुष्कर साबित होता है वैसी स्थिति में जन औषधि केंद्र की कम कीमत दवाएं लोगों के ल

संक्षिप्त खबरें

धरहरा मे डूबकर एक व्यक्ति की मौत

धरहरा (मुंगेर)।धरहरा थाना क्षेत्र के मानगढ़ गांव मे बरसाती पानी मे डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक मानगढ़ गांव निवासी स्वर्गीय राम भज्जू राम के 55 वर्षीय पुत्र कामदेव राम था। मृतक शनिवार की शाम घर से शौच करने की बात कहकर निकाला था ।काफी देर बाद भी घर नही लौटने पर परिजन ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। इसी दौरान मानगढ़ बहियार मे पानी मे डूबा उसका शव बरामद हुआ। तत्पश्चात ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को बाहर निकाला गया। परिजनों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस धरहरा को दी । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। वहीं इस संबंध में धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी । मृतक मानसिक रूप से कमजोर था।प्रथम दृष्टिया वर्षा के पानी में डूबने से मौत प्रतीत होता है ।

महिला की हुई मौत पर परिजनों ने अपोलो अस्पताल के बाहर काटा बबाल

मृतिका के पति ने बताया कि अपोलो अस्पताल में बरती गई ऑपरेशन में लापरवाही

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] झाझा हेलाजोत स्थित अपोलो अस्पताल पर एक महिला के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतिका के परिजनों ने मंगलवार को जमकर बबाल काटा। मृतिका की पहचान चंद्रमंडी थानाक्षेत्र के बाघमारा गांव की रहने वाली गिरिजा देवी के रूप में हुई है। मृतिका के पति परमेश्वर साह ने बताया कि मेरी पत्नी के शरीर में कुछ तकलीफ हुआ तो 16 अगस्त को अस्पताल भेजा जहां जांच के बाद बच्चेदानी में मांस बढ़ पेशाब के रास्ते में आ जाने की बात कि जिसके बाद मेरी पत्नी घर चली आई। फिर 18 अगस्त को अस्पताल में भर्ती करवाया जहां रात्रि में तीन डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन किया गया और 12 घंटे के बाद पत्नी के साथ बैठे थे उसके बाद पचास हजार रूपए लेकर दो दिन तक अस्पताल में भर्ती रखा और उसके बाद मेरी पत्नी की स्थिति नाजुक होने पर पटना रेफर कर दिया लेकिन एंबुलेंस चालक जमुई में इमरजेंसी अस्पताल में फिर उतार दिया और फिर वहां पर 36 घंटा रखने के बाद लगभग साठ हजार रूपए लिया लेकिन वहां पर भी स्थिति नाजुक रहने पर परिजनों की सलाह से फिर पटना ले गया जहां पटना में भी लगभग दस हजार रूपए खर्च किया लेकिन सोमवार की देर शाम को मेरी पत्नी की मौत हो गई। मृतिका के पति ने आगे बताया कि अपोलो अस्पताल में मेरी पत्नी के ऑपरेशन में ही पेशाब के रास्ते में नस काट दिया जिससे उसकी स्थिति बिगड़ती चली गई। मृतिका के पति ने बताया कि कुल चार संतान है और मै और मेरी पत्नी मेरे साथ मिलकर कामकाज कर घर की जिम्मेवारी संभाले हुए था। अस्पताल के बाहर परिजनों के द्वारा बबाल किए जाने की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस अस्पताल पहुंचा जिसके बाद परिजन शव को उठाकर अपने गांव लेकर चला गया।हालांकि इस संदर्भ में पीड़ित परिवार के द्वारा किसी भी तरह का कोई आवेदन थाना में नही दिया गया।अपोलो अस्पताल के निदेशक सुभाष कुमार ने बताया कि यहां पर मरीज का बच्चादानी का ऑपरेशन सफलपूर्वक हो गया था। लेकिन पूर्व में मरीज के फेफड़ा में समस्या थी जिसके बारे में परिजनों ने जानकारी नही दिया। फेफड़ा में पानी अधिक जमा होने के कारण महिला की मौत हुई है।

सोनो बाजार की सडकें कीचड़ में तब्दील आमजनों को हो रही भारी कठिनाईयां

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई :सोनो प्रखंड के एकमात्र महत्वपूर्ण बाजारों में सोनो बाजार है ।जहाँ पर दर्जनों गाँव के लोग सामानों की खरीदारी करने आते हैं । लेकिन बारिस का शुभारंभ के साथ ही शितलचट्टी के रास्ते सोनो बाजार जाने वाली मार्ग इस कदर कीचड़ में तब्दील हो गया है कि आप उस रास्ते सोनो बाजार मार्केटिंग करने के लिए पैदल नहीं जा सकते । क्योंकि इस सडक पर एक फीट से लेकर दो फीट तक बने गड्ढे में पानी भरा हुआ है । जहाँ पर दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन भी अपनी माँ के गर्भ में पल रहे बच्चे की तरह संभल कर जाते हुए देखने को मिलेगा ।ज्ञात हो कि इसी मार्ग पर विभिन्न प्रकार के बडे.बडे.थोक विक्रेता की दुकानें हैं , साथ ही गवर्नमेंट की एक बड़ी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया होने के कारण प्रति दिन सेंकड़ों लोगों का आवागमन होता है ।लेकिन इन सड़कों पर बना गढ्ढे और कीचड़ से मुक्ति दिलाने के लिए किसी भी राजनेता या प्रशासन का ध्यान अब तक नहीं जा सकी है। व्यवसाय वर्ग के लोगों ने अविलंब इस सड़क की मरम्मती कराने की मांग जिला प्रशासन से की है ताकि आमजनों को हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सके।

नगर पंचायत के सड़कों पर कीचड़ और जल जमाव से ग्रामीणों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर के अलग-अलग वार्डों के मुख्य सड़कों पर जल जमाव की समस्या से धीरे-धीरे ग्रामीणों में आक्रोश कहलाता जा रहा है। ग्रामीण सड़कों मार्ग पर कीचड़ एवं जलभराव की समस्या से नगर पंचायत वासियों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला नगर पंचायत के झिकुली गाँव के वार्ड संख्या 3 का हैं। जहां गांव के मुख्य सड़क पर लंबे समय से जल जमा और कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर नगर पंचायत प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया और अभिलंब सड़क और नाले का निर्माण कराने की बात रखी। वार्ड वासी श्रवण तांती, प्रदीप कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, विनोद पंडित, नरेश साह, शम्भू साह, रमेश तांती आदि ने बताया कि लंबे समय से गांव के मुख्य रास्ते पर कीचड़ एवं जलभराव की समस्या बनी हुई है।जिसके चलते ग्रामवासियों एवं राहगीरों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दशक से अधिक समय से इस सड़क का निर्माण हुआ हैं और ना नाले का निर्माण किया गया जिसके चलते बरसात के दिनों में घरों एवं गलियों से निकलने वाला पानी सड़क पर एकत्रित हो जाता है और लंबे समय तक जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। बताते चलें कि इसी सड़क पर मध्य विद्यालय झिकुली भी अवस्थित है जहां प्रतिदिन सैकड़ो छात्र छात्राओं को कीचड़ एवं गंदे पानी में होकर विद्यालय जाना पड़ता है।सड़क मार्ग पर कीचड़ होने के कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालक भी गिरकर चोटिल हो गए हैं। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन मूक दर्शक बना बैठा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नाली का निर्माण नहीं होने की वजह से जल निकासी नहीं हो रही है। गांव के मुख्य रास्ते पर कीचड़ एवं जलभराव की समस्या को लेकर लोगों को बरसात के मौसम में बीमारियों का खतरा सताते रहता हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या से स्थानीय विधायक सहित नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वही समस्या को लेकर स्कूली बच्चों ने भी जमकर विरोध जताया और सड़क के साथ-साथ पानी की निकासी के लिए नाली के निर्माण को लेकर आवाज उठाई। वहीं से संदर्भ में वार्ड संख्या तीन के वार्ड पार्षद सरिता देवी ने कहा कि नगर पंचायत के गठन के बाद कोई भी विकास का कार्य नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है इस सड़क के दुर्दशा से पदाधिकारी को अवगत करवाया गया है अब इंतजार इस बात की है कि कब तक यह कार्य पूरा होगा।

मुख्य सड़क के किनारे लोगों ने लगा रखा है स्थाई दुकान

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान महज सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया है। शासन प्रशासन की नाक के नीचे मुख्य सड़क एवं नाला का पूरी तरह से अतिक्रमण कर छोटे छोटे कारोबारियों ने स्थाई रूप से अपना अपना दुकान लगाकर कारोबार करने से पीछे नहीं हट रहे हैं । गौरतलब है कि शहर की पानी निकासी को लेकर बड़ी जद्दोजहद के बाद पक्की नाला का निर्माण शहीद स्मारक से लेकर तारापुर खड़गपुर मुख्य सड़क के किनारे आदर्श उच्च विद्यालय तक साल भर पहले निर्माण कराया गया था । नाला निर्माण काम पूरी होने के बाद से ही दुकानदारों ने बनाए गए पक्की नालों का पूरी तरह से अतिक्रमण कर दुकानों का कचरा फेंककर जाम कर दिया है। जिसके कारण नालों के रास्ते मल मूत्र पानी इत्यादि का निकलना बंद है। पक्की नालों से निकलते दुर्गंध के कारण आस-पड़ोस के लोगों का जीना मुहाल हो कर रह गया है । अतिक्रमण होने के कारण सफाई कर्मियों को इसकी उडाही करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहीद स्मारक प्रतिमा निर्माण के बाद भी स्थानीय प्रशासन अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है । कमोबेश यहीं स्थिति नगर पंचायत के अंतर्गत ईदगाह मैदान गाजीपुर मुख्य सड़क से सटकर निकलने वाली नालों पर आस-पड़ोस के लोगों ने ही पक्का दुकान एवं मकान का निर्माण कर नालों का स्वरूप पूरी तरह से ध्वस्त करके रख दिया है। जिसके कारण सालों भर नाले के रास्ते गंदगी से भरा पानी एवं कचरा निकलना मुश्किल हो जा रहा है। अतिक्रमण के कारण ही शहर की मुख्य सड़कों पर आए हर रोज सुबह से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इधर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार कुमार ने कई बार नगर पंचायत एवं अंचलाधिकारी के माध्यम से अतिक्रमण को हटाया भी है, लेकिन अतिक्रमण हटाने के दो-चार दिन बाद से ही दुकानदार फिर से अपने कारोबार प्रारंभ कर दे रहे हैं । जब तक प्रशासन बिना भेदभाव अपनाए पूरी तरह शहर से अतिक्रमण को नहीं हटाती है तब तक शहर की साफ सफाई एवं बेहतर यातायात बहाल होना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। इतना ही नहीं जिला परिषद बस पड़ाव के भीतर छोटी बड़ी वाहन अपनी गाड़ी खड़ी नहीं कर मुख्य सड़क के किनारे लगाते हैं ।

कुव्यवस्थाओं के दौर से गुजर रहा रामधनी भगत डिग्री कॉलेज संग्रामपुर

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रामधनी भगत डिग्री कॉलेज इन दिनों अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी को चरितार्थ कर रहा है। डिग्री कॉलेज संग्रामपुर में तारापुर और खड़गपुर कॉलेज का परीक्षा केंद्र बनाया गया। 16 अगस्त 2024 से डिग्री कॉलेज में बीए सेमेस्टर 2 के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को परीक्षा केंद्र पर लगभग 1800 सौ छात्र छात्राओं ने परीक्षा देने के लिए केंद्र पर पहुंचा लेकिन केंद्र पर बैठने का जगह नहीं रहने के कारण एक ही बेंच और डेस्क पर कहीं चार तो कहीं तीन छात्र-छात्राओं को बैठाया गया था। इतना ही नहीं जगह की कमी के अभाव में डिग्री कॉलेज से सटे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भी छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने के लिए बैठाया गया था। विधि व्यवस्था के नाम पर डिग्री कॉलेज में व्यवस्थाएं शून्य है। परीक्षा केंद्र को कंट्रोल करने के लिए डिग्री कॉलेज में कर्मियों की भी कमी देखी गई। जिससे परीक्षार्थियों को कंट्रोल करने में कॉलेज प्रशासन विफल साबित हो रहा हैं। मंगलवार को परीक्षा केंद्र पर कुल 18 सौ परीक्षार्थियों के लिए मात्र 1100 ही प्रश्न पत्र विश्वविद्यालय से भेजा गया था ऐसी स्थिति में कॉलेज के द्वारा दो स्टूडेंट के बीच एक प्रश्न पत्र देकर ही परीक्षा दिलवाया जा रहा था। परीक्षार्थियों के द्वारा विरोध करने के पश्चात बाजार से 700 प्रश्न पत्र को प्रिंट करवा कर परीक्षार्थियों के बीच वितरण किया गया और जितना समय प्रिंट करने में लगा उतना समय अवधि परीक्षार्थियों को अधिक दिया गया। एक ही बेंच पर चार परीक्षाथीर्यों को बिठाने से जहां परीक्षार्थियों को पूरे परीक्षा समय अवधि में परेशानियों का सामना करना पड़ा वही भीषण गर्मी के बीच परीक्षार्थी परेशान नजर आए। इस संदर्भ में जब डिग्री कॉलेज के प्राचार्य अशोक भगत से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय को इसकी जानकारी दी गई है लेकिन लिखित जानकारी मेरे पास नहीं मिला है। कॉलेज में उपस्थित कुसमार पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद भगत ने कॉलेज के प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्राचार्य की लापरवाही है कॉलेज में छात्र-छात्राओं से भी मनमाने ढंग से राशि वसूल की जाती है यहां परीक्षा केंद्र बनाने में भी पैसे का लेनदेन बड़े पैमाने पर होता है। इतना ही नहीं कॉलेज में स्थानीय लोगों को नियुक्त कर परीक्षार्थियों से सांठ गांठ किया जाता है। कौन से परीक्षार्थी को फर्स्ट डिवीजन पास करना है उनके लिए रेट निर्धारित किया गया है और उसे परीक्षा अवधि में चोरी करने का सारा उपकरण उपलब्ध किया जाता है। इस कॉलेज में मात्र 600 परीक्षार्थियों को बैठने का जगह है और 1800 परीक्षार्थियों को परीक्षा दिलवाने से शिक्षा व्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ करना प्रतीत हो रहा है उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में वरीय पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है।

उत्सव- प्रखंड भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी,पंडालों में सुबह से ही उमड़ा भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- सोमवार की देर रात्रि प्रखंड के पंचमन्दिर एवं हनुमान मंदिर परिसर में क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पूजा पंडालों में आकर्षक साज सज्जा के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित कर हर्सोल्लास वातावरण में मनायी गयी। सोमवार की देर रात्रि जन्माष्टमी के शास्त्रानुसार शुभ योग में विद्वान पंडितों ने वेद मंत्रोचार के साथ विधिवत राधा कृष्ण की स्थापित प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस मौके पर क्षेत्र के विद्वान पंडित उत्तम झा द्वारा विधि पूर्वक जन्माष्टमी की पूजा सम्पन्न संपन्न करवायी गयी। वहीं पूजा के दौरान उपस्थित महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने उपवास रख भवगान कृष्ण से शुख समृद्धि की कामना की। वहीं पूजा को ले कृष्ण जन्माष्टमी समिति के कुलदीप कुमार रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग दो दशकों से ग्रामीण युवाओं द्वारा गांव वासियों के सहयोग से जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण झूला का आयोजन कर यहां राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करवायी जाती रही है।यहां बड़ी संख्या में स्थानीय महिला,पुरुष,युवा श्रद्धालु भगवान कृष्ण के लीलाओं व जन्म के कथा को आत्मसात कर उनकी भक्ति में लीन हो जाते हैं। इधर पूजा सम्पन्न होने के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच पूजा समिति द्वारा प्रसाद भी वितरण किया।

स्वास्थ्य- दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल के ओपीडी में पहुंचे 100 से अधिक मरीजों को सर्दी-जुकाम और खांसी

- मौसम के बदलने से वायरल इंफेक्शन के मरीज बढ़े

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। पिछले एक सप्ताह से तेजी से मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल इंफेक्शन से पीड़ित होने लगे हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुखार,सर्दी- जुकाम और खांसी के मरीज बढ़ रहे हैं।गर्मी और बारिश के कारण बच्चे एवं बुजुर्ग प्रतिरोधक क्षमता के लोग जिसमें को सबसे अधिक वृद्ध एवं बच्चे शामिल है को यह समस्या अधिक झेलनी पड़ रही है। पिछले चार-पांच दिनों के दौरान दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्दी,बुखार,खांसी के मरीजों में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक सप्ताह पूर्व जहां वायरल इंफेक्शन के 100 से 125 मरीज पहुंचे थे। वहीं मंगलवार को गिद्धौर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में करीब 100 मरीज पहुंचे। जिसमें 50 से अधिक मरीज वायरल इंफेक्शन से पीड़ित थे बदलते मौसम का सबसे अधिक प्रभाव कम प्रतिरोधक क्षमता होने के कारण वृद्ध एवं बच्चों पर हो रहा है। सीएचओं डॉक्टर संतोष कुमार के अनुसार मौसम का अचानक से बदलाव मौसमी बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। कभी भी चिलचिलाती धूप तो कभी अचानक से बारिश होने के कारण कम-कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग जल्दी मौसमी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। जिसके चलते सर्दी,खांसी,बुखार के मरीज बढ़े हैं। खासकर पेट के रोगियों को ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया बीमारी से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

आरपीएफ ने रेलवे यार्ड से हुई फारर्चून तेल की हुई चोरी मामलें में पांच लोगों को किया गिरफ्तार

रेलवे यार्ड से 149 पैकेट रिफाइन सोयाबिन फारर्चून तेल की हुई थी चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] बीते 22 अगस्त को झाझा रेलवे यार्ड में खड़ी ईसी फतुहा बीसीएन लोड के रेलवे रैक से 149 पैकेट रिफाइन सोयाबिन फारर्चून तेल की चोरी मामलें में आरपीएफ की गठित टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए चोरी मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि बचे बाकि अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर आरपीएफ के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार फतुहा में फारर्चून की गिनती में 149 रिफाइन सोयाबिन फारर्चून तेल की कमी पाई गई जांच पड़ताल में 22 अगस्त को झाझा रेलवे यार्ड में मालगाड़ी के रूकने के दौरान चैरी होना निर्धारित हुआ। जिसको लेकर किउल आरपीएफ इंसपेक्टर अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व में झाझा आरपीएफ इंस्पेक्टर अनीता कुमारी, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, आदि आरपीएफ पुलिस पदाधिकारी के साथ टीम गठन किया गया। 25 अगस्त को गठित टीम के द्वारा झाझा यार्ड में निगरानी किया गया तो रात्रि में एक व्यक्ति झाड़ियों में से निकलकर सफेद बोरी में कुछ वजनी सामान लेकर जा रहा था जिसे पकड़ने पर पूछताछ करने पर वह अपना नाम जहांगीर अंसारी बताया और उसके पास से दो कार्टून फरर्चून तेल का पैकेट पाया गया। जिससे पूछताछ पर दुकानदार राकेश कुमार के घर पर छापेमारी कि गई तो वहां से 110 पैकेट तेल बरामद हुआ। गिरफ्तार जहांगीर के द्वारा आरपीएफ को दी गई जानकारी दस लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था । वही गिरफ्तार लोगों की पहचान झाझा थानाक्षेत्र के तेतरिया गांव के रहने वाले जहांगीर अंसारी, लखीसराय तेतरहाट के रहने वाले दुकानदार राकेश कुमार, तेतरिया के मो. जाहिद, मो. खुर्शीद उर्फ भोला, मो. सराज अंसारी के रूप में हुई है।

सरकारी विद्यालयों में नामांकित बच्चों का आधार सुधार हेतु 18 उच्च विद्यालय में आधार सुधार केन्द्र संचालित : जिलाधिकारी

अब छात्राओं का ई- शिक्षाकोष पर एंट्री में बाधक आधार सुधार होगी दूर

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी राकेश कुमार द्वारा बताया गया कि ई-शिक्षा पोर्टल पर नामांकित बच्चों का विवरणी अपलोड किया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चों का आधार बना हो ' वर्तमान में जमुई जिले के सरकारी विद्यालयों में नामांकित कुल 372975 में से 281649 विद्यार्थियों का आधार बना हुआ है 'आधार कार्ड धारक बच्चों में से 261303 बच्चों का ई शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रविष्टि पूर्ण कर ली गई है ' इस संबंध में उन्होंने बताया कि 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का आधार कार्ड निर्माण/ सुधार करने को लेकर जमुई जिले के 18 उच्च विद्यालय में संचालित आधार केंद्रो पर आधार नामांकन का कार्य किया जा रहा है ।जिलाधिकारी राकेश कुमार ने सर्वप्रथम सभी बच्चों का आधार नामांकन/ सुधार के कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाना अनिवार्य हो तो पत्र में दिए गए निदेर्शों का अक्षरसः पालन करते हुए एक सप्ताह के अंदर जन्म प्रमाण पत्र बनबाते हुए सभी का आधार नामांकन /सुधार प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित पर यथोचित कार्रवाई की जाएगी । मौके पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- अपर जिला रजिस्टर (जन्म और मृत्यु), सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी -सह- अपर जिला रजिस्टर (जन्म और मृत्यु), सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जमुई जिला उपस्थित रहे ।

जन्माष्टमी के मौके पर मंदिरों में आयोजित हुआ कई तरह के कार्यक्रम

जमुई [झाझा] जन्माष्टमी के पावन पर्व को लेकर सोमवार की देर शाम को भजन कीर्तन सह रासलीला के साथ श्री श्याममंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाई गई तो वही श्री श्री 108 वैष्णवी दुगार्मंदिर में भक्ति जागरण सह भगवान श्रीकृष्ण और उसके परम मित्र सुदामा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के बाद मटका फोड़ कार्यक्रम भी किया गया। दोनो जगहों पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीश्याम मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हुए 56 प्रकार के भोग लगाया गया। कार्यकारिणी सदस्य आयुष बंका ने बताया कि जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। दुर्गा मंदिर में मटका फोड़ को लेकर युवाओं की टोली के साथ साथ अन्य लोगों में काफी उत्साह देखा गया। युवाओं की टोली ने एक दूसरे का सहारा बनते हुए जमीन से उपर लगभग 15 फीट ऊंचाई पर लटके मटका को फोड़ा जिसके बाद लोग भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाया।

हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानि जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य पर धपरी मोड़ से मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। घोड़ा, बाइक ,गाजे बाजे, झांकी के साथ निकली शोभायात्रा में शामिल लोग जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पाल की, मुरलीधर की जय हो, राधे राधे आदि भगवान श्रीकृष्ण के नामों का जयकारा भी लगा रहे थे। शोभायात्रा में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस भी साथ साथ भ्रमण करते रहे। मुख्य पार्षद संजय यादव, समाजसेवी गुडडु यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धरती पर धर्म की रक्षा के लिए हुआ। उनके उपदेश हमलोगों के जीवन का सार्थक बनाता है। शोभायात्रा धपरी मोड़ से निकलने के बाद सोहजाना, बसस्टैंड, पुरानी बाजार, मुख्य बाजार होते हुए पूरे नगर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः गंतव्य स्थल धपरी मोड़ पहुंचा। शोभायात्रा में शामिल लोग श्री कृष्ण के भजनों पर रिमझिम बारिश के बीच झूमते नजर आए। वही शोभायात्रा को देखने के लिए लोग सड़क किनारे खड़े रहे और झांकी में श्रीकृष्ण सजे बाल कलाकार को देखकर मनमोहित हो रहे थे तो कई जगहों पर लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर पर पूजा अर्चना किया। शोभायात्रा में नप मुख्य पार्षद संजय यादव, समाजसेवी राजीव कुमार उर्फ गुडडु यादव, मनीष कुमार यादव, सुभाष यादव, गौरी यादव, चंद्रदेव यादव, सहित हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए।

बच्चों-गर्भवतियों के टीकाकरण की जानकारी अब पोर्टल पर होगी दर्ज

तुरंत मिलेगा डिजिटल प्रमाण पत्र, अब अगला टीका कहीं भी ले सकेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। अब गर्भवतियों और बच्चों के टीकाकरण संबंधी हर जानकारी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज होगी। उन्हें टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल प्रमाण पत्र मिलेगा।वे अपने मोबाइल पर टीका लगाने और लगने की भावी तारीख भी जानकारी पोर्टल के जरिए जान सकेंगे। खासियत यह है कि पोर्टल के जरिए गर्भवतियों देश के किसी भी हिस्से में अपना टीकाकरण कर सकेगी और संबंधित केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों को उनके टीकाकरण संबंधी हर जानकारी प्राप्त होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार अब यू विन ऐप पर बच्चों और गर्भवतियों के टीकाकरण की जानकारी दर्ज होगी। टीकाकरण का अपडेट संबंधित गर्भवती या मां अपने मोबाइल पर ही देख सकेंगी। अलग-अलग अंतराल में लगने वाले टीकों की हर जानकारी इस पर दर्ज की जाएगी। गर्भवतियों और बच्चों को भविष्य में लगने वाले टीकों की जानकारी और तारीख भी ऐप पर दर्ज होगी। इससे वे देश के किसी भी हिस्से में टीकाकरण कर सकेंगे। टीकाकरण का डाटा एक साथ मिलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अजीमा निशांत ने कहा कि यू विन पोर्टल पर गर्भवतियों और बच्चों के टीकाकरण का डाटा एक साथ एक ही जगह पर उपलब्ध होगा। मोबाइल में यू विन ऐप को आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।ऐप डाउनलोड करने के बाद मोबाइल नंबर का पंजीकरण करना होगा। नाम,पता,आधार नंबर आदि जानकारी दर्ज करने के बाद टीकाकरण की पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। कहा कि गर्भवतियों व बच्चों के टीकाकरण अभियान को बेहतर बनाने के लिए यू विन पोर्टल की सुविधा दी गई है। टीकाकरण की हर जानकारी मिल सकेगी।

सम्पादकीय

सराहनीय है एकीकृत पेंशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन की एक नयी योजना को मंजूरी देकर बेहद अहम पहल की है। इस योजना को एकीकृत पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन स्कीम- यूपीएस) का नाम दिया गया है तथा यह आगामी वित्त वर्ष के प्रारंभ में यानी एक अप्रैल, 2025 से लागू हो जायेगी।

इस योजना से केंद्र सरकार के 23 लाख कर्मचारियों व उनके परिवारों को प्रत्यक्ष रूप आर्थिक फायदा मिलेगा। ज्ञात रहे कि देश में बीते कई वर्षों से सरकारी कर्मचारियों के लिए वाजपेयी सरकार द्वारा 2004 में शुरू की गयी नयी पेंशन स्कीम के प्रति असंतोष व्याप्त था। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान विपक्षी दलों ने इसे एक राजनीतिक मुद्दा बनाया और कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को फिर से लागू कर दिया गया। सबसे पहले यह घोषणा राजस्थान में कांग्रेस की गहलोत सरकार ने की थी। इसका दबाव केंद्र सरकार पर लगातार बना रहा था। पिछले वित्त वर्ष 2023 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में पेंशन की नयी योजना बनाने के संबंध में एक कमिटी बनाने की घोषणा की थी। इस कमेटी को अपना एक प्रारूप इस साल लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व प्रस्तुत करना था, जो नहीं हो पाया। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने से पहले ही एक नयी और बेहतरीन योजना को मंजूर कर दिया।

इस नयी पेंशन योजना के आने के बाद से एक चर्चा जोरों पर है कि क्या सरकार पुरानी पेंशन योजना, जो अंग्रेजों के दौर से शुरू होकर 2004 तक तक लागू रही, की तरफ वापस मुड़ रही है। इस पक्ष पर यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। ज्ञात रहे कि पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को अपनी सेवा के कार्यकाल के दौरान पेंशन कोष में कुछ भी अंशदान नहीं देना होता था तथा सेवानिवृत्ति पर पेंशन और मृत्यु होने पर परिवार को मिलने वाली पेंशन 100 प्रतिशत सरकारी अंशदान के माध्यम से ही प्राप्त होती थी। स्वतंत्र भारत में इस योजना को 57 साल तक उपयोग में लाया गया। वर्ष 2004 में इसे समाप्त कर एक ऐसी पेंशन योजना को लागू किया गया, जिसमें सरकारी कर्मचारियों को अपनी सेवा के कार्यकाल के दौरान पेंशन हेतु अपने वेतन का एक हिस्सा नियमित रूप से अंशदान के रूप में देना था।

अब 2025 से लागू होने वाली यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में भी सरकारी कर्मचारियों को 2004 की नयी पेंशन स्कीम की तरह ही अपने वेतन का 10 प्रतिशत अंशदान पेंशन कोष में जमा करवाना होगा, पर अब इसमें सरकार का अंशदान और बढ़ेगा। यह समझना जरूरी है कि सरकारी कर्मचारियों को पेंशन हेतु अपना अंशदान जमा करवाना होगा, उसमें कोई रियायत नहीं दी गयी है। बीस वर्षों के बाद भारत में सरकारी कर्मचारियों को पेंशन के संबंध में यूपीएस के रूप में एक नयी योजना उपलब्ध हुई है, जो 2004 की नयी पेंशन स्कीम से कई मामलों में बहुत बेहतर है। मसलन, अब सरकारी कर्मचारियों को एक निश्चित रकम की गारंटी पेंशन के रूप में उपलब्ध होने की रहेगी, जो कि एनपीएस में नहीं थी, जबकि कर्मचारी अपने वेतन का 10 प्रतिशत अंशदान के रूप में दे रहा था। इस नयी योजना के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि 25 वर्ष तक काम करने के बाद ही अंतिम वर्ष के मूल वेतन का 50 प्रतिशत हिस्सा हर हालत में पेंशन की रकम के रूप में मिलेगा। वहीं अगर सेवा 25 वर्षों से कम की है, तो पेंशन की रकम सेवा के वर्षों के अनुपात में निश्चित होगी। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अगर सेवा न्यूनतम 10 वर्षों के लिए की गयी है, तो मासिक पेंशन की रकम 10,000 रुपये निश्चित रहेगी। यह बहुत सराहनीय है। एक अन्य सकारात्मक पक्ष यह भी है कि पेंशनधारी की मृत्यु होने पर मासिक पेंशन का 60 प्रतिशत हिस्सा पारिवारिक पेंशन के रूप में कर्मचारी के प्रतिनिधि को प्रति माह मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत महंगाई भत्ते को भी पेंशन की रकम में सम्मिलित किया गया है, जो एनपीएस में नहीं था। हर तीन वर्ष के बाद पेंशन फंड में सरकारी अंशदान की सीमा की बढ़ोतरी के लिए मूल्यांकन किया जायेगा, जो वर्तमान में 18.5 प्रतिशत पर निश्चित किया गया है।

विचारों से 'अपराध भाव' का नाश संभव है

अवधेश झा

विचारों से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। विचार से ही व्यक्ति बनता भी है और बिगड़ता भी है। विचार से ही समस्त अपराध भाव का नाश संभव है। इसलिए, हमेशा विचार करते रहना चाहिए। इस विषय पर जब मैंने जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, पटना) से बात किया तो उन्होंने कहा कि; विचार ही व्यक्ति को महान बनाता है और महान विचार से ही महान से महान कार्य संभव है। समाज निर्माण में विचारों का महत्वपूर्ण स्थान है। जैसे विचार होगा, वैसा ही समाज का निर्माण होगा और सशक्त विचार से ही संपन्न और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है। हमारा देश महान विचारों के लिए ही जाना जाता है और इसलिए, हम वैचारिक रूप से इतने संपन्न थे कि हम विश्व गुरु थे और वर्तमान में भी हैं। विश्व के सबसे उत्तम विचार ब्रह्म विचार हमारा वेद, उपनिषद, गीता, रामायण और महाभारत आदि ग्रंथ हैं। जो आदि काल से कालांतर तक के लिए महाविज्ञान है। सम्पूर्ण विश्व में इससे बड़ा क्या हो सकता है कि जो स्थान और काल से परे जाकर लिखा गया हो। इसलिए, वर्तमान में जो परिस्थितियों का निर्माण हो रहा है। उसमें अपराध का भाव संभावित है क्योंकि जो लोग वैचारिक रूप से भटक रहे है, उन्हें अपने मूल विचार जो जोड़ना होगा। जो तकनीक हम राष्ट्र निर्माण में लिए विसकित कर रहे हैं, उसका दुरुपयोग से ही राष्ट्र को क्षति हो रही है।

वास्तव में, हम ऐसे वैचारिक रूप से संपन्न राष्ट्र हैं, जिसका विचार केवल अपने राष्ट्र के लिए तो है ही, साथ ही साथ सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है। हमारा विचार ही हमारा ज्ञान, विज्ञान और महाविज्ञान तथा महा अनुसंधान है। आदि काल से दो विचार धारा है; एक विचार धारा जो बुद्धि के सकारात्मक पक्ष को उजागर करता है तथा व्यक्ति अपने पुरुषार्थ का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। दूसरा, बुद्धि के नकारात्मक प्रभाव में आकर अपने लिए कई विपरीत परिस्थितियों का निर्माण कर लेता है। लेकिन, सूक्ष्मता से देखा जाए और गीता भी स्पष्ट करता है कि कोई भी व्यक्ति किसी का नाश नहीं करता, बल्कि वह अपना नाश स्वयं करता है। जैसे ही अपराध का भाव उत्पन होता है, उसी समय से उस व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। क्योंकि, अपराध हो जाना और अपराध का भाव विकसित होना दोनों में अंतर है। किन परिस्थिति में अपराध हो गया और कौन सा परिस्थिति का निर्माण कर अपराध किया गया; यह महत्वपूर्ण है। अपराध भाव से ही, अपराध की वृतियों का उदय होता है और यह वृतियां प्रारंभ में तो सूक्ष्म होता है, फिर धीरे धीरे विकराल हो जाता है। इसलिए, जैसे ही अपराध भाव का आभास हो, उसे अच्छे विचारों से नाश कर देना चाहिए। अपराध क्यों बढ़ रहा है? तथा क्यों कोई अपराधी बन जा रहा है? वास्तव में देखा जाए तो अपराध का विचार बुद्धि से ही उत्पन होता है। इस विचार में चित का समर्थन, मन का निर्देश और अहंकार के प्रभाव से ही अपराध की वृतियों में तीव्रता आती है तथा अपराध का क्षेत्र काम, क्रोध, लोभ और मोह में आकर ही किया जाता है। इसलिए, अपराध एक विचार धारा है और इस विचार धारा को विचारों से ही समाप्त किया जा सकता है। हमारे देश में गुरुकुल परंपरा विकसित था जहां राम और कृष्ण जैसे विचारवान पुरुषोत्तम शिक्षा ग्रहण किए। आधुनिक समय में भी हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में पूर्ण व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च विचारों से दर्शन कराया जाता था। विचार ही हमारी पहचान थी और विचारों की हीनता से समाज को क्षति ही पहुंचती है। जो समाज, समाज निर्माण के विचारों में व्यस्त हुआ करता था। आज, उसी समाज को अपराध के भाव को समाप्त करने वाले विचारों से अपराध को समाप्त करने का दायित्व निभाना होगा। क्योंकि, अपराध भाव एक प्रज्वलित अग्नि की तरह है, एक उच्च गति की तूफान और बाढ़ की तरह है; जो संपूर्ण समाज को जला सकता है, डूबा सकता है, इसमें क्षति समाज और राष्ट्र को ही है। विश्व में जितने भी धार्मिक विचार हैं कोई भी विचार अपराध भाव को नहीं स्वीकारता है। भारत का इतिहास इसी विचारों से पूर्ण है। रावण जैसे त्रिलोक विजय को भी एक स्त्री हरण के अपराध में अपने समस्त प्रियजन के साथ मृत्यु के मुख में जाना पड़ा। यही, उदाहरण है कि महाभारत में कि दुर्योधन में अपराध का भाव जागृत करने वाला उसका अपना मामा शकुनि ही था, जो उससे ऐसे अपराध करा दिया जिसका नुकसान सम्पूर्ण कौरव वंश को चुकाना पड़ा। इसलिए, अगर आपके अंदर कोई अपराध भाव जागृत कर रहा है तो इससे भी सावधान रहें क्योंकि इसका नुकसान आपके साथ आपके अपनों को भी भोगना पड़ेगा और अगर यह भाव स्वतः जागृत हो रहा है तो अपने अच्छे विचारों से इसे समाप्त कीजिए और आप इस विचार को अपने स्वरूप में धारण कर लीजिए की आपका स्वरूप सर्वोत्तम विचारों का संग्रह निरपराध और पवित्र है। इसका संबध केवल सत्य से ही है और आपका आत्मा सत्य में ही स्थित है।

मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे!

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्से लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्से उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्से प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्से ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं।

डॉ. आर.के. सिन्हा

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्ल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्से लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्से उपलब्ध हैं।

भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्से प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्से ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं।

अंग्रेज नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्स किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमरीका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट-ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्सें हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं। अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है।

जैकब उस भारतीय पुरुष 4७400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं।

अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्सें आ रही हैं खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तरांचल, मणिपुर, अरुणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सैलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्सें देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी। भारत की सबसे बड़ी लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई।

उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी। भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है। आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता।

कांग्रेस छोटा मुकाबला जीतने बड़ी लड़ाई गंवा दी

एस. सुनील

राजनीति और युद्ध के रणनीतिकार यह मानते हैं कि बड़ी लड़ाई जीतने के लिए कई बार छोटे छोटे मुकाबले हारने होते हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने जम्मू कश्मीर में जो राजनीति की है उससे ऐसा लग रहा है कि उसने छोटा मुकाबला जीतने के लिए बड़ी लड़ाई गंवा दी है। उसने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए फारूक और उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस से तालमेल कर लिया है। ऐसा नहीं है कि यह तालमेल पार्टी के प्रभारी महासचिव या किसी और नेता ने की है। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी खुद इसके लिए श्रीनगर गए थे। वे अपने साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को भी लेकर गए थे। खडगे और राहुल ने स्वंय फारूक और उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की और तालमेल को अंतिम रूप दिया। तभी इसके आगे अब जो भी घटनाक्रम होगा उसकी जिम्मेदारी पार्टी के साथ साथ राहुल गांधी की भी होगी। सबसे आश्चर्य में डालने वाली बात यह है कि राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ जब तालमेल किया उससे दो दिन पहले ही उस पार्टी ने अपना चुनाव घोषणापत्र जारी किया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने विधानसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में कहा है कि वह जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को फिर बहाल करेगी। उसने यह भी कहा कि वह अनुच्छेद 35ए को भी फिर से बहाल करेगी और विधानसभा में एससी व एसटी के लिए आरक्षण देने के प्रावधान को भी बदलेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस का यह घोषणापत्र आने के बाद राहुल गांधी ने उसके साथ तालमेल किया है। यह नहीं माना जा सकता है कि राहुल गांधी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस का चुनावी घोषणापत्र नहीं देखा होगा। उन्होंने घोषणापत्र देखने के बाद पूरी जिम्मेदारी के साथ तालमेल किया है। इसलिए राहुल गांधी को निश्चित रूप से अनुच्छेद 370 पर अपनी और पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी होगी। उन्हें बताना होगा कि वे इसके बारे में क्या सोचते हैं और वे नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा इसे फिर से बहाल करने के वादे का समर्थन करते हैं या नहीं? ध्यान रहे अगस्त 2019 में जब संसद में प्रस्ताव पेश करके इस अनुच्छेद को समाप्त किया गया तो पूरे देश ने इसका स्वागत किया था। कांग्रेस के भी कई नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से इसका समर्थन किया। जहां तक कांग्रेस पार्टी का सवाल है तो उसने भी आधिकारिक रूप से इसका विरोध नहीं किया। उसके बाद से कांग्रेस हमेशा कहती रही है कि वह जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराएगी। उसने कभी नहीं कहा कि वह विशेष राज्य का दर्जा बहाल कराएगी।

इस तरह कह सकते हैं कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए पर रणनीतिक रूप से समान दूरी का रवैया अपनाया हुआ है। वह इन दोनों अनुच्छेद को हटाने का न तो खुल कर समर्थन करती है और न खुल कर विरोध करती है। परंतु अब कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना होगा। क्योंकि जम्मू कश्मीर में चुनाव हैं और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ तालमेल किया है, जिसने अनुच्छेद 370 और 35ए की वापसी का वादा किया है। अब कांग्रेस को जवाब देना होगा कि वह जम्मू कश्मीर को फिर से विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में क्या सोचती है? वह जम्मू कश्मीर से लद्दाख को अलग किए जाने के बारे में क्या सोच रखती है? राज्य की अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के साथ घनघोर भेदभाव करने वाले अनुच्छेद 35ए के बारे में क्या सोचती है? जम्मू कश्मीर के अलग संविधान और अलग झंडे के बारे में क्या सोचती है? जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान तो कांग्रेस से इन सवालों के जवाब मांगे ही जाएंगे उसके बाद पूरे देश में इस पर चर्चा होगी।

कांग्रेस को देश की जनता को इसका जवाब देना होगा, जिसने अनुच्छेद 370 हटाए जाने का खुले दिल से स्वागत किया था। कांग्रेस इन सवालों से पल्ला नहीं झाड़ सकती है। अगर वह जवाब नहीं भी देती है तब भी देश की एकता और अखंडता से जुड़े इस मसले पर उसकी सचाई जनता के सामने आ चुकी है। हो सकता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ तालमेल और इन गंभीर मुद्दों पर चुप्पी कांग्रेस को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में कुछ सफलता दिला दे लेकिन इन्हीं कारणों से कांग्रेस देश की लड़ाई गंवा देगी। कांग्रेस के प्रति देश भर में फिर से अविश्वास पैदा होगा। उसके विभाजनकारी एजेंडे पर नए सिरे से चर्चा होगी। यह आरोप प्रमाणित होगा कि वह जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनने के पक्ष में नहीं है। अगर नए सिरे से अनुच्छेद 370 और 35ए की बहस छिड़ती है तो संविधान में इन्हें शामिल कराने के जवाहरलाल नेहरू के फैसले की भी समीक्षा होगी। संविधान सभा की बहसों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जम्मू कश्मीर में विशेष राज्य के प्रावधान का विरोध किया था। नागरिकों से भेदभाव करने वाले इन विशेष प्रावधानों को लागू करने के पक्ष में वे नहीं थे। लेकिन जवाहरलाल नेहरू की जिद के चलते इन्हें लागू किया गया। अगर भानुमति का पिटारा खुलता है तो नेहरू के समय इन विभाजनकारी संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने से लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में उनको हटाए जाने तक की समीक्षा होगी। इसमें कांग्रेस को कई ज्वलंत सवालों के जवाब देने होंगे। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि जम्मू कश्मीर में बड़ी मुश्किल से शांति स्थापित हुई है तीन दशक तक अशांत रहा यह प्रदेश देश की मुख्यधारा से जुड़ा है। इससे सीमा पार भी बेचैनी है और देश के अंदर भी अलगाववादी ताकतें इससे परेशान हैं। जम्मू कश्मीर में पिछले करीब छह साल के राष्ट्रपति शासन के दौरान विकास और सुरक्षा बढ़ाने वाले काम हुए हैं, जिससे नागरिकों में भरोसा बना है और वे लोकसभा चुनाव में खुल कर मतदान के लिए बाहर निकले। जम्मू कश्मीर के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ कि सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। इसी वजह से चुनाव आयोग ने जल्दी से जल्दी विधानसभा चुनाव कराने का ऐलान किया। लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़े सामने आने और चुनाव आयोग की तैयारियों को देखते हुए दूसरी ओर अलगाववादी और भारत विरोधी ताकतों की बेचैनी इतनी बढ़ी कि उन्होंने ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। सिर्फ जुलाई के महीने में जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए, जिसमें सैन्य अधिकारियों सहित 15 जवान शहीद हुए। यह इस बात का संकेत है कि जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाने, विकास की गति बढ़ाने और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार बनवाने की प्रक्रिया भारत विरोधी ताकतों को अच्छी नहीं लग रही है। वे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने में लगे हैं। ऊपर से घाटी में उग्र अलगाववादी विचारों वाली एक नई जमात तैयार हो रही है, जिसने लोकसभा चुनाव में जेल में बंद शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को वोट देकर चुनाव जिताया। बारामूला सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर राशिद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हरा दिया।

जितनी आबादी उतना हक?

यू.पी.एस.सी. ने मात्र 35 या 40 पदों के लिए विज्ञापन दिया था जो डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए था। विपक्षी मात्र विरोध के लिए विरोध कर रहा है। इनको चिराग पासवान। नीतीश कुमार का भी समर्थन है, चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान मौसम विज्ञानी कहे जाते थे। वे कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री थे और भाजपा की सरकार में भी। कोई सरकारी कर्मचारी यदि दूसरी शादी करता है तो उसकी नौकरी चली जाती है। परन्तु रामविलास पासवान को दोनों शादियों से बच्चे हैं।

अजय दीक्षित

कई विपक्षी दल जातिगत जनगणना की बात करते हैं। उनका मानना है कि जो जिस जाति का है उसे उतना हक मिलना चाहिए। परन्तु ये दल यह नहीं बतलाते कि यह हक किन क्षेत्रों में मिलेगा। समतावादी समाज में सभी को पढने.का या सीखने का, या कौशल प्राप्त करने का समान अवसर मिलना चाहिए। उसके बाद ओपन कंप्टीशन में योग्यता के आधार पर चयन होना चाहिए। हक किस क्षेत्र में? शायद मुख्य मुद्दा सरकारी नौकरियों में हैं। परन्तु वहां तो पहले से ही एस.सी., एस.टी., पिछड़ों, गरीब सवर्ण सवर्णों और शारीरिक रूप से अक्षम को आरक्षण है। फिर क्या व्यापर में हक की बात की जा रही है। एक बाजार में कितनी दुकानें सवर्णों की होगी, कितनी एस.टी. वालों की ?सरकारी नौकरियों में पहले से ही आरक्षण है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी देखने को मिलता है कि आरक्षण के कारण जूनियर अपने पहले के सीनियर से उसका बॉस बन जाता है। यह सरकारी काम क्षमता में एक रोड़ा है। असल में अभी केन्द्र ने कुछ पदों के लिए ओपिन कंप्टीशन से विशेषज्ञों की नियुक्तियों के लिए यू.पी.एस.सी. के मार्फत विज्ञापन निकाला है।

डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए है। असल में देश संचालन में कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। यू.पी.एस.सी. ने मात्र 35 या 40 पदों के लिए विज्ञापन दिया था जो डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए था। विपक्षी मात्र विरोध के लिए विरोध कर रहा है। इनको चिराग पासवान। नीतीश कुमार का भी समर्थन है, चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान मौसम विज्ञानी कहे जाते थे। वे कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री थे और भाजपा की सरकार में भी। कोई सरकारी कर्मचारी यदि दूसरी शादी करता है तो उसकी नौकरी चली जाती है। परन्तु रामविलास पासवान को दोनों शादियों से बच्चे हैं। चिराग पासवान के पास मात्र पांच सांसद हैं। बिहार में उनको कोई बहुत समर्थन नहीं हैं। उनके चाचा, जे.डी.यू. और लालू यादव का विरोध उन्हें सहना पड़ेगा। नीतीश कुमार पल्लू राम के नाम से प्रसिद्ध है। मोदी जी देश में केवल चार जाति मानते हैं। उन्होंने ज्ञान के अनुसार गरीब युवा, अन्नदाता और नारी ये चार जातियां बतलाईं हैं। बिहार की पार्टियां लोहिया जी का नाम लेती हैं जो जाति तोड़ो के पुरोधा थे। इन पार्टियों को जरा लोहिया साहित्य ठीक से पढ़ लेना चाहिए। मोदी जी को किसी से भी डर नहीं होना चाहिए। वे निर्भीक होकर शासन करें। बहुत से स्वतंत्र सांसद सरकार के साथ हैं। किसी स्थिति में डी.एम.के. भी साथ दे सकता है। नहीं तो यदि संसद भंग करके मोदी जी पुनः चुनाव करायें तो इस बार 400 पार नहीं, 500 पार सीटें भाजपा को मिलेगी और मोदी जी पूरे दमखम से राज करते हुए देश को विश्व का सिरमौर बनायेंगे।

प्रकृति की चेतावनी को अनसुना करना ठीक नहीं

डॉ. आशीष वशिष्ठ

प्रकृति का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार-बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं।

2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बबार्दी का दूसरा नाम प्रलय है। केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खल

संक्षिप्त खबरें

रतन एंड टीम ने प्रस्तुत किया भजन संध्या का कार्यक्रम

छपरा कार्यालय। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाल गायक रौनक रतन एंड टीम ने बाबा महेंद्र नाथ परिसर में प्रस्तुत किया भजन संध्या का कार्यक्रम। बता दें कि लगातार तीसरे साल मन्दिर के मुख्य पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय के द्वारा भजन संध्या के लिए रौनक रतन को आमंत्रित किया गया। हर साल की भांति इस साल भी सुमधुर भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर टीम ने दूर दूर से पहुंचे हुए श्रद्धालु भक्तो का मन मोह लिया। भजनों के क्रम में श्याम तेरी बंशी, यशोमति मईया से बोले नंदलाला, पकड़ लो बांह रघुराई, सत्यम शिवम सुंदरम जैसे कर्ण प्रिय भजनों मे लोग खो से गए एक तरफ टीम कि मुख्य गायिका बीपीएससी संगीत शिक्षिका आरजे लक्ष्मी ने कजरी और सोहर गाकर खूब तालियां बटोरी। इसी बीच जब रात्रि के 12 बजे तो मुख्य पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय के द्वारा फर्माइस भजन भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौसल्या हितकारी रौनक रतन के पिता गायक व गीतकार रत्नेश रतन ने गाकर कार्यकर्म का समापन किया। टीम के सभी कलाकारों को मुख्य पुजारी जी के द्वारा अंगवस्त्रों से सम्मानित भी किया गया। कलाकारों में रौनक रतन आरजे लक्ष्मी के साथ साथ तबले पर पण्डित रविशंकर मिश्र, और मुजफ्फर से आए हुए लक्ष्मीकांत झा ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

हत्या मामले में आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड

छपरा कोर्ट। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एकादश राजेश कुमार त्रिपाठी ने तरैया थाना कांड संख्या 317/21 के सत्र वाद संख्या 574/22 में तरैया थाना के खराटी चैनपुर निवासी सुरेन्द्र नट को अंदर दफा 302/34 मे आजीवन कारावास और 20 हजार अर्थ दण्ड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा सुनाई है। विदित हो कि तरैया थाना के खराटी चैनपुर निवासी श्रीपति देवी पति करण रावत उर्फ पथल रावत ने अपना फर्द बयान रेफरल अस्पताल तरैया में 27 सितंबर 2021 को दर्ज कराई थी जिसमें उसने दशार्या था कि आज 12 बजे उनके पति करण रावत उसे और अपनी मां लालमति देवी से बातचीत कर रहा था। तभी उसके ससुर मुसाफिर नट अपने साथ संतोष नट और सुरेंद्र नट को लेकर घर में आए और आते ही सुरेंद्र नट अपने हाथ में छुड़ा निकाल लिया और संतोष नट और उसके ससुर उसके पति के दोनों हाथ को पकड़ लिए और सुरेंद्र नट चाकू से लगातार उसके पति के सीने पर वार करने लगा। जिससे खून से लटपथ होकर उसके पति जमीन पर गिर गए। गांव वालों की सहायता से उसे रेफरल अस्पताल तरैया ले आई। जहां चिकित्सक ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। अभियोजन की ओर से अनुसंधानकर्ता एवं डॉक्टर सहित कुल आठ गवाहो की गवाही न्यायालय में कराई थी।

कृषि विज्ञान केंद्र मांझी में माली को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

मांझी। कृषि विज्ञान केंद्र मांझी में माली को लेकर पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को बागवानी और माली कौशल में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में डॉ जितेंद्र चंद्र चंदोला ने बताया कि इस प्रशिक्षण में युवाओं की पौधों की देखभाल, उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग, और बागवानी के नवीनतम तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डॉ सौरभ पटेल तथा डॉ रातुल मोनी राम ने के.वी.के की भूमिका एवं यहां उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पौधों के बारे में जानकारी दी। डॉ विजय और डॉ चैतन्य ने भी किसानों को अपने अनुभवों से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को न केवल बागवानी के तकनीकी पहलुओं समेत उत्पादन बढ़ाने और अपनी आय को दोगुना करने जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में सारण जिले के कुल आठ प्रखंडोंः मांझी, रिविलगंज, एकमा, सदर, गरखा, तरैया, दिगवारा एवं दरियापुर से कुल 43 ग्रामीण युवक एवं 7 ग्रामीण युवतियां भाग ले रहे हैं। जिन्हें अंत में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक

- मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर-घर सत्यापन कार्यक्रम को पूरी शुद्धता से सुनिश्चित करायें: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। मतदाता सूची के जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया। मतदानकेन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में जहाँ भी मतदानकेन्द्र भवन जर्जर अवस्था में है एवं इसे पास के किसी निर्मित सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जा सकता है, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित ईआरओ के माध्यम से प्रस्ताव देंगे। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य को पूरी शुद्धता के साथ सुनिश्चित करें।सभी एईआरओ एवं ईआरओ बीएलओ के साथ बैठक कर सत्यापन कार्य को गति दें। न्यायालयों में लंबित केस के संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारी समय से तथ्य विवरणी तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि न्यायालय में ससमय शपथ पत्र दायर किया जा सके। छपरा में स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स के निर्माण हेतु दो भूखंड चिन्हित किये गए हैं। इस सम्बंध में विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजा जा रहा है। रिविलगंज, पानापुर एवं इसुआपुर में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण हेतु प्राथमिकता से उपयुक्त जमीन चिन्हित कर अभिलेख सहित प्रस्ताव संबंधित अंचलाधिकारी निर्धारित माध्यम से भेजें। इसुआपुर एवं रिविलगंज में ई-किसान भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा 9 स्थलों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण हेतु भी जमीन चिन्हित कर सीओ प्रस्ताव दें ताकि निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई तेजी से की जा सके। विभिन्न आपदा पीड़ितों से संबंधित मुआवजा भुगतान के सभी लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया। आरटीपीएस में जन्म प्रमाणपत्र के एक्सपायर आवेदनों हेतु जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार शास्ति अधिरोपित की जायेगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लंबित मामलों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गड़खा से स्पष्टीकरण मांगा गया। 4 सितंबर को कृमि मुक्ति दिवस के तहत 1-19 आयुवर्ग के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जानी है। इसके लिये स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आईसीडीएस के पदाधिकारियों को बैठक कर माइक्रोप्लान के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, विभिन्न विभागों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

बांके बिहारी जी के पावन अवतरण दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। धर्म की स्थापना एवं अधर्म, अन्याय और अत्याचार को समाप्त करने वाले संपूर्ण जगत के पालनहार,यशोदानंदन,भुवन मोहन कन्हैया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।बगहा समेत पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर के सभी मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।बतादें की भगवान विष्णु के दशावतारों में भगवान श्रीकृष्ण आठवाँ अवतार हैं । भगवान श्रीकृष्ण को सनातन धर्म के एक अद्वितीय युगपुरुष के नाम से जाना जाता है । ये मानवता के रक्षक और कर्मवाद के प्रबल समर्थक हैं । भगवान श्रीकृष्ण न केवल युद्ध के महान रणनीतिकार थे बल्कि एक संगीतकार,दार्शनिक और प्रेम के प्रतीक भी थे । भगवान कृष्ण का सर्वधर्म समभाव,जाति, वर्ग और रंग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को सम्मान दृष्टि से देखते और सबके प्रति प्रेम और सहानुभूति रखने का संदेश देता है।सम्पूर्ण सोलहों कलाओं में अवतरित भगवान श्री कृष्ण अकेले ऐसे अवतार हैं जो कंस के छल प्रपंच के आघातों को सहते हुए भू-लोक पर लोकशांति के लिए बंसी बजाते और जीवन मे माधुर्य का संदेश देते हैं । भगवान श्रीकृष्ण मानवता के शांति के लिए दो मोर्चो पर युद्ध किये, पहला अहंकार का वध और दूसरा असत्य पर सत्य की जीत।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हाईजेनिक भोजन बेहतर: सौरभ पांडेय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ' स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर वृंदावन रेस्टोरेंट अपने ग्राहकों को स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ हाईजेनिक भोजन उपलब्ध कराएगी, जिला मुख्यालय में इसक तरह के रेस्टोरेंट का अभाव था ' उक्त बातें कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर वृंदावन रेस्टोरेंट के संचालक सौरभ पांडेय ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर कही ' रेस्टोरेंट के संचालक सौरभ पांडेय ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में रेस्टोरेंट की कमी नहीं है, लेकिन वृंदावन रेस्टोरेंट द्वारा सभी से हटकर एक अलग और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन के साथ हाईजेनिक भोजन परोसा जाएगा ' उन्होंने कहा कि किचन, स्टाफ एवं साफ- सफाई पर विशेष ध्यान रहेगा ' रेस्टोरेंट के संचालक सौरभ पांडेय ने जिला के लोगों से आग्रह किया कि शुद्ध शाकाहारी भोजन के लिए वृंदावन में अवश्य पधारे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शुभ अवसर विवाह,छेंका,तिलक,रिंग सेरेमनी,जन्मदिन तथा ऑफिस मीटिंग के लिए वृंदावन रेस्टोरेंट सदैव तत्पर रहेगा ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृंदावन नाम ही एक ऐसा ब्रांड है, और इस नाम को ध्यान में रखकर वृंदावन के तर्ज पर अपने ग्राहकों को भोजन की थाली उपलब्ध कराएगी ' जन्माष्टमी पर वृंदावन रेस्टोरेंट का उद्घाटन समारोह में संचालक सौरभ पांडेय ने कहा क आगामी 30 अगस्त तक अपने ग्राहकों को विशेष छूट देगी ' शहर में पहला ऐसा रेस्टोरेंट होगा, जहाँ ग्राहकों को हाईजेनिक भोजन मिलेगा, जो स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है ' उद्घाटन समारोह के अवसर अवसर पर मीडिया बंधु के अलावा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

बिहार नेपाल और उत्तरप्रदेश के सीमाई क्षेत्रों में झाडफूंक के आड़ में धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बिहार,नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा के कई इलाकों में दवा इलाज और झाड़ फूँक के नाम पर धर्मान्तरण का खेल बदस्तूर जारी है। धनहा के साथ अब भीतहा में कैंप लगाकर भोले भाले लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सबसे बड़ी बात है की पुलिस प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी भी है, क्योंकि पुलिस मुख्यालय पटना ने डीएम और एसपी को पत्र जारी कर इसकी जाँच और रोक लगाने के निर्देश बीते 7 अगस्त को दिये हैं बावजूद इसके अब तक प्रशासन की ओर से कोई गंभीरता नहीं दिखाई गईं है,लिहाजा लोग विरोध में उतर आये हैं। वहीं दूसरी ओर इसकी शिकायत मिलने पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने गंभीरता दिखाई है। केंद्रीय मंत्री ने साफ तौर पर कहा है की प्रलोभन देकर भारतीय संस्कृति से छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन को हर हाल में रोकना होगा लिहाजा उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इसपर सख़्ती से कार्रवाई समेत समय रहते धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग की है। दरअसल सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े पश्चिम चम्पारण जिला को ईसाई मिशनरियों ने सॉफ्ट टारगेट किया है। तभी तो उतर प्रदेश सरकार द्वारा नकेल कसे जाने पर पहले गंडक पार के धनहा थाना अंतर्गत गोबरहिया गाँव में ठिकाना ढूंढा गया और बीते कई वर्षों से यहाँ कैंप लगाकर सप्ताह में दो दिन गुरुवार और रविवार को हजारों की भीड़ में तेल पानी देकर गंभीर बीमारियों को ठीक करने के नाम पर बहला फुसलाकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। अब भितहा प्रखंड के मछहा पंचायत के झवहटिया गांव में भी झाड़-फूंक करने की आड़ में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। जिसको लेकर सामाजिक लोग विरोध में उतर आये हैं। लिहाजा कानूनी कार्रवाई के लिए भीतहा थाने पर हल्ला बोल किया है और पुलिस को लिखित शिकायत देकर अविलम्ब इस पर रोक लगाने की मांग किया है। बतादें की बिहार के इन इलाकों से पूर्व उत्तर प्रदेश के एक गांव में यह चंगाई सभाएँ संचालित होतीं थीं लेकिन यूपी पुलिस की कार्रवाई के बाद वहाँ से व्यवसायिक दुकानें बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में बिना रोक-टोक के खोल दी गईं हैं । निश्चित तौर पर यह मामला उच्च स्तरीय जांच का विषय है । आखिर प्रशासन अब तक मौन क्यों है सवाल यह भी है... ऐसे तमाम सवाल उठ रहे हैं जिसका जवाब मिलना अभी बाकी है ।

सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत एक अन्य बाइक सवार की हालत नाजुक

बगहा। बगहा में भीषण सड़क दुर्घटना में एक शख़्स की दर्दनाक मौत हो गईं है जबकि बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर-बखरी बाजार मुख्य सड़क के बीच सरहटवा के समीप की है जबकि मोतीपुर पुल पर बाइक सवार अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला है। बताया जा रहा है की अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी है जिससे बाइक सवार युवकों में एक की मौत जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान रामनगर के बरवा बंजरीया निवासी अशोक भर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर वहाँ लोगों की भीड़ जुट गईं वहीं पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।

भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ लीयाफी का चुनाव सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा पटना के कदमकुआं में भारतीय जीवन बीमा निगम, पटना मंडल 2 के अभिकर्ता संघ लियाफी की आम सभा संपन्न हुई जिसे मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए सांसद सिग्रीवाल ने अभिकताओं की समस्याओं को लोकसभा में उठने और लाभकारी योजनाओं को लागू करने में मदद करने का भरोसा दिया। अभिकताओं को संगठित कर संगठन को मूर्त रूप देने के सूत्रधार मोतीलाल सिंह (मढ़ौरा शाखा) को अपना आदर देते हुए सांसद सिग्रीवाल ने बताया अल्प सूचना पर भी मीटिंग में आने की सहमति दी।अभिकताओं के बीच आदर के पात्र मोतीलाल सिंह जी ने बताया कि सर्वसम्मति से संघ के मंडलीय कमिटी का गठन अगले कार्यकाल तक के लिए किया गया। एक ओर जहां पटना मंडल२ के महासचिव पद पर गोपालगंज के प्रमोद सिंह निर्वाचित हुए तो दूसरी ओर आरा शाखा के सुरेश प्रसाद सिंह अध्यक्ष बनाए गए। नई कमिटी ने आने वाले चुनौतियों और आए दिन एजेंट के समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया। नई कमिटी जल्द ही वरीय मंडल प्रबंधक और जोनल मैनेजर पूर्व मध्य क्षेत्र के साथ औपचारिक बैठक करने का भी निर्णय लिया। सांसद सिग्रीवाल की उपस्थिति से गदगद अभिकताओं ने अपने वरिष्ठ साथी मोतीलाल सिंह को हृदय से धन्यवाद दिया। सभा को जीवन बीमा प्रबंधन की ओर से पटना मंडल २ के प्रबंधक (विक्रय) सुशील कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया । मीटिंग में अन्य लोगो के अलावा मढ़ौरा से भाग लेने वालो में मुख्य रूप से लियफी अध्यक्ष मोतीलाल सिंह, सचिव अविराम सिंह, कोषाध्यक्ष संजय बैठा, प्रवक्ता अजय सिंह, उपस्थित थे। ज्ञात हो की इस मीटिंग में पटना मंडल २ अंतर्गत आने वाली शाखाओं सासाराम , डेहरी, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, छपरा १ एवम २ , मढ़ौरा, महाराजगंज, सिवान, गोपालगंज के अभिकतर्ताओ , शाखा सचिव अध्यक्ष ने हिस्सा लिया।

जिले में आई 9 टू-नेट मशीन टीबी की जांच होगी आसान

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में 9 टू-नेट मशीन लगाई गई है। यह अगले सप्ताह से काम करने लगेगी। जिले में पूर्व से 7 टू नेट मशीन कार्यरत है। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ संजीव ने बताया कि टू-नेट मशीन के लगने से जिले में अब टीबी मरीजों की जांच में क्रांति आएगी। पहले जिला यक्ष्मा केंद्र मोतिहारी एवं अनुमण्डलीय अस्पताल रक्सौल में ह्लसीबी नेटह्व मशीन ही था, जिसमें एक साथ नॉर्मल टीबी एवं एमडीआर की जाँच होती थी। इस जाँच में 2 घंटा से अधिक का समय लगता था। अब नये मशीन के आने से समय की भी काफी बचत होगी। टू नेट मशीन से मात्र 40 मिनट में नार्मल टीबी और 1 घंटे में एमडीआर की रिपोर्ट मिल जाती है। पहले टू नेट मशीन से कोरोना का जाँच होता था। सीडीओ डॉ संजीव ने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिले में सरकारी संस्थान में 1 हजार 494 इलाजरत एवं 4 हजार 5 सौ 8 (कुल 6 हजार 2) टीबी के मरीज हैं। - इन संस्थानों में लग चुकी है मशीन टीबी मरीजों की पहचान करने हेतु जिले के आदापुर, रामगढ़वा, सुगौली, पहाड़पुर, केसरिया, बंजरिया, छौड़ादानो, पताहीं, मेहसी में टू नेट मशीन लगाये गये हैं। -टीबी मुक्त पंचायत की ओर अग्रसर होगा जिला : सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह एवं एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि इन अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग से टीबी की जाँच में तेजी आएगी और जिले में टीबी मुक्त अभियान को गति मिलेगी। स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर घर जाकर टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित किया जाएगा। उनके बलगम का सैंपल लेकर स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराया जाएगा। इस प्रकार टीबी मरीजों का पता लगाने के साथ दवाओं का पूरा कोर्स चलाकर टीबी ठीक कर जिले को टीबी मुक्त बनाया जाएगा। डॉ पासवान ने बताया कि एकबार टीबी की दवा जब शुरू हो तो भूलकर भी दवा का सेवन बीच में न छोड़े, अन्यथा इसका बिगड़ा हुआ रूप एमडीआर का खतरा हो जाता है। जिला यक्ष्मा केंद्र के लैब टेक्निशियन मनु सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 50-60 टीबी मरीजों की जाँच स्वास्थ्य केंद्र पर की जाती है। अरविन्द कुमार टीबी एचबी ने बताया कि दवाओं की उपलब्धता के अनुसार, टीबी मरीजों को निःशुल्क दवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं।

छपरा-आनंद बिहार-छपरा साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचलन का हुआ अवधि विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।: रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05109/05110 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा त्यौहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 18 सितम्बर से 27 नवम्बर, 2024 तक प्रत्येक बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 19 सितम्बर से 28 नवम्बर,2024 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को 11 फेरों हेतु किया जायेगा ।

05109 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 18 सितम्बर से 27 नवम्बर, 2024 तक प्रत्येक बुधवार को छपरा से 17.45 बजे प्रस्थान कर सीवान से 18.30 बजे, देवरिया सदर से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.37 बजे, बस्ती से 22.04 बजे, गोण्डा से 23.35 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 00.42 बजे, सीतापुर जं0 से 03.05 बजे, बरेली जं0 से 06.03 बजे तथा मुरादाबाद से 08.30 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 11.50 बजे पहुंचेगी ।

पसी यात्री में 05110 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 19 सितम्बर से 28 नवम्बर,2024 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 12.55 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 15.40 बजे, बरेली जं0 से 17.07 बजे, सीतापुर जं0 से 20.45 बजे, बुढ़वल से 22.20 बजे, गोण्डा से 23.45 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 01.25 बजे, खलीलाबाद से 02.00 बजे, गोरखपुर से 03.05 बजे, देवरिया सदर से 04.05 बजे तथा सीवान से 05.05 बजे छूटकर छपरा 06.45 बजे पहुंचेगी ।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूति प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे ।

अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में है सिजेरियन सी सेक्शन प्रसव की सुविधा

नजदीकी अस्पताल में निःशुल्क इलाज व्यवस्था में सुधार ग्रामीण खुश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ ही सिजेरियन प्रसव के मामलों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने हेतु स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर अनुमण्डलीय अस्पताल, बगहा में लाभुकों को सिजेरियन सेक्शन का लाभ मिल रहा है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में नई व्यवस्था के तहत सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार व शनिवार को सिजेरियन ऑपरेशन का लाभ लाभुकों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन हेतु चार दिन के लिए अलग- अलग चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। इसमें डॉ. विजय कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. पूजा कुमारी व डॉ. आकृति शामिल हैं।

डॉ. तिवारी ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टर अरुण कुमार, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. एसपी अग्रवाल व जीएनएम कर्मियो की देख रेख में मंगलवार को दो सिजेरियन व दो बंध्याकरण ऑपरेशन सफलतापूर्वक किये गये। उन्होंने बताया कि अस्पताल की व्यवस्था में अन्य कई सुधार किया जाना है। इलाज हेतु आयी महिला लाभार्थी शीला देवी एवं रेशमा खातून ने बताया कि पहले इलाज व ऑपरेशन के लिए बेतिया मेडिकल जाना पड़ता था, जिससे ज्यादा खर्च उठाना पड़ता था। परन्तु अब 65-70 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ती है। समय भी बचता है, अस्पताल साफ-सुथरा है और अच्छा इलाज हो रहा है। दक्ष चिकित्सकों और ट्रेंड नर्सों की टीम रहती है मौजूदः जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी अमित कुमार ने बताया कि अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में जटिल प्रसव के मामलों से निपटने के लिए लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। दक्ष चिकित्सकों की टीम और ट्रेंड नर्सों की मौजूदगी में सिजेरियन सेक्शन के प्रसव कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर के अलावा प्रसव पूर्व वार्ड और मैटरनल वार्ड को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। अस्पताल के ओटी में चिकित्सक, ऐनेस्थेटिक और पेडियाट्रिक स्पेशियलिस्ट के साथ दक्ष नर्सों की टीम मौजूद रहती है। ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल में लाई जाने वाली सभी दवाओं के अलावा रक्त की भी उपलब्धता है।

प्रधान सहायक प्रयास करें कि सेवानिवृत्त कर्मियों को सभी सुविधाएं समय से मिले : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को रिटायरमेन्ट के दिन ही सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं पूरे सम्मान के साथ मिले, इसे सुनिश्चित कराने में प्रधान सहायक हरसंभव प्रयास करें। ऐसे कर्मियों को सेवानिवृति लाभ लेने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें। ऐसा करने वाले प्रधान सहायकों के साथ ही उनके कार्यालय प्रधान एवं नाजिर को जिलास्तर पर सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी, समाहरणालय सभाकक्ष में प्रधान सहायकों की आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने प्रधान सहायकों को निर्देश दिया कि बैठक में दिये गये दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। कार्यालय प्रबंधन और अधिक बेहतर करने का प्रयास करें। सभी कर्मी कार्यालय समय पर आएं, इसे सुनिश्चित करें। बायोमेट्रिक मशीन ठीक रखें और उपस्थिति दर्ज कराएं। आरटीपीएस सहित कार्यालय के अन्य कार्यों को ससमय निष्पादित करें। कैशबुक सहित अन्य पंजियों एवं अभिलेखों को अद्यतन रखें। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी प्रधान सहायकों को निर्देश दिया गया था कि असमायोजित राशि का समायोजन कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके बावजूद कई कार्यालय द्वारा 70 लाख से उपर असमायोजित अभिश्रव का समायोजन नहीं किया जाना, अत्यंत ही खेदजनक है। सभी प्रधान सहायक असमायोजित राशि का शत-प्रतिशत समायोजन कराना सुनिश्चित करें।

30 सितंबर को सीपीआई करेगी जिला समाहरणालय पर विशाल प्रर्दशन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सीपीआई की सारण जिला परिषद् की संपन्न बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि जिले की जनता की ज्वलंत मुद्दों पर 30सितंबर को जिला समाहर्ता के समक्ष विशाल जन प्रर्दशन आयोजित किया जायगा। बैठक मे पारित प्रस्ताव मे कहा गया है कि महंगाई,बेरोजगारी , जिला मुख्यालय सहित जिले के चंवर से जलनिकासी, भूमिहीनों को वास की जमीन, सभी वंचितों को राशन कार्ड मुहैया कराने, मढ़ौरा चीनी मिल चालू करने, जिले की लंबित रेल परियोजनाओं को पूरा करने, जिले मे परिवहन निगम की बसों का रिंग सर्विस चालू करने, स्मार्ट मीटर योजना वापस लेने, भी सर्वे मे पारदर्शिता लाने, लंबित सभी दाखिल खारिज संपन्न करने, जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक की ड्यूटी सुनिश्चित करने और सभी प्रकार की दवाइयों का मुफ्त वितरण करने आदि मांगो को लेकर यह प्रर्दशन आयोजित होगा। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सौरभ ने कहा कि मोदी सरकार मंहगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने मे बुरी तरह विफल हो रही है, केन्द्र सरकार केवल कॉरपोरेट घरानों के लिए काम कर रही है और देश मे नफरत और घृणा की राजनिति को बढ़ावा दे रही है। किसान और गरीब जनता को भाग्य भरोसे छोड़ दिया गया है। बिहार की नितीश सरकार केवल सत्ता मे बने रहने के लिए जोड़ तोड़ करने मे व्यस्त है, हत्या अपराध मे बेतहाशा वृद्धि हुई है, भ्रष्ट्राचार का आलम यह है कि एक एक कर नवनिर्मित पुल ध्वस्त हो रहे हैं। महात्मा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता मे संपन्न बैठक को कार्यकारी जिला सचिव रामबाबू सिंह के अलावा सर्व श्री चुलहन सिंह, नागेंद्र राय,१ के एन सिंह, हरिबालाम सिंह, शिवजी दास, एस एन त्रिपाठी, सीताराम मांझी, रजाक हुसैन, नरेंद्र राय, जयनारायण सिंह, सिंहासन राय गौतम साह, सुरेश वर्मा, मैनेजर यादव, विरेंद्र सिंह, परमात्मा गुप्ता, रमेश ठाकुर, दर्शनानंद, किशोरी राय, शहाबुद्दीन आदि ने भी संबोधित किया।

नवनियोजित 5 महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं वन स्टॉप सेंटर के दो कर्मियों को जिलाधिकारी ने दिया नियोजन पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। समाज कल्याण विभाग के तहत समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत सारण जिला में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध 37 महिला पर्यवेक्षिकाओं का नियोजन किया गया है। इनमें से 27 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उनके दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत पहले ही नियोजन पत्र दिया गया है। 10 अन्य नियोजित महिला पर्यवेक्षिकाओं के दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें से आज उपस्थित 5 महिला पर्यवेक्षिकाओं कुमारी श्वेता सिंह,कुसुम शर्मा, रितु कुमारी, कुमारी अंजली एवं ज्योति नवीन को आज जिलाधिकारी अमन समीर ने नियोजन पत्र वितरित किया। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर में नवनियोजित म

संक्षिप्त खबरें

वहान चेकिंग में पुलिस ने काटा 10 हजार का चालान

काराकाट (रोहतास) काराकाट पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर काराकाट थाना एसआई संजीव कुमार व रोहित कुमार के नेतृत्व में एनएच 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के गोडारी सीएचसी चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिस क्रम में मंगलवार को 10 हजार का चालान काटा गया। इसकी जानकारी एस आई रोहित कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा।

भूमि विवाद में तीन जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

काराकाट(रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र बसडीहां गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बसडीहां निवासी सुमित्रा देवी पति बशिष्ठ राम द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर निवासी मेरी बहुन मीना देवी, बहनोई विजय पासवान अपने 10 सहयोगी के साथ मेरे घर आयी और मुझे घर से बुलाकर बातचीत करने के क्रम में सभी मारपीट करने लगे। जब मैं हो हल्ला किया तो मेरा भरीजा गौतम कुमार तथा मेरा लड़का महेश कुमार बीच-बचाव करने लगे तो उनलोगों ने मेरे बेटा एवं भतीजा को मार पीट किया। मेरे भतीजा को पोकेट में 25 हजार रूपया तथा मेरे गले से सोने का चैन विजय पासवान एव मीना देवी जबरदस्ती छीन लिया। ये सभी भूमि विवाद में पुरानी रंजिश के कारण मेरी हत्या करने के नियत से आए थे।

बिजली बिल में बढ़ोतरी को लेकर विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

संझौली (रोहतास)। विद्युत विभाग द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी कर इसकी हालत सुधारने की कोशिश तो की जा रही है। परंतु अधिकारियों के मनमानीपूर्ण रवैये से उपभोक्ताओं की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कई उपभोक्ता महीनों से विद्युत कार्यालय संझौली का चक्कर काटने को मजबूर है, लेकिन अधिकारियों व कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। संझौली निवासी पुनम कुमारी ने बताया कि बिधुत कन्केसन के लिए दो माह आवेदन किए हो गए है। लेकिन अभी तक मकान स्थित लाइन कनेक्शन नही हुई। इस संबंध में संझौली कनीय विधुत अभियंता से विधुत कनेक्शन के लिए कई बार बात की। इसके बावजूद भी अभी तक कनेक्शन नही हुआ है। संझौली जेई के शिथिलता कारण प्रचंड गर्मी व अंधरे में रहने को विवस है। करीब दो माह से विधुत विभाग कार्यलय का चक्कर लगा रहा हूं। वही राजाड़ीह ग्राम निवासी उपभोक्ता सुनील सिंह ने बताया कि विधुत कर्मियों द्वारा पहले से चला हुआ मीटर लगा दिया गया है। इस दौरान कर्मियों द्वारा बताया गया कि इससे आपको कोई दिक्कत नही है। पूर्व में जितना मीटर चला है, उसके बाद का ही आपका बिल आएंगे। जिसके बाद ज्यादा बिल बढ़कर आया गया है। सुधार के लिए छठे महीने में ही आवेदन दिया है। आवेदन दिए दो माह हो गए, लेकिन अब तक मेरा बिजली बिल में सुधार नही हुआ। बिजली बिल सुधार नही होने को ले उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। कई उपभोक्ता ने जई पर आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर वें कार्यलय नहीं आते है। और फोन भी नही उठाने की उनकी शिकायत है।

बिजली स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को मिलेंगे ब्याज : एसडीओ

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत कुल 9 हजार 254 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। ज्ञात हो कि बिजली चोरी रोकने के लिए बिहार में विभाग ने एक अभियान तहत घर-घर अब स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर लगने से विभाग समेत उपभोक्ताओं को भी काफी फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को बिजली बिल के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। उपभोक्ता मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले इन मीटरों में जितने का रिचार्ज करेंगे उतनी ही बिजली खर्च कर पाएंगे। बता दें कि उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं। इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह के 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः कट जाती है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है तथा रात में भी कंपनी द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है।

आज आठ केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती के अंतिम चरण की परीक्षा, तैयारियां पूरी

जिला प्रशासन हुई मुस्तैद, सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर, फर्जी परीक्षार्थी व परीक्षा शेटर के दलालों को सीधे होगी जेल

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ (कैमूर) आज केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का 6वें चरण की अंतिम परीक्षा जिला के आठ परीक्षा केंद्रों पर बुधवार होगी संचालित। पिछले पांच चरणों की तरह प्रशासन अंतिम चरण के परीक्षा को भी कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

शासनिक स्तर पर किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा रही है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोशल मीडिया सहित अन्य संचार माध्यमों पर अफवाह फैलाने या झूठी खबर देने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिसे सीधे जेल होगी। अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 गज के परिधि में सुबह 8:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इसके तहत परीक्षा केंद्र के आसपास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ चलना या इकट्ठा होना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करना, कोई भी घातक हथियार या आग्नेय अस्त्र लेकर चलना या बेवजह घूमना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

जिला प्रशासन पूरे परीक्षा तक दिखेगी सख्त : परीक्षा संचालन तहत प्रत्येक केंद्र पर इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति कर दी गई है तथा डीएसपी साइबर क्राइम को पुलिस पदाधिकारी के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जो केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के आदेश के आलोक में अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र में प्रवेश समय भी 10:30 तक ही निर्धारित है।

सभी परीक्षा केन्द्रों की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल एवं पर्याप्त मात्रा में रौशनी के लिए जनरेटर की पूर्व व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। इस परीक्षा में रिपोर्टिंग समय 9:30 बजे है तथा 10:30 बजे के बाद किसी की परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पूर्व ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा समाप्त होने के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को टॉयलेट शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी।

फर्जी परीक्षार्थियों को सीधे होगी जेल : परीक्षा में परीक्षार्थियों को ई-प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों हेतु जगह पूर्व में निर्धारित है, जिस पर परीक्षार्थियों का रोल नंबर तथा फोटो स्टिकर निश्चित रूप से चिपकाए जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा जनरेटर लगे हुए रहेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक, फोटो, वीडियो आदि लिए जाएंगे जिससे गड़बड़ी करने वालों की आसानी से पहचान हो सकेगी तथा सीसीटीवी तथा जैमर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र तथा आधार कार्ड के अतिरिक्त कोई भी लेखन सामग्री लेकर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। लेखन सामग्री परीक्षा के दौरान ही केंद्र अधीक्षक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के दौरान कोई भी लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पैमटॉप या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना वर्जित है। यदि मुन्ना भाई पकड़े जाते है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जायेगा। परीक्षा कार्य में लगे कोई भी कर्मी के भी मोबाइल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है।

निर्धारित समय के बाद परीक्षार्थी नही जा सकेंगे परीक्षा केंद्र के अंदर : परीक्षा आरंभ होने से 10 मिनट पूर्व शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के सामने ही प्रश्न पत्रों का पैकेट खोला जाएगा। किसी भी परिस्थिति में यूज्ड या अनयूज्ड ओएमआर शीट अथवा क्वेश्चन बुकलेट केंद्र के बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति परीक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जायेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन, हॉल या कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त शिक्षक तथा अन्य कर्मचारी भी वैध कागजात के अतिरिक्त कोई भी अन्य कागजात परीक्षा केंद्र पर नहीं ले जाएंगे। परीक्षा केंद्र पर किसी भी व्यक्ति के पास मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं दी गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर फ्रेंसिंग या जांच के लिए महिलाओं की निजता का ध्यान रखते हुए अलग से व्यवस्था की गई है। गहन जांच प्रक्रिया में अधिक लंबी लाइन हो सकती है इसीलिए निर्धारित समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपेक्षा की गई है तथा धैर्य और अनुशासन के साथ अपनी बारी का इंतजार करने की आशा की अपील भी प्रशासन द्वारा की गई है।

अंतिम चरण की परीक्षा के लिए जिलें में बनें है आठ केंद्र : जिले के कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी स्तर के पदाधिकारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट सह ऑब्जर्बर बनाया गया है तथा उनके सहयोग के लिए इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी पुलिस बल के साथ प्रतिनियुक्त किए गए हैं। स्टेटिक दंडाधिकारी परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहकर स्वच्छ, कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपादित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। परीक्षा केंद्र पर किसी भी उपद्रव की स्थिति में पुलिस बल के सहयोग से आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जिले के सभी आठ परीक्षा केंद्र को चार भाग में बांटकर जोनल मजिस्ट्रेट सह समन्वय परीक्षक बनाए गए हैं जिसमें जिले स्तर के वरीय पदाधिकारी लगाए गए हैं। जोनल मजिस्ट्रेट समन्वय आब्जर्वर की भूमिका में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसी प्रकार दो वरीय अधिकारियों को उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है जो पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रत्येक केंद्र पर घूम-घूम कर कदाचार मुक्त परीक्षा संपादित कारण करवाने में सहयोग करेंगे। परीक्षा को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला गोपनीय शाखा कैमूर में दूरभाष संख्या 06189 222250 नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जिस पर किसी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर द्वारा शहर के सभी होटल, लॉज, ढाबा, कोचिंग संस्थानों आदि की गहन जांच होगी।

सरकारी जमिनों की सुरक्षा और संरक्षण में बिहार सरकार फेल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। सरकारी जमिनों की सुरक्षा और संरक्षण में बिहार सरकार फेलीयर साबित हो रही है। बिहार सरकार के अधिकारी और पुलिस सरकारी जमिनों की सुरक्षा करनें और संरक्षण करने के स्थान पर मिलीभगत करके अवैध ढंग से उन पर कब्जा करवा रहें हैं। सरकारी जमिनों के अलावे सरकारी भवनों के रख-रखाव और संरक्षण में भी बिहार सरकार फेल हो गयी है। अवैध ढंग से अतिक्रमण कियें लोगों पर किसी तरह की कार्यवाई नहीं की जा रही है उल्टें अतिक्रमणकारीयों को ही संरक्षित एवम प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रखंड के अंचलाधिकारी और स्थानिय थानों से मिलीभगत करके बड़े पैमाने पर सरकारी जमिनों को दखल करनें और अतिक्रमण करनें का खेल व्यापक पैमानें पर चल रहा है। जिलें के वरिय अधिकारी इस विषय पर संज्ञान लेने के स्थान पर कानों में तेल डाल कर है रहें हैं। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यह है कि बहुत सारे मामलों में जिला के विभिन्न विभागों के वरिय पदाधिकारीयों के अतिक्रमण हटानें संबंधी आदेशों को भी अंचलाधिकारीयों और थानाध्यक्षों के द्वारा धत्ता बताते हुये सरकारी जमिनों पर कब्जा करवाया जा रहा है। जिसका नतिजा है कि बहुत सारी सरकारी जमिनों के साथ -साथ ही विभिन्न विभागों के सरकारी भवन भी अतिक्रमित कर लिये गयें हैं। मौजूदा वस्तुस्थिति यह है कि यह कहनें में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि थानाध्यक्षों के द्वारा सरकारी जमिनों को औने-पौनें दामों पर बेचा जा रहा है, इनके आदेश और सहयोग से जिसे जहां मन हो आवश्यकतानुसार सरकारी जमिनों की घेराबंदी करा सकता है।

सरकारी सेवा में रहते हुये सरकारी जमिनों को सुरक्षित रखनें की जिम्मेवारी इन लोगों के द्वारा बखुबी निभाई जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कुछ समय के बाद विकास के लियें आवश्यक भवनों ,सड़कों , विद्यालयों एवम स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि के निर्माण के लिये सरकारी जमिनें नहीं मिल पायेगीं।

थानों के द्वारा अवैध दखलकारों और अतिक्रमणकारीयों को संरक्षित एवम प्रोत्साहित किया जा रहा है। शनिवारी बैठकों में नीजी जमिनों के दखल -कब्जा से संबंधित आवेदनों के आलोक में पुलिस तत्काल उगाही की नियत से संबंधित पक्ष के पास पहूंचती है और नजराना के आधार पर ही तय करती है कि किस पक्ष को मदद किया जाये किस पक्ष को नहीं किया जाये। परंतु सरकारी जमिनों और भवनों के मामलों में संबंधित विभागों के वरिय अधिकारीयों द्वारा बार-बार निदेश दिये जानें के पश्चात भी पुलिस झांकने तक नहीं जाती है उल्टे कब्जाधारीयों और अतिक्रमणकारीयों से मोटी रकम ले कर सो जाती है। इससे यह भी साबित होता है कि पुरा सिस्टम ही फेल हो गया है। जब अंचलाधिकारीयों एवम थानाध्यक्षों के द्वारा जिला के वरिय पदाधिकारीयों की बातों को लगातार अनसुना कर दिया जा रहा है तब आम जनता की बातों को इनके द्वारा कितना सुना जाता होगा यह समझनें का विष्य है।

सुसाशन बाबु के राज में अब सरकारी जमिने भी बिकनें लगीं , सरकारी भवनों का आवंटन भी निजी हाथों को प्राप्त होनें लगा है , इसे ही न्याय के साथ विकास कहतें हैं। ईनका सारा विकास कागजों औश्र सरकारी फाइलों तक सिमट कर रह गया है। चाहे वह नल-जल की योजना हो चाहे गली-गली की योजना हो, चाहे शिक्षा एवम स्वास्थ्य से संबंधित योजनायें हों, चाहे जमिन का सर्वे ही हो। ऐसे ढोंगीं -विकास पुरूष को आगामी चुनाव में सबक सिखानें की आवश्यक्ता है।

जिला में भूमि संबंधित लंबित मामलों को लेकर डीएम हुए सख्त

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास (सासाराम) जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को भूमि विवाद निपटारा को लेकर अधिकारियों साथ की गई एक विशेष बैठक। जिसके तहत भूमि विवाद, राजस्व संबंधी कार्यों, संरचनाओं से संबंधित भू अर्जन, नए भवनों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता, सरकारी भूमि एवं भवनों का अतिक्रमण तथा आंतरिक संसाधन को लेकर विशेष चर्चा हुई। समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारी मौजूद थे। अंचलवार ऑनलाइन म्यूटेशन रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार केवल पांच अंचल ही ऐसे हैं, जिनमें 95 फीसदी से ऊपर लंबित मामले निपटाए गए हैं। जबकि 10 अंचलो में 90 से 95 फीसदी तक लंबित आवेदनों का निपटान किया गया है। शिवसागर, चेनारी, सासाराम और

संझौली प्रखंड में 90 फीसदी से कम आवेदनों का निपटान किया गया है।

जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता को दिया विशेष निर्देश : जिला क्षेत्र के सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया कि वे सभी अपने-अपने अंचल कार्यालयों में हफ्ते में तीन दिन शाम 5 बजे के बाद बैठकर लंबित आवेदनों का निपटान करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सासाराम, संझौली और डिहरी को इस माह के अंत तक लंबित आवेदनों के निपटान का प्रतिशत 95 फीसदी से ऊपर करने का निर्देश दिया है।

साथ ही जिलाधिकारी ने ऑनलाइन म्यूटेशन के लिए लंबित पड़े आवेदनों को समय पर निपटान नहीं करने को लेकर डीसीएलआर सासाराम और दिनारा को स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों की सूची में कमी नहीं होने तथा अधिक आवेदनों को अस्वीकृत करने पर संबंधित पदाधिकारी की सैलरी भी रोकी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी सासाराम और दिनारा के डीसीएलआर को यह निर्देश दिया गया था कि अस्वीकृत किए गए आवेदनों की जांच करें कि आखिर क्यों आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। लेकिन अभी तक इस दिशा में उनके द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया था। उन्होंने एक बार पुनः दोनों अनुमंडल के डीसीएलआर को अस्वीकृत किए गए आवेदनों की जांच कर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सासाराम के अंचलाधिकारी को एक महीने के अंदर ऑनलाइन म्यूटेशन संबंधी सभी लंबित मामलों के निष्पादन करने का समय दिया है।

ऑनलाइन म्यूटेशन संबंधी लंबित आवेदनों का जल्द करें निष्पादन : जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को ऑनलाइन म्यूटेशन संबंधी लंबित आवेदनों को 98 से 99 फीसदी जल्द से जल्द निपटाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने अस्वीकृत आवेदनों की संख्या को भी कम से कम करने का निर्देश दिया है। सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रविवार तथा छुट्टी वाले दिन कार्यालय को देर तक खोलकर ऑनलाइन जमाबंदी संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अंचलों में ऑनलाइन जमाबंदी संबंधी आवेदनों का निपटान 95 प्रतिशत से ऊपर हो जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन लैंड पजेशन सर्टिफिकेट (एलपीसी) का निपटान किसी भी हाल में 100 फीसदी से कम नहीं होना चाहिए। एलपीसी रिपोर्ट में चिनारी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। जिलाधिकारी ने दखल दिहानी संबंधी सारे मामले इस माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रति समीक्षात्मक बैठक की। जिसके तहत उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। भभुआ सदर अस्पताल में ओपीडी सर्विस की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने ओपीडी सेवा में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने ओपीडी सेवा को बढ़ाने के लिए चिकित्सक के रोस्टर प्लान में सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही सर्जरी हेतु विशेष ध्यान देने एवं आई ओटी में शून्य सर्जरी होने पर अविलंब संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। डीएम द्वारा संस्थागत प्रसव, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी टेस्ट,एक्स रे, सीटी स्कैन, डायबिटीज सुगर आदि पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

पत्रकार के पत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए कई चर्चित चेहरा, दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

चरपोखरी। प्रखंड के सोनवर्षा गांव के रहने वाले न्यूज 18 आरा के संवाददाता चंदन मिश्रा की पत्नी स्व रंभा कुमारी के असामयिक निधन उपरांत उनके श्राद्धकर्म में राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक बड़े बड़े दिग्गज नेता व चर्चित चेहरा शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। उक्त श्राद्धकर्म कार्यक्रम उनके पैतृक गांव सोनवर्षा में संपन्न हुआ। इस मौके पर रंभा कुमारी की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां श्री लक्ष्मी नारायण तोताद्री मठ सोनवर्षा के मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के निर्देशन में विद्वान पुरोहित लोगों ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कराया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों बेसहारा लोगो के बीच वस्त्र वितरण किया गया। आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मे आये हुए हजारों की संख्या मे लोगो ने स्व रंभा देवी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बता दे कि जिले वरिष्ठ पत्रकार श्री मिश्रा कि पत्नी रंभा कुमारी की अचानक इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जहां उनके मृत्यु उपरांत आयोजित श्राद्धकर्म सह श्रधांजलि सभा मे बिहार के कोने कोने व भोजपुर जिले से आये हुए हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनेता,सामाजिक कार्यकर्ता,पत्रकार और प्रशासन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पत्रकार चंदन मिश्रा व उनके दो वर्षीय पुत्र से मिलकर संवेदना प्रकट किया। वही देर रात तक लोगो का आने का सिलसिला जारी रहा।

किसान महासंघ के प्रखंड उपाध्यक्ष के निधन पर शोकसभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) किसान महासंघ के केन्द्रीय कार्यालय करगहर में किसान महासंघ के प्रखंड कमिटी के उपाध्यक्ष राम अशीष सिंह के आकस्मिक निधन होने के बाद किसान महासंघ के कार्यकताओं ने शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रख उनके तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में उपस्थित किसान महासंघ के संस्थापक रामाशंकर सरकार ने कहा कि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से किसान महासंघ को काफी छाती हुई है क्योंकि वह लड़ाकू तथा संघर्षशील किसान नेता थे इनका सच था कि अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा तब कारण जल से परियोजना का कार्य पूरा होगा उनके द्वारा इस सपने को उनके इस सपने को किसान महासंघ पूरा करेगा आगामी अक्टूबर माह में अनिश्चितकालीन धारणा को कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। उक्त मौके पर कामेश्वर सिंह, डॉ. कमलेश सिंह, श्याम बिहारी सिंह, रमाशंकर सिंह, मंटेश्वरी निवास, अभय कुमार, कामेश्वर शाह, रविंद्र कुमार सिंह, रमेश चौधरी, रामामनी सिंह, बैजनाथ चौबे, राजेश गुप्ता, राजीव रंजन, सोना कुमार आदि किसान महासंघ के कार्यकताओं ने शोक जताया।

सांसद सुदामा प्रसाद ने आरा सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

आरा। सांसद सुदामा प्रसाद ने आरा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया! इस दौरान सांसद सुदामा प्रसाद ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से मिलकर इलाज के बारे में जानकारी ली! औचक निरीक्षण सांसद सुदामा प्रसाद ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा को अस्पताल में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पंजीकरण का काउंटर की संख्या को बढ़ाने, आइसीयू को चालू करने, अंल्ट्रासाउड को प्रतिदिन चालू करने, इमरजेंसी में दो डाक्टरों को ड्यूटी देने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने और पंजीकरण का ऑफलाइन करने, डाइलेसिस में बेड बढ़ाने, मरीजों को समय से शुद्ध खाना देने, शुद्ध पेयजल देने का दिया निर्देश! औचक निरीक्षण के दौरान भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, मेडिकल प्रभारी दीनाजी, राजन प्रसाद, अमन आदि कई लोग मौजूद थे।

रेलवे पुलिस ने यात्रियों को जागरूक करने के लिए चलाया जन जागरण अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जिला के सासाराम रेलवे स्टेशन अंतर्गत मंगलवार को रेलवे पुलिस ने चलाया यात्री सुरक्षा अभियान। कार्यक्रम का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी संजीव कुमार व संजय कुमार गुप्ता, डायरेक्टर मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता टीम ने की। साथ ही अभियान तहत अधीनस्थ अधिकारी एवं स्टॉफ तथा मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता टीम ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाते हुए यात्रियों को यात्रा के दौरान रखने वाली सावधानी से अवगत कराया। साथ ही गाडी में एसीपी रोकने, ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन गाड़ी से रोकने, जहरखुरानी गिरोह से बचने का उपाय, यात्री सामानों की चोरी को रोकने के संबंध में जागरूकता किया। साथ ही बताया कि बिना किसी उचित व पर्याप्त कारण के गाड़ियों में एसीपी ना करें, ट्रेस पासिंग न करे, स्टेशन

पर ट्रेस पास न करके फूट ओवर ब्रिज का ही प्रयोग करें, रेल गाड़ियों पर पत्थर आदि न फेंके उससे होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। व चलती गाड़ियों से ना उतरे ना चढ़े उससे होने वाली दुर्घटना से अवगत कराया गया। यात्रियों को जागरूक किया गया कि यात्रा के दौरान किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दिया गया कोई खाने पीने का सामग्री ग्रहण ना करें तथा यात्रा करने के दौरान किसी भी तरह का विस्फोटक, ज्वालनशील सामान जैसे पटाखा, गैस सिलेंडर, आदि साथ लेकर यात्रा न करें एवं इस सभी के कानूनी पहलु तथा होने वालें नुकसान से अवगत कराकर जागरूक किया गया। साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे का हेल्पलाइन नम्बर 139 पर कॉल कर अपनी समस्या बताएं।

पुलिस थाना परिसर में रखें बाइक को चोरों ने उड़ाया

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज पुलिस द्वारा जब्त थाना परिसर से ही एक बाइक ले भागे चोर। जिस बाइक की तलाश में पुलिस जुट गई है। जो प्लैटिना बाइक सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के चौरासी मठिया निवासी पिंटू कुमार की थी। उन्होंने बताया कि वे अपनी बाइक से अपने फुआ के घर 24 मार्च को गए थे। वहां से 25 मार्च को उनकी फुआ का लड़का रवि कुमार उनकी बाइक लेकर बिक्रमगंज खरीदारी करने आया था। इसी बीच बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मैधरा - करमैनी गांव के पास उसकी दुर्घटना हो गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। डायल 112 की टीम ने उसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर सूचना दी। जख्मी का मोबाइल और बाइक थाना लेकर आई। युवक की गंभीर स्थिति के कारण उनके परिजन इलाज के लिए बनारस ले गए। घटना के दो - तीन दिन बाद जब बाइक लेने बाइक मालिक पिंटू गया तो मोबाइल तो मिल गई, लेकिन बाइक को जख्मी युवक के आने के बाद देने की बात कही गई। इस बीच बाइक मालिक ने थाना में रखी अपनी बाइक की वीडियो भी बनाई।

संगीत समारोह मे प्रवाहित हुई गायन वादन व नृत्य की त्रिवेणी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित संगीत समारोह में प्रवाहित हुई गायन वादन व नृत्य की त्रिवेणी। बक्शी कुलदीप नारायण कल्चरल सोसाईटी द्वारा आयोजित इस समारोह की द्वितीय निशा में चर्चित शास्त्रीय गायक महेश यादव ने राग संगीत प्रस्तुत कर अद्भुत समां बांधा। युवा तबला वादक सूरज कांत पांडेय ने बनारस बाज को सुनाते

हुए उठान, चलन गत व फर्द प्रस्तुति कर सभा को लयबद्ध कर दिया। वहीं नीतीश पांडेय ने भजन में कृष्ण भक्ति के रस से दर्शको को आनंदित किया। कथक नृत्यांगना खुशी कुमारी गुप्ता ने कथक नृत्य के प्रारंभ में "श्याम की बंशी मधुर धुन बाजी" पर श्रृंगार भाव प्रस्तुत करते हुए ताल पंचम सवारी में शुद्ध

सभी पिंडदान की सेवा अतिथि देवो भवः के तर्ज पर करें :जिलाधिकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के विभिन्न सोशल वर्कर्स, एनसीसी के अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, भारत स्काउट गाइड, एनएसएस, शाहिद भगत सिंह के साथ बैठक करते हुए कहा कि हर वर्ष लाखों लाख तीर्थयात्री पितृपक्ष मेला के दौरान गया जिला पधारते हैं तथा हर वर्ष आप सभी वॉलंटियर्स द्वारा पितृपक्ष मेला में यात्रियों की सेवा समर्पण भाव से करते हैं। जिसका परिणाम है कि हर वर्ष तीर्थ यात्री पितृपक्ष के बाद जब वह अपने घर लौटते हैं तो एक बेहतर सकारात्मक विचार के साथ घर लौटते हैं। पिछले वर्ष भी काफी उत्कृष्ट कार्य किए गए थे। इस वर्ष भी आप सभी से अपेक्षाएं हैं कि और बेहतर तरीके से मेला को संपन्न करवाये।इस बार पितृपक्ष मेला का माहौल कुछ अलग है, क्योंकि गयाजी डैम बनने एवं घाट का विस्तार होने के कारण अधिक संख्या में तीर्थयात्री आने की पूरी संभावना है। इसलिए आप सभी विभिन्न वॉलिंटियर्स अपनी सक्रियता तथा भागीदारी को और अधिक प्रभावी रूप से यात्रियों की सेवा में समर्पित रहने का कार्य करें। सभी पिंडदान की सेवा अतिथि देवो भवः के तर्ज पर करें।मुख्यमंत्री बिहार के निर्देश के आलोक में पितृपक्ष मेला के साथ-साथ गया जिले में आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के लिए व्यवस्थाओं का हर बार एक नया आयाम दिया जा रहा है। हर वर्ष अनेको प्रकार की इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने फल्गु नदी में सालों भर पानी उपलब्ध रहने के लिए गया जी डैम का निर्माण करवाया है इसके पश्चात सीता पथ का निर्माण करवाए हैं। इस वर्ष विष्णु पथ का निर्माण किया जा रहा है जो इस वर्ष पितृपक्ष के पहले उद्घाटन होगा एवं आने वाले तीर्थ यात्री इसका भरपूर प्रयोग करेंगे। यह विष्णु पथ के निर्माण होने से मंदिर एवं देवघाट पहुंचने के लिए और एक अतिरिक्त रास्ता बन जाएगा जिससे तीर्थ यात्रियों को काफी हद तक सहूलियत मिलेगा और वह में सड़क से सीधे तौर पर देवघाट या मंदिर जा सकेंगे, पूरे शहरों का चक्कर नहीं काटना होगा। एनसीसी के कुल 250 वोलेंटियर्स अपनी सेवा देंगे। विशेष कर अक्षयवट, विष्णुपद मंदिर के सम्पूर्ण परिसर, सीताकुंड, देवघाट इत्यादि स्थानों पर लगाये जायेंगे। भारत स्काउट गाइड के कुल 200 वोलेंटियर्स अपनी सेवा देंगे। जिनमे मुख्य रूप से रामशिला एव अन्य वेदी स्थल पर देंगे। गया कॉलेज के एनएसएस के 50 वोलेंटियर्स, जगजीवन कॉलेज एनएसएस के 50 वोलेंटियर्स एव अनुग्रह कॉलेज एनएसएस के 30 वोलेंटियर्स भी अपनी सेवा को देंगे। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि किन स्थानों पर किस वॉलंटियर्स का डिप्लॉयमेंट किया जाएगा, इसके लिये प्लान तैयार कर ले। नेहरू युवा केन्द्र के 40 वॉलंटियर्स सेवा देंगे, जिसमे मुख्य रूप से कॉल सेंटर, मंदिर प्रांगण एव खोया पाया स्टॉल में रहेंगे। जो कोई यात्री अपने परिजन से भीड़ के कारण खो जाते हैं, उन यात्री को खोया पाया स्टॉल के माध्यम से मिलाया जाएगा। डीएम ने कहा कि विष्णुपद स्थित संवाद सदन एव गया रेलवे स्टेशन पर 25-25 की संख्या में व्हील चेयर की पूरी व्यवस्था रखे। इसके साथ ही उन व्यक्ति को भी नामित रखे कि कौन व्यक्ति व्हीलचेयर से यात्री को गंतव्य स्थान तक ले जाएगा और सुरक्षित वापस लाएगा। यह बेहद जरूरी है। इसका विस्तार से प्लान अभी से ही तैयार कर ले। डीएम ने कहा कि सभी वॉलंटियर्स को आई कार्ड दिया जाएगा साथ कि पितृपक्ष मेला 2024 लिखा टीशर्ट भी उपलब्ध करवाया जाएगा, टी शर्ट के पीछे मे आई हेल्प यू भी लिखा रहेगा। इस वर्ष सभी वॉलंटियर्स को मानदेय भी दिया जाएगा, इसके लिये डीएम ने वरीय उप समाहर्ता नजारत को एक कमिटी बनाकर मानदेय निर्धारित करने को कहा है।

भक्तिमय वातावरण में ग्राम जम्होर में जन्माष्टमी मनाई गई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जन्माष्टमी पूजा के मौके पर विभिन्न मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।विष्णु धाम में महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई।राधा कृष्ण मंदिर पुनपुन रोड, पुरानी पोस्ट ऑफिस के पास राधा कृष्ण मंदिर,बिरजू बाबू के ठाकुरवाड़ी में वहां के पुजारी ने जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। पंजाब नेशनल बैंक के सामने ठाकुरबाड़ी में ललन गौड, जन्माष्टमी पूजा समिति द्वारा मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में, मुख्य बाजार स्थित चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू के शिव मंदिर में प्रेमचंद पांडेय एवं राम पुकार ओझा के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई।तो,वहीं दुर्गा मैदान रोड लक्ष्मी सेठ के शिव मंदिर,शांतिपुर के शांति बाबा के शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई।दक्षिणी मुहल्ला नथुनी बाबा के हनुमान मंदिर में उमेश कुमार महाजन के नेतृत्व में, गायत्री शक्तिपीठ अनुग्रह नारायणरोड में व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में। सिद्ध बाबा रोड वीर कुंवर स्थान के प्रांगण में अनुज कुमार यादव के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। अनुग्रह नारायण रोड स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में अच्युतानंद मिश्र के नेतृत्व में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया तो श्री राम जानकी ठाकुरवादी मंदिर के प्रांगण में भव्य एवं दिव्य वातावरण के साथ छोटेलाल पांडेय के नेतृत्व में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।ग्राम देवी देवी स्थान के प्रांगण में उमा पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई।मध्य रात्रि से ही जम्होर ग्राम भगवान श्री कृष्ण के जयकारे से गूंज उठा। एक साथ इतने सारे मंदिरों में पूजा पाठ होने के बावजूद भी स्थानीय थाना के तरफ से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी।

जम्होर में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाई गई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में सनातनी परंपरा का महान पर्व जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाई गई। जन्माष्टमी पूजा समिति के तत्वावधान में सोमवार की रात्रि में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर जय कन्हैया लाल की मदन गोपाल की का नारा लगाया गया।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पूर्व झांकी का षोडशोपचार विधि से पूजन कर पंडाल का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य गोपाल शरण सिंह द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह,पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता,सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह,उप सरपंच सतीश कुमार वर्मा,पंचायत समिति सदस्य अनिल प्रसाद अग्रवाल,पूर्व उप मुखिया अजित कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,पत्रकार रमाकांत सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि गोपाल शरण सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत की लड़ाई में धर्म युद्ध लड़ा और हमेशा धर्म का साथ दिया इसलिए आज पूजा के मौके पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम जीवन में हमेशा धर्म का साथ देंगे।विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने संबोधन में कहा कि ईश्वर अजन्मा है लेकिन जन्मोत्सव के माध्यम से हम उनके कर्मों के संदेश को घर घर पहुंचाने का कार्य करते हैं।कवि सुरेश विद्यार्थी ने सनातन धर्म के रक्षक कृष्ण भगवान ए बबुआ नामक काव्य पाठ किया।समिति के व्यवस्थापक पवन विश्वकर्मा द्वारा आगत अतिथियों को अंग वस्त्र पुष्पहार देकर सम्मानित किया।

ओजस्विनी के किड्स अहेड कार्यक्रम में बच्चों ने दिखलायी अपनी कलात्मक प्रतिभाएँ

, प्रात : किरण संवाददाता

गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के सुअवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मानपुर में स्थित गोल्ड स्टार एकडेमी परिसर में किड्स अहेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के दिग्दर्शन में किड्स अहेड कार्यक्रम का संयोजन ओजस्विनी की जिला मंत्री अमीषा भारती एवं राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला संरक्षक रजनी त्यागी ने संयुक्त रूप से किया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एकेडमी के निदेशक संजीत प्रसाद एवं अन्य मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया है। तीन बार ओंकार के उच्चारण एवं कृष्ण भजन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ, जिसमें लगभग 70 से 80 नन्हे-मुन्हे बच्चों ने श्रीकृष्ण और श्रीराधे का रूप धरकर एकल तथा समूह गीतों एवं मनभावन नृत्यों की प्रस्तुति दी है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कृष्ण लीला ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया है। सलोनी, संदीप, आयुष, अर्णव, पीयूष, अंकुश, अनमोल , दिव्यांश, रूद्र, प्रियांजल, आर्यन, शिवराज, रिषभ ने कृष्ण का रूप धरकर नृत्य किया है। राधा रानी के रूप में काजल, पवनी, पारी, अमायरा, सिमरन, अर्चना, नीतू, खुशी, दर्पण, सिवन्या, शिवानी, श्रृष्टि, सिमरन, ज्ञानवी, दिव्या, रूही, प्राची ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है। यशोदा के रूप में ज्ञानवी, अनन्या और माही ने तथा गोपियों के रूप में पूर्वी , रचना, छोटी, सारिका, आरती, अनुष्का, राजनंदनी, आदिति, अनु ने भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक सुमित सागर, सौरभ, पूनम, प्रकृति, राकेश, गौतम, आर्शी, खुशी, कृष्ण मुरारी, राहुल, रवि एवं अन्य की उपस्थिति रही। ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बच्चों की प्रतिभाओं को गौरवशाली मंच प्रदान करने हेतु जिला मंत्री अमीषा भारती के प्रयासों की तारीफ की है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

फखरपुर पंचायत में कई योजनाएं अधूरी, लोगों में नाराजगी

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फखरपुर पंचायत के हसनपुरा गांव के नहर पर पंचायत के मुखिया विवेकानंद और पप्पू सिपाही के द्वारा फेवर ब्लॉक लगाए जाने की प्रक्रिया दो महापूर्व शुरू किए गए थे। लेकिन अभी तक एक भी ईट नहर पर नहीं लगाए गए। इसके बाद नहर किनारे रहने वाले ग्रामीण शोकिल कुमार, सुबेलाल सिंह प्रिंस कुमार का कहना है कि मुखिया के द्वारा जेसीबी बुलाकर नहर को बराबर कराया गया। बताया गया कि जल्द ही इस पर फेबर ब्लॉक लगाए जाएंगे जो मधेश्वर सिंह के दलाल से होते हुए नंदकिशोर यादव के घर तक जो कच्ची नहर है जिस पर फेवर ब्लॉक का कार्य कराए जाने का कार्य शुरू किए गये थे। लेकिन शुरूआती दौर में सिर्फ नहर को जेसीबी से बराबर करा छोड़ दिया गया जिसका नतीजा यह है कि बरसात के दिनों में आने जाने वाले राहगीरों और ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जनप्रतिनिधियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर किसी प्रकार से कोई भी बहाना बनाकर अपना पलड़ा झाड़ लेने का काम किया जा रहा है जो काफी सर्वनाम है। अगर काम ही नहीं करना था तो झूठ आश्वासन क्यों दिया गया और दिखावे के लिए जेसीबी बुलाकर बराबर कर कर छोड़ दिया गया हसनपुरा ही नहीं बल्कि फखरपुर से फेकू बीघा जाने वाली नहर को भी इसी तरह से आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया विकास कार्य में फंड का पैसा ना होने और ग्रामीणों के द्वारा रोक लगाई जाने की झूठी खबरें लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वही पंचायत के ही फखरपुर गांव में नाली निर्माण का कार्य हो या कई ऐसे कार्य है जो आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार के द्वारा पंचायत में चलाये जा रहे योजनाओ में अनियमतायें बरती जा रही है। जिससे पंचायत के लोगो मे काफी नाराजगी देखी जा रही है।

इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी मनाई गई



गया। इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण जन्मास्टमी को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। जानकारी देते हुए मंदिर अध्यक्ष श्री जगदीश श्याम दास जी बताये की २६ अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मास्टमी और २७ अगस्त को नन्द उत्सव तथा इस्कॉन संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी का जयंती मनाया जा रही है। कृष्ण जनम लीला के ऊपर कई झांकिआन बनायी गयी है। मंदिर और पंडाल रंग बिरंगी फूलों से सजाया गया है। गया के सभी दर्शनार्थी दर्शन कर सकें और पूजा अर्चन कर सकें इसका विशेष ध्यान दिए जा रहा है। २६ अगस्त के दिन सुबह ४:३० बजे मंगल आरती , ७:३० बजे दर्शन आरती, गुरु पूजा , ८ बजे कृष्ण कथा , १२:३० बजे राज भोग और आरती , साम ७ बजे गौर आरती , रात १० बजे महा अभिषेक , ५६ भोग , महा आरती , रात १२ बजे मटकी फोड़ तथा पटके छोड़े जाएंगे। सभी दर्शनार्थी को १८ दिन का श्रीमद भगवद गीता सर्टिफिकेट कोर्स के लिए रजिस्टर किआ जाएगा। दिन भर अखंड हरिनाम कीर्तन तथा प्रसाद वितरण जारी रहेगा। जन्मोत्सव पालन के बाद भंडारा का आयोजन है। २७ अगस्त को सुबह १० बजे वैष्णव भजन और कीर्तन , ११ बजे श्रील प्रभुपाद जी का अभिषेक , १२ बजे भोगा अर्पण , १ बजे आरती के बाद भंडारा का होगा है। साम ५ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ है जिसमे सहर के विशिस्ट लोगों के द्वारा श्रील प्रभुपाद जी का महिमा वर्णन , इस्कॉन गर्ल्स फोरम के द्वारा श्रीमद भगवद गीता अंताक्षरी और नृत्य , युथ फोरम और गृहस्त भक्तों के द्वारा श्रील प्रभुपाद जी के ऊपर ड्रामा तथा अंत में भंडारा का आयोजन रहा। उत्सव को सफल बनाने के लिए गिरिराज चंद्र दास , रमाकांत मुरारी दास , सहिष्णु विप्रा दास , असीम ऋषिकेश दास , रतिमय वराजेस्वर दास , धीरज , राजकुमार , हिमांशु , अभिषेक , अमित , रिशु , अमरेश , शांतनु , बृजनंदन उपाध्याय आदि सेवक लगे हुए हैं। मंदिर अध्यक्ष पुरे गया वासिओं को इस्कॉन मंदिर में जन्मास्टमी उत्सव में आ कर ठाकुर जी का दर्शन और कृपा प्राप्त करने के लिए अपील की है।

सरकार के भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग मंत्री ने महिला विकास मंच के सैकड़ो सदस्यों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बिहार के भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग के मंत्री एवं बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच के कार्यों को देखते हुए महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी एवं प्रदेश के सभी जिले के अध्यक्षों सिर्फ गया जिला से आठ सालों से दिन रात लगे हुए को छोड़कर सभी को सम्मानित किया गया है। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जयसवाल ने अपने दफ्तर में बुलाकर इन सभी समाजसेवियों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर मंत्री दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच के कार्यों की खूब सराहना की और भविष्य में संस्था को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।इतना ही नहीं बल्कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जयसवाल ने संस्था की संरक्षक वीणा मानवी के महिला विकास मंच कार्यों को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित होने योग्य कहा और इस विषय में वरिष्ठ नेतृत्व से बात करने का आश्वासन भी दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।बता दें कि महिला विकास मंच पिछले 2 दशक से अधिक समय से महिलाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ती रही है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके उत्थान के लिए कार्यरत हैं।इस मौके पर मौजूद रहे हैं।। लेकिन गया जिला में आठ सालों से लगे संयोजक को दरकिनार किया गया जिससे भारत के महिलाओं और गया महिलाओं को रोष व्याप्त है कि जो व्यक्ति आठ साल से महिला विकास मंच मे बिना किसी स्वार्थ एवं लोभ से लगा हुआ है सिर्फ अपना सोचते हैं। इसपर भी राष्ट्रीय स्तर के लोग ध्यान दे।

चंपेई सोरेन के कामों को हेमंत सोरेन ने रद्द करने के कारण दुखी थे :केन्द्रीय मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



गया। चंपई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने के संकेत दे दिए हैं इस सवाल पर बिहार के गया में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि उनको अपमानित किया गया था जिसके कारण वह अलग हुए हैं। आगे कहा की चंपई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री थे तो अच्छा काम कर रहे थे लेकिन हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकालने के बाद ही उनके सारे कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है ।उनको अपमानित करने का काम किया गया है उनके साथ अपमानजनक बातें हुई इसलिए उन्होंने यह विकल्प चुना है। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सरकार बनी तो वह लोग राज्य पाकिस्तान से मिला देंगे एवं उन्होंने कांग्रेस पर कहते हुए कहा कि यह लोग सत्ता के लिए आतंकी हिजबुल से भी हाथ मिला सकते हैं, बता दे कि उक्त बयान से पहले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया पर भी कहा था कि कश्मीर में चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान और हिजबुल के साथ भी गठबंधन कर सकती है उन्होंने कहा कि कांग्रेस जम्मू कश्मीर में फिर 370 लागू करना चाहता है यह सभी लोग एससी-एसटी के विरोधी है अब्दुल्ला से हाथ मिलाने का मतलब साफ है कि कांग्रेस इस एजेंडे पर काम कर रही है।

मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना में 68 नए लाभार्थियों स्वीकृति दी गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना में 68 नए लाभार्थियों को जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० ने स्वीकृति दे दी है। जिला प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई, गया के प्रयासों अबतक 177 बच्चों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है।इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक लाभार्थी को उनकी देखरेख और पालन पोषण के लिए तीन साल या 18 साल पूरे होने तक 4000 रुपए मासिक प्रदान किया जाएगा।जिला पदाधिकारी द्वारा बताया कि भारत सरकार के मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन पोषण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार और जिला प्रशासन तत्परता से कार्य कर रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके सामाजिक परिवेश में रहने और पढ़ने का अवसर प्रदान करना है ताकि उनका विस्थापन रोका जा सके। मालूम हो कि प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना के तहत कमजोर परिवारों की सहायता प्रदान की जाती है जिससे बच्चे अपने जैविक परिवार जिसमें विस्तारित परिवार और रक्त संबंधी भी शामिल हैं के साथ रह सकें और शिक्षा जारी रख सकें।

इस्कॉन मंदिर में नन्द उत्सव और श्रीला प्रभुपाद जयंती मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।इस्कॉन मंदिर में सुबह दस बजे वैष्णव भजन और कीर्तन , ग्यारह बजे श्रील प्रभुपाद का अभिषेक , बारह बजे भोगा अर्पण , एक बजे आरती के बाद भंडारा का व्यवस्ता किया गया है। शाम पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था जिसमे शहर के विशिष्ट लोगों के द्वारा श्रील प्रभुपाद का महिमा वर्णन , इस्कॉन गर्ल्स फोरम के द्वारा श्रीमद भगवद गीता अंताक्षरी और नृत्य , युथ फोरम और गृहस्थ भक्तों के द्वारा श्रील प्रभुपाद के ऊपर ड्रामा और अंत में भंडारा का आयोजन किआ गया था।

नदी में डूबने से किशोर की मौत

करपी ।स्थानीय थाना क्षेत्र के कूसरे गांव निवासी 15 वर्षीय जसवंत कुमार की पुनपुन नदी में डूबने से सोमवार को मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ पुनपुन नदी में स्नान करने गया था। गांव में सूर्य मंदिर घाट पर सभी बच्चों के साथ स्नान कर रहा था। इसी - बीच अचानक पानी में डूब गया। साथ गए बच्चों ने शोरगुल मचाया। शोरगुल सुनकर जुटे ग्रामीणों ने पानी में कूद कर - खोजबीन शुरू की। कई घंटे बाद ग्रामीणों ने नदी से उसे बाहर - निकाला। प्राथमिक उपचार की गई लेकिन किशोर की मौत हो चुकी थी। इस घटना से गांव में जन्माष्टमी की खुशियां मातम में बदल गई। जन्माष्टमी पर्व को लेकर इस गांव में काफी उत्साह था तथा बच्चे पुनपुन नदी में स्नान कर रहे थे। इसी बीच यह हृदय विदारक घटना घटी।

जन्माष्टमी के दिन छः कान्हा का आगमन

गया। सभी जगह मे कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा था वही गया के मुन्नी मस्जिद गोल बिधा मोड़ स्थित वरदान हास्पिटल में एक साथ छः माताओ के गोद से छः कान्हा ने जन्म लिया है।जिनसे उनकी माताओ के साथ उनके परिवार वालों को खुशी की लहर दौड़ पड़ी है,इसकी पुरी जानकारी बच्चों के अस्पताल के प्रसिद्ध डॉ बी डी शर्मा ने बताया है। डॉ बी डी शर्मा ने आगे बताया कि गया जी के पावन धरती पर हर जगह कान्हा के आगमन की खुशी उससे ज्यादा खुशी वरदान हास्पिटल मुन्नी मस्जिद गोल बिधा मोड़ में छः माताओ ने एक समय में छः कान्हा ने जन्म दिया जिससे पुरे हास्पिटल मे खुशी का ठिकाना नहीं रहा है।

प्रखंड मुख्यालय पर भागपा माले का प्रदर्शन

वंशी। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा माले के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। भाकपा माले के द्वारा हक दो वादा निभाओ अभियान के जरिए सभी 95 लाख महा गरीब परिवारों को एकमुश्त 2 लाख रुपए और भूमिहीन परिवारों को 5 डिसिमल जमीन की गारंटी को लेकर प्रखंड मुख्यालय वंशी पर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में भाकपा माले पार्टी के अरवल विधायक कामरेड महानंद सिंह शामिल होकर प्रदर्शन का संबोधित किया। विधायक ने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार में मनमानी रवैया चरण सीमा पर है बेरोजगार महंगाई कमर तोड़ है यह सरकार पूंजीपतियों एवं अमीरों की है गरीब की कोई हक हुकुम की बात नहीं की जाती है। प्रदर्शन मे सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी मंत्री पहुंचे मृतक के घर, दि सांत्वना

प्रात : किरण संवाददाता

करपी। घटना के जानते हुए भी अनजाने में पहुंचे मृतक के घर सांत्वना देने जिले के प्रभारी मंत्री। बता दे कि सोमवार को ही भाजपा के जिला कार्यालय में एक आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे जिले के प्रभारी मंत्री हरि साहनी कार्यक्रम समापन के बाद वापस पटना लौट गए मृतक के घर आधे घंटा टाइम निकाल कर जाना मुनासिब नहीं समझे थे। विगत चार दिनों पूर्व में करपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेरा गांव के एक ही परिवार के तीन बच्चों की नाला में ऑटो पलटने से डूबकर मृत्यु हो जाने के उपरांत परिजनों से मिलकर सांत्वना दिए जिले के प्रभारी मंत्री हरि साहनी । प्रभारी मंत्री ने कहा की बहुत ही दुखद घटना है घटना से मर्माहत हूं मृतक के परिजनों के साथ हमारी संवेदना है ईश्वर अपनी चरणों में उनकी आत्मा को शांति दे। मौके पर करपी अंचल अधिकारी आलोक कुमार ,करपी प्रखंड विकास पदाधिकारी साथ में जनता दल यू के प्रदेश सचिव सह पटना प्रमंडलीय प्रभारी जितेंद्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी भाजपा नेता चंदन कुशवाहा मृतक के परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया

डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने बार काउंसिल के अध्यक्ष राज्यसभा मनोनीत होने पर सम्मानित किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश किसान मोर्चा के बागबानी प्रकोस्ट के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा बार कौंसिल अध्यक्ष डॉ. मनन मिश्रा को राज्यसभा में मनोनीत होने पर डॉ मनन मिश्रा को बार कौंसिल पटना मैं जाकर विष्णु चरण सिंह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दिया गया है इस अवसर पर मनन मिश्रा को स्वागत करते हुए कहा भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है। बल्कि यह हमारे समाज के लिए भी गर्व का विषय है। उनका शैक्षिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है।डॉ. मिश्रा का राज्यसभा में मनोनयन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा, ज्ञान और नेतृत्व की पहचान होती है। वे अपने अनुभव और ज्ञान से संसद के उच्च सदन में न केवल विविध मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा करेंगे, बल्कि समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों की आवाज भी बनेंगे। उनका विद्वत्ता और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राज्यसभा में उनके प्रवेश से निश्चित रूप से सदन की गरिमा और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। डॉ. मिश्रा जी के इस नए दायित्व पर हम सभी उनका हार्दिक अभिनंदन करते हैं और आशा करते हैं कि वे सदैव अपने सिद्धांतों और विचारधारा पर अडिग रहते हुए देश की सेवा करेंगे। उनके इस नए सफर के लिए हमारी शुभकामनाएँ है स्वागत अभिनंदन करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर , हिंदुस्तानी आवाज मोर्चा के सचिव अनिल यादव ललन कुमार, संतोष कुमार, डॉ अशोक कुमार ,नेहा कुमारी, सपना कुमारी ,बबलू गुप्ता सहित अन्य लोगों के द्वारा राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं

पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शहर में जन्माष्टमी पर्व पर देर रात्रि में निकाला सद्भावना मार्च

जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रात्रि में सद्भावना मार्च निकाला गया

- मंदिर समिति को राधे कृष्णा की प्रतिमा गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सोमवार की रात्रि पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर पर सद्भावना मार्च निकाला, हिंदू भाइयों को गुलाब का फूल देखकर उन्हें जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी ।जिसका नेतृत्व पैगामी इंसानियत के अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज रहमान और सल्लू खान ने किया, संकट मोचन मानस मंदिर के अजय पांडे शिव मंदिर के ब्लू पांडे नगर थाना के स्थित शिव मंदिर के राम प्रकाश पांडे महावीर मंदिर के संतोष पांडे गणेश मंदिर के पुजारी सुनील पांडे शहर के विभिन्न मंदिरों के मधु पांडे, मंगल पांडे, विकास पांडे ,अखिलेश पांडे ,देवत पांडे के साथ मंदिर के पुजारी को भी श्री कृष्ण भगवान के मूर्ति के साथ गुलाब का फूल दे कर सम्मानित किया । कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर धर्मशाला मोड़ स्थित संकट मोचन मानस मंदिर पर हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूजन के बाद साथ रहकर प्रसाद का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सदभावना का संदेश दे गया। प्रेम व भाईचारे के साथ हर पर्व मिलजुलकर मनाया जाने चाहिए। मुस्लिम समुदाय के जिला अध्यक्ष सल्लू खान ने कृष्ण के बारे में चर्चा की, कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सिर्फ प्रसाद वितरण से ही नही बल्कि उनके मार्गो पर चलना होगा और साथ ही साथ कहा कि कृष्ण की तरह हर धर्म में ईश्वर, महापुरुष व संत हैं। जिनके मार्गों पर चला जाए तो निश्चित ही देश व समाज का विकास संभव हो सकेगा, सभी पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनाने का संकल्प लिया गया । इस मौके पर पूर्व वार्ड परिषद जितेंद्र पासवान, सुनील चौधरी, अंतू मेहता ,भीम कुमार ,मनीष कुमार ,मंदिर के पुजारी अजय पांडे ,श्री राम

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने एलिवेट की शुरुआत की

इंडस्ट्री में अपने तरह का पहला, क्रांतिकारी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट

-एआई से संचालित, एलिवेट ग्राहकों को पर्सनलाइज्ड प्लान के साथ सशक्त बनाता है-

भोपाल। भारत में अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनी, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने अपने क्रांतिकारी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट, एलिवेट के लॉन्च की घोषणा की है। एआई से संचालित अपनी तरह का पहला हेल्थ प्रोडक्ट लेटेस्ट सुविधाओं और ऐड-ऑन से भरा हुआ है, जो गतिशील जीवनशैली, अनचाही मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति और इलाज में खर्च की बढ़ती लागत की जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग अलग ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुसार समाधान प्रदान करता है। कंपनी द्वारा किया गया यह यह महत्वपूर्ण लॉन्च अपने ग्राहकों को अनूठा मूल्य प्रदान करने वाली इंश्योरेंस इंडस्ट्री में तेजी से प्रगति के लिए आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की प्रतिबद्धता को दिखाता है। एआई की ताकत का लाभ उठाते हुए, एलिवेट बेहतर कवरेज की सिफारिशें देने के लिए ग्राहकों के इनपुट को सही से समझाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि हर पॉलिसी, ग्राहकों की आवश्यकताओं के लिए विशेष रूप से अनुकूल हो। हेल्थ इंश्योरेंस के लिए खास फोकस व्यक्तिगत स्वास्थ्य और वित्तीय विचारों को पूरा करते हुए व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे यह ग्राहकों की आवश्यकताओं के प्रति अधिक अनुकूल और उत्तरदायी बन जाता है।

अपने आदर्श वाक्य - इनफिनिट पर्सनलाइजेशन की ताकत के समर्पित रहते हुए, एलिवेट भी 15 इन-बिल्ट कवर और अलग अलग ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कराने वाले विकल्पों के साथ एक पावर पैक है, जिसमें 20 गंभीर बीमारियां, व्यक्तिगत दुर्घटना, मैटरनिटी, न्यू बॉर्न कवर, रहना खाना, ट्रैवल बेनेफिट, प्रिवेंटिव केयर, इनफ्लेशन प्रोटेक्टर, एयर एम्बुलेंस, व्यक्तिगत होमकेयर और भी बहुत कुछ कवर होते हैं।

प्रिया देशमुख, हेड - हेल्थ प्रोडक्ट, आपरेशंस एंड सर्विसेज, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का कहना है कि एलिवेट, हेल्थ इंश्योरेंस में एक नए युग का प्रतिनिधित्व करता है, जहां इनोवेशन और कस्टमर फोकस साथ-साथ चलते हैं। एआई की ताकत का उपयोग करके, हमने एक ऐसा प्रोडक्ट तैयार किया है, जो हर व्यक्ति की खास जरूरतों के अनुरूप है, जिससे ग्राहकों द्वारा इसे अपनाया जाना आसान है, साथ ही यह लचीलेपन का एक लेवल प्रदान करता है और जो अपने आप में अनूठा है। इनफिनिट सम इंश्योर्ड, जंप स्टार्ट और पावर बूस्टर जैसी एडवांस सुविधाओं के साथ, हम इंडस्ट्री में एक नया मानदंड सेट कर रहे हैं, साथ ही अपने ग्राहकों को मानसिक शांति और सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड अपने संचालन के हर पहलू में इनोवेशन को शामिल कर ग्राहकों की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, विशेष रूप से अत्याधुनिक तकनीक द्वारा एडवांस व्यक्तिगत इंश्योरेंस सॉल्यूशन के लिए।

एचयूएल को आयकर विभाग ने 962 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा

नईदिल्ली, एजेंसी। हिंदुस्तान यूनिलीवर को आयकर विभाग से 962.75 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला है। इसमें 329.33 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। एफएमसीजी कंपनी ने सोमवार को एक्सचेंजों को जानकारी दी। यह नोटिस ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन (जीएसके) समूह से इंडिया हेल्थ फूड ड्रिंक (एचएफडी) के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के अधिग्रहण के लिए किए गए खर्च 3,045 करोड़ रुपये के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) न काटने से संबंधित है। एचयूएल ने जीएसके से 3,045 करोड़ रुपये में हॉर्लिक्स ब्रांड का अधिग्रहण किया है। इस विलय के जरिए ब्रूस्ट, माल्टोवा और वीवा जैसे अन्य जीएसकेसीएच ब्रांड भी एचयूएल के पोर्टफोलियो में शामिल हो गए। भारी मांग के बावजूद, कंपनी ने संकेत दिया है कि उसे इस स्तर पर किसी भी महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव की उम्मीद नहीं है। एचयूएल ने कहा, कंपनी के पास कर न रोके जाने के मामले में मजबूत मामला है, जो उपलब्ध न्यायिक उदाहरणों पर आधारित है, जिसमें माना गया है कि अमूर्त संपत्ति का स्थान अमूर्त संपत्ति के मालिक के स्थान से जुड़ा हुआ है और इसलिए, ऐसी अमूर्त संपत्तियों की बिक्री से होने वाली आय भारत में कर के अधीन नहीं है। मांग के जवाब में, स्वस्थ्त प्रमुख ने भारतीय कानून के अनुसार सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए, आदेश के खिलाफ अपील करने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, एचयूएल ने कहा है कि उसके पास क्षतिपूर्ति का अधिकार है, जो उसे संबंधित पक्षों से आयकर विभाग द्वारा की गई कर मांग को वसूलने की अनुमति देता है। कंपनी से इस अधिकार को लागू करने के लिए और कदम उठाने की उम्मीद है। 26 अगस्त को बीएसई पर एचयूएल के शेयर 2820.70 रुपये पर बंद हुए। 2020 में आवश्यक स्वीकृतियों के बाद, एचयूएल ने ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर लिमिटेड के साथ विलय पूरा कियस था।

ग्रे मार्केट में गदर काट रहा आईपीओ, 100प्रतिशत प्रीमियम पर पहुंच गया भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। इस सप्ताह एक और बड़ी कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। ग्रे मार्केट में अभी से ही इसके शेयर 100प्रतिशत प्रीमियम पर पहुंच गए हैं। इसका मतलब है कि दांव लगाने पर अगर आपको यह आईपीओ अलॉट होता है तो पहले ही दिन आपका निवेश डबल हो जाएगा। हम बात कर रहे हैं - अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज लिमिटेड आईपीओ की। यह आईपीओ निवेश के लिए 30 अगस्त से ओपन हो रहा है। निवेशक इस इश्यू में 3 सितंबर तक दांव लगा सकेंगे। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज लिमिटेड आईपीओ का प्राइस बैंड 270 रुपये तय किया गया है। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज आईपीओ सब्सक्रिप्शन विंडो 30 अगस्त से 3 सितंबर तक खुली रहेगी। अर्चित नुवुड लिमिटेड ने 62.4 लाख शेयरों के फ्रेश इश्यू के जरिए से 168.48 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है।

2 यामाहा शोरूम और 8 एंप्लॉयीज, इस छोटकू आईपीओ पर लगा 400 गुना से ज्यादा दांव

नईदिल्ली, एजेंसी। एक छोटी कंपनी रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल का आईपीओ इन दिनों खासा चर्चा में है। कंपनी के पास सिर्फ 2 यामाहा डीलरशिप शोरूम हैं और इसके एंप्लॉयीज की संख्या 8 है। इस छोटी कंपनी के आईपीओ पर जमकर दांव लगा है। रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल का आईपीओ 412 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो गया है। सिर्फ 12 करोड़ रुपये के आईपीओ पर 2700 करोड़ रुपये की बोलियां लगी हैं। ग्रे मार्केट में भी रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के शेयर धमाल मचाए हुए हैं।

रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 117 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 105 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के शेयर 222 रुपये के करीब बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। यानी, आईपीओ में जिन निवेशकों को कंपनी के शेयर अलॉट होंगे, वह लिस्टिंग वाले दिन 90 पर्सेंट के फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल का आईपीओ टोटल 412.65 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 484.26 गुना सब्सक्राइब हुआ है। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स की कैटेगरी में 315.23 गुना दांव लगा है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1200 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 140400 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

क्या करती है कंपनी

रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल की शुरुआत साल 2018 में हुई थी। कंपनी साहनी ऑटोमोबाइल के तहत टू-व्हीलर्स बेचती है। साहनी ऑटोमोबाइल अलग-अलग कस्टमर्स की जरूरतों के हिसाब से टू-व्हीलर्स की व्यापक रेंज ऑफर करती है। अटैच्ड वर्कशॉप के साथ कंपनी के फिलहाल 2 शोरूम हैं। कंपनी का एक शोरूम ब्लू स्क्वायर द्वारका, नई दिल्ली में है।

सोनी लिव की आगामी तेलुगु सीरीज़ 'बेंच लाइफ़' के साथ कॉर्पोरेट जीवन में हँसी-मज़ाक का मज़ा लें

मुंबई, एजेंसी। क्या आपने कभी खुद को कॉर्पोरेट जीवन के भँवर में फँसा हुआ पाया है, और महसूस किया है कि आप किनारे पर अटके हुए हैं सोनी लिव का नवीनतम तेलुगु ऑरिजिनल सीरीज़ 'बेंच लाइफ़' उस वास्तविकता को एक कॉमेडी में बदलने जा रहा है जिसे देखने से आप चूकना नहीं चाहेंगे। 'बेंच लाइफ़' कॉर्पोरेट चक्की की प्रायः तनाव से भरी दुनिया पर एक ताज़ा, आनंददायक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। मनसा शर्मा द्वारा निर्देशित, यह हास्यपूर्ण कॉमेडी-ड्रामा सिर्फ़ खाली बैठने के बारे में नहीं है - इसमें नए जुनून की तलाश और सबसे अप्रत्याशित जगहों पर उद्देश्य प्राप्त करने का चित्रण है। कहकहों, हार्दिक उत्साह और भारत में आधुनिक कार्य-संस्कृति पर एक अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ, यह श्रृंखला उन सभी लोगों को पसंद आएगी, जिन्होंने कभी-न-कभी अपने कॅरियर की राह पर सवाल उठाया है। 'बेंच लाइफ़' की निर्माता, निहारिका कोनिडेला ने कहा कि, हम एक ऐसा शो बनाना चाहते थे, जो कॉर्पोरेट बेंच पर होने के खास अनुभव को दर्शाता हो। यह एक ऐसी जगह है, जहाँ कर्मचारी अक्सर अर्थहीन और अनिश्चित महसूस करते हैं। लेकिन बालू, मीनाक्षी, ईशा, रवि और उसके दोस्तों के माध्यम से, हम यह दिखाने की उम्मीद करते हैं कि सबसे अप्रत्याशित परिस्थितियों में भी विकास और पूर्णता के अवसर होते हैं। बेंच लाइफ लचीलापन, दोस्ती और खुशी की खोज का उत्सव है।

एपल ने भारतीय मूल के केवन पारेख को नया वित्त प्रमुख नामित किया, जनवरी में संभालेंगे पद

नईदिल्ली, एजेंसी। टेक दिग्गज एपल ने सोमवार को केवन पारेख को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी बनाने का एलान किया। वे कंपनी के दिग्गज लुका मेस्ट्री की जगह लेंगे, और 1 जनवरी, 2025 को अपनी भूमिका संभालेंगे। एपल ने यह फैसला इस सीजन में अपने नए उत्पादों की लॉन्चिंग के ठीक पहले लिया है। जानकारों के अनुसार आईफोन के लिए इस सीजन में अब तक का सबसे बड़ा सॉफ्टवेयर अपग्रेड किया जा सकता है। इन बदलावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भी शामिल है तो वैश्विक बिक्री की मंदी (खासकर) को दूर करने की दिशा में एपल के लिए काफी महत्वपूण है। पारेख, एक दशक से अधिक समय से एपल के साथ हैं और अब वे कंपनी की कार्यकारी समिति में शामिल होंगे। फिलहाल वे वित्तीय नियोजन और विश्लेषण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। एपल से पहले पारेख थॉमसन रॉयटर्स और जनरल मोटर्स में वरिष्ठ नेतृत्वकारी भूमिका निभा चुके हैं। एपल ने कहा कि मेस्ट्री सूचना प्रणाली और प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा और रियल एस्टेट और विकास सहित कॉरपोरेट सेवा टीमों का नेतृत्व करना जारी रखेंगे और सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करेंगे।

कौन हैं केवन पारेख जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी ने सौंप दी है अपने अकाउंट्स की चाबी

नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल इंक ने भारतीय मूल के इंजीनियर केवन पारेख को अपना नया चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नियुक्त किया है। वह लुका मैस्ट्री की जगह लेंगे जिन्हें कंपनी ने कॉर्पोरेट सर्विस टीम में भेज दिया है। मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी का पिछले एक सप्ताह में दूसरा बड़ा फेरबदल है। केवन पारेख अभी ऐपल में फाइनेंशियल प्लानिंग एंड एनालिसिस के वाइस-प्रेजिडेंट हैं। वह 1 जनवरी, 2025 से सीएफओ का पदभार संभालेंगे और एग्जीक्यूटिव टीम में शामिल होंगे। पारेख पिछले 11 वर्षों से ऐपल से जुड़े हैं और उन्होंने कंपनी की फाइनेंशियल स्ट्रैटजी और ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाई है।

52 साल के केवन पारेख की इस सफलता का राज उनकी मजबूत तकनीकी और बिजनस एजुकेशन है। उन्होंने मिशिगन विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में साइंस ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त करने के बाद शिकागो विश्वविद्यालय से एमबीए किया। ऐपल में शामिल होने से पहले पारेख ने थॉमसन रॉयटर्स और जनरल मोटर्स में विभिन्न पदों पर काम किया। उन्होंने चार साल तक रॉयटर्स किया। इसके बाद वह जनरल मोटर्स के न्यूयॉर्क ऑफिस में बिजनस डेवलपमेंट के डायरेक्टर रहे। साथ ही उन्होंने ज्यूरिख में यूरोप के रीजनल ट्रेजरर के रूप में भी काम किया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक केवन पारेख को पिछले कई महीनों से सीएफओ की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा था।

115 के शेयर पर निवेशक फिदा, बेचने को कोई तैयार नहीं, रमेश दमानी ने खरीदे 8 लाख शेयर

नईदिल्ली, एजेंसी। एनआईआईटी लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। सोमवार के कारोबारी सेशन को इसमें 20प्रतिशत का अपर सर्किट लगा था अब मंगलवार को भी एनआईआईटी लिमिटेड के शेयर में 19प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर आज 182.90 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। सिर्फ दो कारोबारी दिन में यह शेयर करीबन 40प्रतिशत तक चढ़ गए। वहीं, पिछले पांच कारोबारी दिन में यह शेयर करीबन 60प्रतिशत तक चढ़ गए हैं। पांच दिन पहले इस शेयर की कीमत 115 रुपये थी। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा निवेश है। दरअसल, दिग्गज निवेशक रमेश दमानी ने एनआईआईटी के शेयर में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है। रमेश दमानी ने बीते शुक्रवार को स्टॉक में हुई एक ब्लॉक डील कं जरिए कंपनी के 8 लाख शेयर खरीदे हैं।

एक्सचेंजों पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, रमेश दमानी ने शुक्रवार को ब्लॉक डील के जरिए एनआईआईटी लिमिटेड के 8 लाख शेयर खरीदे हैं। यह कुल इक्विटी का 0.59प्रतिशत हिस्सा है। दमानी ने इस शेयर को 127.5 प्रति शेयर की औसत कीमत पर खरीदा है। जून तिमाही की शेयरधारिता के अनुसार, दमानी की एनआइआइटी में पहले से कोई हिस्सेदारी नहीं थी और अगर होती, तो यह 1प्रतिशत से कम होती क्योंकि उनका नाम शेयरधारकों की सूची में नहीं आता है। दमानी द्वारा हिस्सेदारी खरीदने के बाद से स्टॉक 40प्रतिशत तक चढ़ गया है। रमेश दमानी के साथ-साथ कंपनी के प्रमोटरों ने भी 22 अगस्त को अपनी हिस्सेदारी 35.38 लाख शेयरों तक बढ़ा दी। प्रमोटर्स पवार फैमिली ट्रस्ट और थंडानी फैमिली ट्रस्ट ने गुरुवार को 118 रुपये की औसत कीमत पर 17,69,026 शेयर खरीदे थे। बता दें कि कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी अब पहले के 34.65प्रतिशत से बढ़कर 37.26प्रतिशत हो गई है। चार्ट पर, एनआईआईटी के शेयरों ने अपने 100-दिवसीय मूविंग एवरेज (डीएमए) पर 110 के स्तर के करीब समर्थन प्राप्त किया था और तब से यह 7-दिवसीय जीत का सिलसिला शुरू कर दिया है। स्टॉक अब अपने सभी प्रमुख मूविंग एवरेज से ऊपर कारोबार कर रहा है।

मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी छोड़ शुरू किया यह काम, अब सालाना 2.5 करोड़ की कमाई

नईदिल्ली, एजेंसी। अन्नपूर्णा कल्लूरी ने नौकरी छोड़कर मिलेट का बिजनेस शुरू किया। आज वह 2.5 करोड़ रुपये सालाना कमाई कर रही हैं। अन्नपूर्णा एमबीए हैं। एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर उन्होंने श्री हरिथा एग्रो फूड की शुरुआत की थी। यह अवस्या ब्रांड के तहत मिलेट से बने नाश्ते के मिश्रण, फ्लेक्स और अन्य उत्पाद बेचती है। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग भी करती है। उनका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2027-28 तक 25 करोड़ रुपये का कारोबार करने का है। आइए, यहां अन्नपूर्णा कल्लूरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अन्नपूर्णा कल्लूरी ने एमबीए पूरा करने के बाद एक बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी की हार्डवेयर मार्केटिंग टीम में अपनी पहली नौकरी शुरू की। बचपन से ही उनका रुझान उद्यमिता की ओर था। जल्द ही उन्होंने स्टार्टअप आइडिया तलाशने शुरू कर दिए। उन्होंने श्री हरिथा एग्रो फूड प्रोडक्ट्स की नींव रखी। अन्नपूर्णा उद्यमियों के परिवार से आती हैं। उनके पिता की हैदराबाद, तेलंगाना में एक इंजीनियरिंग फैब्रिकेशन यूनिट है। वह उन्हें बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए अपने आइडियाज पर काम करते हुए देखते हुए बड़ी हुईं। अन्नपूर्णा आठवीं कक्षा से ही एक फूड आंत्रप्रेन्योर बनना चाहती थीं। उनकी कंपनी अवस्या ब्रांड के

तहत मिलेट से बने उत्पाद बेचती है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों को बाजरे का आटा भी सप्लाई करती है। अन्य ब्रांड्स के लिए कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग भी करती है।

साल 2006 में अन्नपूर्णा ने नौकरी छोड़ दी और मिलेट व्यवसाय शुरू करने से पहले अपने उद्यमशीलता कौशल को मजबूत करने के लिए स्क्र सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन में एक कोर्स किया। उनका उद्यम अब अगले तीन से चार वर्षों में 25 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य लेकर चल रहा है। अन्नपूर्णा हैदराबाद में एक नया कारखाना स्थापित कर रही हैं। यहां बाजरे के एनर्जी बाइट्स, नाश्ते के मिश्रण, फ्लेक्स, आटे और अन्य उत्पादों की मौजूदा रेंज के अलावा बाजरे के नूडल्स और पास्ता का भी निर्माण किया जाएगा।

पिता के सुझाव पर मिलेट को चुना

अन्नपूर्णा कल्लूरी पहले फल और सब्जियों के साथ काम करना चाहती थीं। लेकिन, उनके पिता ने मिलेट का सुझाव दिया, जो स्थानीय जलवायु के लिए अधिक अनुकूल है। तेलंगाना भारत के उन शीर्ष पांच राज्यों में से एक है, जहां मिलेट का निर्यात होता है। राज्य में ज्वार, रागी, बाजरा आदि नौ प्रकार की बाजरे की फसलें उगाई जाती हैं। भारत में बाजरा बाजार का मूल्य 2022 में 5.05 अरब डॉलर था। इसके 2026 तक 16.7 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (ष्टतक्र) से बढ़ने की उम्मीद है। कोरोना की महामारी के कारण 2021 में सालाना राजस्व में 20 लाख रुपये की गिरावट के बाद कंपनी और मजबूत होकर उभरी है। अब कंपनी सभी बाजरा, जौ, गेहूं, मेथी और अन्य खाद्य पदार्थों के फ्लेक्स बनाती है। पुराना संयंत्र रोजाना एक टन नाश्ता और स्नैक्स के साथ 600 किलोग्राम इंस्टेंट मिक्स बना सकता है। नए संयंत्र में हर उत्पाद के दो-दो टन का उत्पादन करने की दैनिक क्षमता होगी। अन्नपूर्णा ने वेंचर शुरू करने के लिए 26 लाख रुपये का कर्ज लिया था। इसे मुश्किल से मंजूरी मिली थी। बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कई असफलताएं देखी थीं। अन्नपूर्णा को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय से 7.5 लाख रुपये की सब्सिडी भी मिली। उन्होंने समय पर कर्ज चुका दिया था।

दिल्ली-एनसीआर में घरों के दाम सबसे अधिक 30 फीसदी बढ़े

नईदिल्ली, एजेंसी। अप्रैल-जून तिमाही में देश के आठ प्रमुख शहरों में औसत आवास कीमतों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में घरों के दाम सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत बढ़े हैं। रियल्टी कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने घरों की कीमतों की निगरानी करने वाली दूसरी तिमाही की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वार्षिक आधार पर, जून तिमाही के अंत में आठ प्रमुख शहरों में औसत आवास कीमतों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दिलचस्प बात यह है कि समीक्षाधीन आठ में से सात शहरों में वार्षिक मूल्यवृद्धि देखी गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में साल दर साल सबसे अधिक 30 प्रतिशत की कीमत वृद्धि हुई। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी देखी गई है, जिसकी पुष्टि शीर्ष आठ शहरों में लेनदेन की मात्रा के साथ-साथ आवास के प्रति प्रचलित सकारात्मक भावनाओं से होती है। आवास कीमतों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है।

चार प्रमुख महानगरों शहरों की स्थिति

दिल्ली-एनसीआर में कीमतों में अधिकतम 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह 8,652 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 11,279 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। कोलकाता में दरें 7,315 रुपये से छह प्रतिशत बढ़कर 7,745 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गईं। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आवास कीमतें

19,111 रुपये प्रति वर्ग फुट से छह प्रतिशत बढ़कर 20,275 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। वहीं, चेन्नई में कीमतें 7,690 रुपये प्रति वर्ग फुट पर स्थिर रहीं।

अन्य शहरों का हाल

अहमदाबाद में आवास कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 7,335 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6,507 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं। बेंगलुरू में यह 8,688 रुपये प्रति वर्ग फुट से 28 प्रतिशत बढ़कर 11,161 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। हैदराबाद में आवास कीमतें 10,530 रुपये प्रति वर्ग फुट से सात प्रतिशत बढ़कर 11,290 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गई। पुणे में, आवासीय संपत्तियों की कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़ीं। यह 9,656 रुपये प्रति वर्ग फुट रहीं। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 8,540 रुपये प्रति वर्ग फुट था।

भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, इन खिलाड़ियों को मिली जगह

मुंबई (एजेंसी)। हरमनप्रीत कौर यूएई में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम की अगुआई करेंगी। दाएं हाथ की बल्लेबाज को उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहायता करेंगी जो शैफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करेंगी।

दयालन हेमलता टीम में शीर्ष क्रम का एक और विकल्प हैं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष मजबूत बल्लेबाजी क्रम को मजबूती देंगी। ऋचा यास्तिका भाटिया के साथ टीम में नामित विकेटकीपर हैं, जिनका चयन श्रेयंका पाटिल के साथ फिटनेस के आधार पर होगा। दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से चोटों से जूझ रही हैं। भारत के पास यूएई में होने वाले इस आयोजन के लिए तीन रिजर्व खिलाड़ी भी होंगे जिसमें उमा छेत्री (विकेट कीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर शामिल हैं।

गेंदबाजी विकल्पों में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और सजना सजीवन शामिल हैं। भारत के पास हरमनप्रीत, सजना, शोभना और दीप्ति के रूप में अच्छे-खासे ऑलराउंडर मौजूद हैं। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

यह है शेड्यूल

3 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह
3 अक्टूबर गुरुवार, पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, शारजाह
4 अक्टूबर, शुक्रवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, दुबई
4 अक्टूबर, शुक्रवार, भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई
5 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, शारजाह
5 अक्टूबर, शनिवार, आस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका, शारजाह
6 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई
6 अक्टूबर, रविवार, वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड, दुबई
7 अक्टूबर, सोमवार, इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह
8 अक्टूबर, मंगलवार, आस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, शारजाह
9 अक्टूबर, बुधवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड, दुबई
9 अक्टूबर, बुधवार, भारत बनाम श्रीलंका, दुबई
10 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, शारजाह
11 अक्टूबर, शुक्रवार, आस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, दुबई
12 अक्टूबर, शनिवार, न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका, शारजाह
12 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका, दुबई
13 अक्टूबर, रविवार, इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह
13 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम आस्ट्रेलिया, शारजाह
14 अक्टूबर, सोमवार, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, दुबई
15 अक्टूबर, मंगलवार, इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, दुबई
17 अक्टूबर, गुरुवार, पहला सेमीफाइनल, दुबई
18 अक्टूबर, शुक्रवार, दूसरा सेमीफाइनल, शारजाह
20 अक्टूबर, रविवार, फाइनल, दुबई

- **महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम** –झ हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया* (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, सजना सजीवन
- **ट्रैवलिंग रिजर्व** :– उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवेर, साइमा ठाकोर

गैर-यात्रा रिजर्व :– राघवी बिष्ट, प्रिया मिश्रा

मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलेंगी स्मृति मंधाना

एडिलेड (एजेंसी)। भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग के आगामी सत्र में मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलेगी। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल की तीन टीमों ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेल चुकी हैं। वह लीग के सत्र से पहले विदेशी खिलाड़ियों से अनुबंध करने के नियम के तहत रविवार को होने वाले ड्राफ्ट से पहले स्ट्राइकर्स में शामिल हो गईं। मंधाना हालांकि लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएगी क्योंकि भारत को अक्टूबर के अंत में तीन वनडे मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। भारत को एक दिसंबर को होने वाले डब्ल्यूबीबीएल फाइनल के ठीक बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। स्ट्राइकर्स की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने कहा, 'हम पिछले कुछ वर्षों से उसे टीम से जोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उसकी बल्लेबाजी अविश्वसनीय है। वह शानदार बल्लेबाज है और थोड़े समय में ही मैच का पासा पलटने की क्षमता रखती है।

डुकाटी को ग्रेटर नोएडा में रेसट्रैक के लिए यू.पी. ने की 200 एकड़ जमीन की पेशकश

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने इतालवी मोटरसाइकिल निर्माता डुकाटी को बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट की तर्ज पर यमुना एक्सप्रैसवे के किनारे 200 एकड़ के भूखंड पर रेसट्रैक और प्रशिक्षण केंद्र बनाने की पेशकश की है। वाई.ई.आई.डी.ए. के अधिकारियों ने कहा कि सैक्टर 22एफ में स्थित यह भूमि डुकाटी को राज्य की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ.डी.आई.) नीति या सार्वजनिक-निजी भागीदारी योजना के तहत 75 प्रतिशत भूमि सब्सिडी के तहत प्रदान की जा सकती है।

डुकाटी इंडिया के एम.डी. बिपुल चंद्रा और डायरैक्टर सुनील कुमार शर्मा ने यमुना एक्सप्रैस-वे अथॉरिटी (यीडा) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की। डुकाटी के अधिकारियों ने येडा को बताया कि वे अपना फैसला बताने से पहले अपने वरिष्ठ प्रबंधन के साथ इस परियोजना पर विचार-विमर्श करेंगे।

यीडा के सी.ई.ओ. अरुण वीर सिंह ने कहा कि डुकाटी अधिकारियों ने ट्रैक की स्थिति, करों और वीजा आवश्यकताओं से संबंधित चिंताओं को भी उठाया, साथ ही सितंबर 2023 की रेस के दौरान डुकाटी और अन्य मोटरबाइक कंपनियों द्वारा सामना किए जाने वाले उच्च परिवहन लागत और भागीदारी शुल्क के बारे में भी बताया। अभी के लिए, हमने उन्हें यहां जमीन की पेशकश की है, जो लगभग मुफ्त है। यू.पी. ने हाल ही में मोटो जी.पी. के वाणिज्यिक अधिकारों के मालिक डोर्ना के साथ अगले 3 वर्षों के लिए इस आयोजन की मेजबानी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

बता दें कि वर्तमान में ग्रेटर नोएडा का बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट 5.1 किमी लंबे रेसिंग ट्रैक के साथ भारत का एकमात्र फार्मूला वन ट्रैक है। जर्मन रेसट्रैक डिजाइनर हरमन टिल्के द्वारा डिजाइन किए गए इस रेसट्रैक ने अक्टूबर 2011 में पहली एफ1 इंडियन ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी की थी। ग्रैंड प्रिक्स को 2014 में बंद कर दिया गया था। इसके 9 साल बाद मोटो जी.पी. इवैंट सितंबर 2023 में करवाया गया।

महिला टी20 विश्व कप 2024

भारत-पाकिस्तान सहित इन 5 मैचों पर रहेगी सबकी नजर

दुबई (एजेंसी)। भारतीय टीम 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान एक्शन में होगी जिसका पहला मैच 4 अक्टूबर से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। आईसीसी के अनुसार टूर्नामेंट 19 दिनों तक चलेगा जिसमें 10 टीमें महिला टी20 क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित खिताब के लिए 23 मैचों में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट से पहले कुछ प्रमुख मैचों पर नजर डाल लेते हैं जिसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

भारत बनाम पाकिस्तान, 6 अक्टूबर (दुबई)

चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान महिला टी20 विश्व कप 2024 में पहले सप्ताहांत में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जिसमें उनका बहुप्रतीक्षित मुकाबला रविवार को होने वाला है। भारत ने महिला टी20आई में पाकिस्तान के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। पिछले टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें काफी परेशान किया था, जहां जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने अंततः भारत को एक ओवर शेष रहते जीत दिलाई थी। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने आखिरी बार महिला टी20आई में पाकिस्तान से 2022 में बांग्लादेश में एशिया कप के दौरान हारा था। यह एक उत्सुकता से प्रतीक्षित प्रतियोगिता होगी क्योंकि एक बहुत ही बेहतर पाकिस्तानी इकाई विश्व मंच पर सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराने का लक्ष्य रखती है।

इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, 7 अक्टूबर (शारजाह)

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में एक रोमांचक मुकाबला इस प्रारूप में इन दोनों टीमों का आखिरी बार सामना होगा। प्रोटियाज ने 165 रनों का बचाव करते हुए इंग्लैंड को छह रनों से हराया और अपने पहले विश्व कप फाइनल में पहुंच गए। 2024 में शारजाह में होने वाले इवेंट में जब ये टीमें आमने-सामने होंगी तब कई स्टार खिलाड़ी सक्रिय रहेंगे। कुल मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने 24 महिला टी20आई में इंग्लैंड को केवल 4 बार हराया है और हीथर नाइट की टीम प्रतियोगिता की शुरुआत में बड़ी जीत हासिल करने की उम्मीद करेगी।

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, 8 अक्टूबर (शारजाह)

न्यूजीलैंड की तुलना में किसी भी टीम ने महिला टी20आई में ऑस्ट्रेलिया को अधिक बार नहीं हराया है जिन्होंने छह बार की टी20 विश्व कप चैंपियन के खिलाफ इस प्रारूप में 21 जीत दर्ज की हैं। जब वे विश्व मंच पर फिर से मिलेंगे, तो सभी की निगाहें न्यूजीलैंड की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप पर होंगी और क्या वे ऑस्ट्रेलियाई टीम को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पिछले पांच पूर्ण महिला टी20आई में से दो मैच गंवाए हैं। इन टीमों के बीच पिछली भिड़ंत 2023 महिला टी20 विश्व कप में हुई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें 97 रनों से हरा दिया था जिसमें एशले गार्डनर ने पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 76 रनों पर आउट कर दिया था।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 13 अक्टूबर (शारजाह)

महिला क्रिकेट में एक ताकत के रूप में भारत के तेजी से उभरने के कारण 2020 के बाद से दो प्रमुख महिला आयोजनों के फाइनल में उनका सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ है, 2020 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप फाइनल और 2022 में बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल शामिल है। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मौकों पर जीत हासिल की, लेकिन भारत ने हाल ही में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने मुकाबलों में अपने पल बिताए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में वे ऑस्ट्रेलिया को हराने के काफी करीब पहुंच गए थे। वे अंततः नौ रनों के मामूली अंतर से हार गए। महिला टी20 विश्व कप के अंतिम दौर के खेलों में जब ये जानी-पहचानी प्रतिद्वंद्वी एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगी तो दोनों टीमें उम्मीद करेंगी कि उनका सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित रहे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उनके लिए यह मैच बहुत मुश्किल होगा क्योंकि यह एक रोमांचक मुकाबला होने वाला है।

इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, 15 अक्टूबर (दुबई)

वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण के खत्म होने के बाद से महिला टी20आई में एक मजबूत छाप छोड़ी है। इस अवधि में 14 महिला टी20आई में वेस्टइंडीज ने 10 गेम जीते हैं, जिसमें से आधे से अधिक मुकाबलों में अविश्वसनीय हेले मैथ्यूज प्लेयर ऑफ द मैच रही हैं। टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप गेम में उनका सामना एक मजबूत इंग्लिश टीम से होगा। उन्हें हराना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन अगर मैथ्यूज और कंपनी एक मजबूत स्कोर बना पाती है, तो उनके पास 2018 के बाद से पहली बार महिला टी20आई में इस इंग्लैंड टीम को हराने का मौका है।

बांग्लादेश से पहला टेस्ट हारना पड़ा भारी, डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें स्थान पर खिसका पाकिस्तान

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट की हार और उसके बाद धीमी ओवर गति की पेनल्टी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गया है। पाकिस्तान छह मैचों के बाद 16 अंकों और 22.22 के जीत प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर है। वह केवल वेस्टइंडीज से आगे है। रविवार को समाप्त हुए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश 21 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। उसने अब तक अपने पांच में से दो मैच जीते हैं।

पाकिस्तान के लिए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण स्थिति और अधिक निराशाजनक हो गई है। उसने निर्धारित समय में छह ओवर कम किए और इस कारण छह डब्ल्यूटीसी अंक गंवा दिए। बांग्लादेश ने भी निर्धारित समय में तीन ओवर कम किए और इस कारण उसे तीन अंको से हाथ धोना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से रावलपिंडी में खेला जाएगा। भारत 9 मैचों में छह जीत हासिल करके 74 अंकों और 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।

नहीं करूंगी राजनीति, देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाना है लक्ष्य : मनु भाकर

भिवानी (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर का सोमवार को उनके ननिहाल चरखी दादरी में भव्य स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने साथ ही कहा, ''मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें।

मनु ने कहा कि मेरा ध्यान सिर्फ देश के लिए स्वर्ण जीतने का है। अभी राजनीति नहीं करूंगी। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे। मनु ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जो सम्मान मिल रहा है, उसी उत्साह के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जज्बा भी बढ़ रहा है। मनु ने युवाओं और उनके माता-पिता से भी पढ़ाई के साथ खेलों में भी ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य रखें, सफलता अवश्य मिलेगी। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के वजन के मामले को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मनु ने कहा कि विनेश की भावना फाइटर की तरह रही है। इस मामले से सबक लेना चाहिए। विनेश फोगाट के साथ जो हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इसकी तकनीकी जानकारी नहीं है। विनेश द्वारा कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला उनका खुद का है। विनेश को आगे बढ़ना चाहिए और पदक जीतने के लिए फिर से मैदान में उतरना चाहिए।

सिराज, मलिक, जडेजा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर, बीसीसीआई ने रिप्लेसमेंट की घोषणा की

मुंबई (एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक के साथ-साथ ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 2024-25 दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कहा कि सिराज और मलिक दोनों ही बीमार हैं और दलीप ट्रॉफी के मुकाबलों के लिए उनके समय पर फिट होने की उम्मीद नहीं है।

तेज गेंदबाज नवदीप सैनी टीम बी टीम में सिराज की जगह लेंगे, जबकि गौरव यादव टीम सी टीम में मलिक की जगह लेंगे। जडेजा को भी टीम बी टीम से रिलीज कर दिया गया है लेकिन उनके प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की गई है। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नीतीश कुमार रेड्डी की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर करेगी क्योंकि वह स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से उबर रहे हैं।

यह टूर्नामेंट 5 सितंबर को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू होगा। मूल रूप से छह क्षेत्रों उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के साथ एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता, दलीप ट्रॉफी में इस बार केवल चार टीमें भाग लेंगी। चूंकि दूसरा दौर 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज़ के साथ मेल खाता है, इसलिए टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए खिलाड़ियों को दुलीप ट्रॉफी में बदल दिया जाएगा।

शुभमन गिल भारत ए की कप्तानी करेंगे, अभिमन्यु ईश्वरन भारत बी की कप्तानी करेंगे जबकि रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर क्रमशः भारत सी और भारत डी के कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

टूर्नामेंट के पहले दौर के लिए चार टीमों की संशोधित टीमें इस प्रकार हैं

भारत ए – शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विद्वाथ कवरप्पा, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत।

भारत बी – अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

भारत सी – रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), संदीप वारियर।

भारत डी – श्रेयस लायर (कप्तान), अथर्व तायदे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार।

एआई का सहारा लेगा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, खराब प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स की होगी छुट्टी

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली शर्मनाक 10 विकेट की हार के बाद अब बड़े बदलाव की तैयारी में हैं। बोर्ड बैकअप खिलाड़ियों के पूल का उपयोग करने के लिए एआई का उपयोग करेगा जिससे खराब प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स की छुट्टी कर उनकी जगह बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम में चयनित करने में मदद मिलेगी। इसके लिए काम शुरू हो चुका है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड 12-29 सितंबर तक चैंपियंस कप टूर्नामेंट भी शुरू करने की घोषणा की है। इस टूर्नामेंट में एआई का उपयोग होगा।

नकवी ने कहा, हम अपनी समस्याओं को ठीक करना चाहते हैं, लेकिन जब हम उन्हें हल करने के तरीके पर विचार करते हैं, तो हमारे पास कोई ठोस डेटा या (कुलीन) खिलाड़ियों का पूल नहीं होता है, जिससे हम मदद ले सकें। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड 12-29 सितंबर तक आयोजित होने वाले नए घोषित 50 ओवर के टूर्नामेंट चैंपियंस कप से बैकअप खिलाड़ियों के पूल का उपयोग करने में मदद के लिए एआई का उपयोग करने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट के दिग्गज वकार यूनुस, सकलैन मुश्ताक, मिस्बाह-उल-हक, शोएब मलिक और सरफराज अहमद चैंपियंस कप में पांच टीमों के मेंटर के तौर पर काम करेंगे। नकवी ने कहा, यह कप घरेलू क्रिकेट को मज़बूत बनाएगा, हमारे पास 150 खिलाड़ियों का पूल होगा और फिर चयन समिति द्वारा सर्जरी की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

हम गोंदिया और भंडारा में तीन सीट पर दावा करेंगे: राकांपा (एसपी) नेता अनिल देशमुख

गोंदिया , एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने कहा कि शरद पवार के नेतृत्व में उनकी पार्टी गोंदिया में तिरोरा, अर्जुनी मोरगांव और भंडारा में तुमसर विधानसभा सीट पर दावा करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महा विकास आघाडी(एमवीए), जिसमें राकांपा (एसपी) कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं, आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेगा और एकनाथ शिंदे सरकार को उखाड़ फेंकेगा। राकांपा (एसपी) कार्यकर्ताओं की एक बैठक में हिस्सा लेने आए राज्य के पूर्व गृह मंत्री ने कहा, ''हम इन तीन सीट पर दावा करेंगे क्योंकि वहां से हमारे मौजूदा विधायक हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य मंत्री धरमराव अत्राम की बेटी भाग्यश्री अत्राम ने शरद पवार और जयंत पाटिल से मुलाकात की थी और अहेरी से अपने पिता के खिलाफ चुनाव लड़ने की इच्छुक थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, देशमुख ने सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। देशमुख ने कहा कि उनकी पार्टी उन्हें जिस सीट से कहेगी, वह वहीं से लड़ेंगे। देशमुख ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि के लिए शिंदे सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि लाडकी बहिन योजना एक चुनावी हथकंडा है, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एमवीए सत्ता में आती है तो यह योजना बंद नहीं की जाएगी।

अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

कोलकाता , एजेंसी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान मसादुल मोल्ला के रूप में हुई है। आरोपी उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखान ब्लॉक के अंतर्गत मोथबारी का रहने वाला है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी विरोध प्रदर्शन के दौरान रेप और हत्या की धमकी देता हुआ नजर आ रहा है। यह विरोध प्रदर्शन आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ऑल इंडिया सेकुलर फ्रंट की ओर से आयोजित किए गए विरोध प्रदर्शन में आरोपी ने हिस्सा लिया था और यहीं उसने नाबालिग लड़की को रेप और हत्या की धमकी दी थी। बता दें कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले के विरोध में यह प्रदर्शन 25 अगस्त को आयोजित किया गया था। वहीं, एआईएसएफ ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि यह आरोपी की निजी टिप्पणी है। इसमें हमारे संगठन की कोई भूमिका नहीं है। हम इस टिप्पणी का न समर्थन करते हैं और ना ही उसके लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी लेते हैं। बाल अधिकार संरक्षण के लिए पश्चिम बंगाल आयोग की चेयरपर्सन तूलिका दास ने इस संबंध में पश्चिम बंगाल पुलिस को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद यह गिरफ्तारी की गई। दास ने पुलिस से इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट के साथ एफआईआर की कॉपी दो दिन में मांगी है, ताकि इस मामले में आगे कार्रवाई की जा सके। वीडियो में आरोपी कथित तौर पर यह कहता हुआ भी नजर आ रहा है कि जो कोई भी इस वीभत्स घटना को अंजाम देगा, उसे 10 करोड़ की राशि प्रदान की जाएगी। इसके बाद आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद पश्चिम बंगाल में कई जगह तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने प्राथमिकी दर्ज कराई। इस वीडियो के सामने आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता न महज इसकी निंदा कर रहे हैं।

महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढही, पीएम मोदी ने पिछले साल किया था उद्घाटन

सिंधुदुर्ग, एजेंसी। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में समुद्र तट पर राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा यह अचानक ढह गई। बताया जा रहा है कि कोंकण क्षेत्र में तटीय जिले के मालवन शहर में घटिया निर्माण कार्य के कारण यह घटना हुई। इस प्रतिमा का उद्घाटन पिछले साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी धूमधाम से किया था। प्रतिमा के ढहने से सिंधुदुर्ग जिले के शिव प्रेमियों में गुस्से की लहर फैल गई। मालवन तहसील के राजकोट में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा 35 फीट ऊंची थी। पीएम मोदी ने वार्षिक नौसेना दिवस समारोह के अवसर पर 4 दिसंबर, 2023 को एक समारोह में उद्घाटन किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माण की खराब गुणवत्ता के कारण सोमवार दोपहर अचानक शिवाजी की प्रतिमा ढह गई। महज 8 महीने में प्रतिमा के

ढहने से जिले के शिवप्रेमियों में गुस्से की लहर है। वे लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए और आरोप लगाया कि यह घटिया निर्माण कार्य के कारण गिरी है। राज्य पीडब्ल्यूडी विभाग ने प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर 5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। मालवन की तहसीलदार वर्षा जाल्टे बाकी सरकारी अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर हैं। उन्होंने नौसेना को घटना के बारे में सूचित किया है। वैभव नाइक ने इस घटना पर खेद जताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसके उद्घाटन के 8 महीने के भीतर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढह गई। उन्होंने घटना की जांच कराने की मांग की। सावंतवाड़ी के पूर्व नागरिक अध्यक्ष प्रेमानंद सालगांवकर ने मांग की कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को नैतिक आधार पर पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञ प्रतिमा के ढहने के वास्तविक कारण का पता लगाएंगे। यह जरूर है कि जिले में बीते दो-तीन दिनों में भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे और क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मीडिया से कहा कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी, जिसके कारण प्रतिमा गिर गई। हमारे संरक्षक मंत्री रवींद्र चव्हाण स्थिति का आकलन करने के लिए मौके पर पहुंचे हैं और हम इस प्रतिमा को और भी मजबूत बनाएंगे। इस प्रतिमा को नौसेना द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था। शिंदे ने कहा कि नौसेना के अधिकारी भी पुनर्निर्माण प्रयासों में भाग लेंगे।

गुरुग्राम में रैपिड मेट्रो के विस्तार की तैयारी, 5 स्टेशन बनाने की योजना

गुरुग्राम , एजेंसी। गुरुग्राम सेक्टर-56 से पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो के पहले चरण में रैपिड मेट्रो का गुरुग्राम-सोहना हाईवे स्थित वाटिका चौक तक विस्तार किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा मेट्रो रेल ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचएमआरटीसी) की इस योजना को मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने गत 6 अगस्त को आयोजित बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी है। योजना के तहत गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर पांच मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इनके बनने के बाद सेक्टर-59 से लेकर 67 तक के लोगों के अलावा सेक्टर-49, 50, 56, 57 और सुशांत लोक दो और तीन के निवासियों को लाभ मिलेगा।

एचएमआरटीसी ने सेक्टर-56 से लेकर पचगांव तक करीब 36 किलोमीटर में 28 एलिवेटिड मेट्रो स्टेशन के निर्माण की योजना बनाई है। इसकी फाइनल डीपीआर राइट्स की तरफ से तैयार की जा रही है। डीपीआर 31 अगस्त तक तैयार हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएमआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर कई रिहायशी और व्यावसायिक कॉलोनियां हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की व्यावसायिक जमीन इस मुख्य सड़क पर है। इस कारण सुबह और शाम के समय इस रोड पर यातायात बहुत अधिक होता है। ऐसे में सेक्टर-56 से पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो के पहले चरण में रैपिड मेट्रो का विस्तार वाटिका चौक पर करने से रोजाना हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। एचएमआरटीसी के एक अधिकारी के मुताबिक, करीब सात किलोमीटर लंबाई के इस रोड पर पांच मेट्रो स्टेशन तैयार करने की योजना है। आचार संहिता हटने के बाद इस योजना पर काम शुरू किया जाएगा। एचएमआरटीसी की भोंडसी से लेकर रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाने की योजना है, जो कि वाटिका चौक से होकर गुजरेगी।

अंजलि से दूर रह वरना... इंटीरियर डिजाइनर के किए टुकड़े-टुकड़े; प्रेमिका सहित 3 अरेस्ट

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद में त्रिकोणीय प्रेम के चलते 16 अगस्त को अपहृत इंटीरियर डिजाइनर की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को छह टुकड़े कर नहर में डाल दिया था। पुलिस को एक पैर मिला है, जिसे डीएनए सैंपल के लिए भेजा जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हत्या के बाद शव को काटने में प्रयोग किया गया फावड़ा, दरांती, मृतक तरुण की गाड़ी और वारदात करने में प्रयोग की गई कार बरामद की गई है।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में रहने वाले इंटीरियर डिजाइनर तरुण पंवार की हत्या के मामले में हत्यारोपी पवन, वंश और अंजली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अंजली राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में नौकरी करती थी। उसका परिचय तरुण पंवार से भी था। पवन ने इस मामले में पुलिस को बताया कि वह अंजली को पसंद करता था और उसकी तरुण के साथ नजदीकियों से वह परेशान था। इस बारे में अंजली से बात करने के बाद उसने हत्या की योजना बनाई, जिसमें उसने अंजलि के जीजा अक्षय और अपने अन्य दोस्तों को शामिल किया। इस वारदात में मधुबन बापूधाम में रहने वाले मनोज ने भी उनका साथ दिया। आरोपियों ने तरुण को मनोज के घर पर ही बुलाकर हत्या की थी। तरुण की कार को वंश और दीपांशु के माध्यम से नेहरू नगर के एक निजी अस्पताल के पास जाकर खड़ी करवा दी।

तुम्हारे बच्चों को मार डालूंगा, कोरियर से भेजी चिट्ठी, रंगदारी में मांगे बिटकॉइन

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति को धमकी भरी चिट्ठी भेज कर रंगदारी में बिटकॉइन मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मुताबिक पहली बार गेट पर चिट्ठी रखी मिली और अब कोरियर से चिट्ठी भेजी गई है। धमकी से दहशत में आए पीड़ित ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है।

राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआइपी ऐड्रेसेस सोसाइटी में रहने वाले अश्वनी शर्मा का कहना है कि 12 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति ने उनके गेट पर एक लिफाफा रख दिया था। उन्होंने खोलकर देखा तो उसमें धमकी भरा खत था तथा साथ में एक कर कोड भी था। चिट्ठी में उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए जान बख्शने की एवज में बिटकॉइन की मांग की गई। अश्वनी शर्मा के मुताबिक उन्होंने सोचा कि किसी जानकार ने उनके साथ मजाक किया है लिहाजा उन्होंने पुलिस में शिकायत नहीं की।

बदलापुर पीड़िता की मदद के लिए आगे आई सरकार, परिवार को 10 लाख और पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के बदलापुर में हुई घटना को लेकर राज्य सरकार पीड़िताओं के परिजनों को आर्थिक सहायता देगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लड़की के परिवार को 10 लाख रुपये देने की भी घोषणा हुई। साथ ही, दूसरे 4 वर्षीय छात्रा के परिजनों को 3 लाख रुपये दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, शिक्षा विभाग ने दोनों लड़कियों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है। स्कूल एजुकेशन मिनिस्टर दीपक केसरकर ने मीडिया से बातचीत में सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। इस मामले में कामिनी गायकर और निर्मला घुरे को सह-अभियुक्त के तौर पर नामित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री केसरकर ने सरकार की ओर से नियुक्त 2 सदस्यीय समिति के सुझावों पर अमल करते हुए ये घोषणाएं कीं।

उन्होंने बताया, इस घटना की जांच में दोषी पाए गए कुछ अधिकारियों को निलंबित किया गया है। प्रिंसिपल अर्चना अठावले भी सस्पेंड हो चुकी हैं। जांच के दौरान यह सामने आया था कि उन्होंने कुछ जानकारियां छिपाई। इस तरह मामले में जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें सीसीटीवी लगाना, रिकॉर्ड को 15 दिनों तक सुरक्षित रखना आदि शामिल है। साथ ही, हर स्कूल में पैनिक बटन लगाने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

मालूम हो कि ठाणे जिले में बदलापुर के एक स्कूल में पुरुष सहायक की ओर से 2 बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया गया था। इस मामले पर विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल बदलापुर मामले का राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। बीजेपी के ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले और विधायक संजय केलकर के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी बारिश के बीच अहिल्यादेवी स्मारक के सामने एकत्र हुए। उन्होंने पीड़ित बच्चियों के लिए शीघ्र न्याय की मांग की। वाघुले ने कहा, यह एक गंभीर घटना है, जिसने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को परेशान कर दिया है। हालांकि, एमवीए के नेता इस त्रासदी का राजनीतिकरण करने में व्यस्त हैं। वे महाराष्ट्र को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

तुलसी गबार्ड ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप का समर्थन किया, कहा- दुनिया परमाणु युद्ध के कगार पर है

वाशिंगटन, एजेंसी। 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ने वाली पूर्व अमेरिकी कांग्रेस महिला तुलसी गबार्ड ने नवंबर में आगामी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन की घोषणा की है। द हिल की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

तुलसी ने मिशिगन में नेशनल गार्ड एसोसिएशन की एक सभा की घोषणा की, जहां ट्रम्प भी बोल रहे थे। तुलसी ने कहा, इस प्रशासन के कारण हमें दुनिया भर के क्षेत्रों में कई मोर्चों पर कई युद्धों का सामना करना पड़ रहा है, और हम पहले से कहीं अधिक परमाणु युद्ध के कगार पर हैं।

उन्होंने आगे कहा, 'यही कारण है कि मैं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को व्हाइट हाउस में वापस भेजने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जहां वह एक बार फिर हमारे कमांडर-इन-चीफ के रूप में हमारी सेवा कर सकते हैं।' गबार्ड ने 2020 में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में एक असफल राष्ट्रपति अभियान चलाया।

इसके बाद, वह कांग्रेस से बाहर हो गई और डेमोक्रेटिक पार्टी भी छोड़ दीं। हालांकि बाद में वह कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस जैसे कार्यक्रमों में दिखाई दीं थीं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है और डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में लुभाने में जुटे हैं। इस बीच अब सभी की निगाहें 10 सितंबर को होने वाली डिबेट पर लगी हैं, जिसमें पहली बार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच मुकाबला होगा और दोनों विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी राय पेश करेंगे। खबर आ रही है कि डिबेट के लिए तुलसी गबार्ड, डोनाल्ड ट्रंप की तैयारी करा रही हैं। गौरतलब है कि साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने ही कमला हैरिस को एक डिबेट में बुरी तरह से पछाड़ा था। कमला हैरिस के सामने पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट को ट्रंप पूरी गंभीरता से ले रहे हैं। ट्रंप चाहते हैं कि जिस तरह से पहली डिबेट में उन्होंने जो बाइडन को पछाड़ा था, उसी तरह से वह कमला हैरिस को बहस में पछाड़कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करेंगे। यही वजह है कि ट्रंप डिबेट की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व डेमोक्रेट सांसद तुलसी गबार्ड इस काम में ट्रंप की मदद कर रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुलसी गबार्ड, ट्रंप के घर और प्राइवेट क्लब मार ए लागो में पूर्व राष्ट्रपति को डिबेट की तैयारी करा रही हैं।

राष्ट्रपति मैक्रां ने वामपंथी सरकार को किया खारिज, देश में अस्थिरता का बढ़ा खतरा

पेरिस, एजेंसी। जुलाई में फ्रांस में हुए आम चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला, जिसके चलते फ्रांस राजनीतिक गतिरोध के बीच फंस गया है। अब फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने वामपंथी सरकार के नाम की घोषणा करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह संस्थागत स्थिरता के लिए खतरा होगा। जुलाई में हुए चुनाव के बाद से मैक्रां लगातार नए प्रधानमंत्री की तलाश कर रहे हैं। वामपंथी गठबंधन सबसे प्रमुख दावेदार है क्योंकि संसद में उन्हें ही सबसे ज़्यादा सीटें मिली हैं। हालांकि वामपंथी बहुमत के आंकड़े से दूर हैं। राष्ट्रपति ने धुर-दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन और अन्य राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत के बाद वामपंथी सरकार के दावों को खारिज कर दिया। शुक्रवार से, मैक्रां ने पार्टी नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है, ताकि एक सर्वसम्मत उम्मीदवार मिल सके, जिसे अविश्वास मत में तुरंत बाहर नहीं किया जा सके। मैक्रां ने एक बयान में कहा, मेरी ज़िम्मेदारी है कि देश अवरुद्ध न हो और न ही कमज़ोर हो। फ्रांस में जुलाई में हुए आम चुनाव में 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन के पास सबसे ज्यादा 190 सीटें हैं, उसके बाद मैक्रां के मध्यमार्गी गठबंधन के पास लगभग 160 सीटें हैं और दक्षिणपंथी नेता ले पेन की नेशनल रैली के पास 140 सीटें हैं। एनएफपी ने खास तौर पर गठबंधन में शामिल कट्टर वामपंथी फ्रांस अनबोएड (एलएफआई) ने सरकार बनाने के अपने अधिकार की मांग की है। पार्टी ने तर्क दिया कि चूंकि उसने सबसे ज़्यादा सीटें जीती हैं, इसलिए नया प्रधानमंत्री उनका होना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वामपंथी पार्टी ने 37 वर्षीय लूसी कास्टेट्स को अपना उम्मीदवार चुना है। वहीं मैक्रों की पार्टी ने रूढ़िवादियों और धुर दक्षिणपंथियों के साथ मिलकर वामपंथी सरकार के खिलाफ अविश्वास मत देने का वादा किया है। मैक्रां ने सोमवार को कहा कि वामपंथी सरकार नेशनल असेंबली में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी अन्य समूहों द्वारा तुरंत सेंसर कर दी जाएगी और इसलिए हमारे देश की संस्थागत स्थिरता के लिए हमें यह विकल्प नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे पार्टी नेताओं और राज्य और प्रतिष्ठित लोगों के साथ बातचीत के बाद कोई फैसला लेंगे। वहीं कट्टर वामपंथी एलएफआई ने मैक्रां के इस फैसले से नाराजगी जाहिर की है। पार्टी के समन्वयक मैनुअल बोम्पार्ड ने मैक्रां की टिप्पणियों को अस्वीकार्य और लोकतंत्र विरोधी तख्तापलट कहा है। एलएफआई नेता जीन-ल्यूक मेलेनचॉन ने एक्स पर पोस्ट किया कि मैक्रां ने असाधारण गंभीरता की स्थिति पैदा की है और उन्होंने जनता और राजनेताओं से दृढ़ और मजबूत प्रतिक्रिया का आह्वान किया है।

अमेरिका के सिएटल हवाई अड्डे पर इंटरनेट सेवाएं तीसरे दिन भी बाधित

न्यूयार्क, एजेंसी। साइबर हमले के कारण अमेरिका के सिएटल-टैकोमा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंटरनेट, फोन, ईमेल और अन्य संचार सेवाएं सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बाधित रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारी हमले की जांच और सेवाएं बहाल करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। हवाई अड्डे के उड्डयन प्रबंध निदेशक लांस लिटल ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा, ''हम आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और यात्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। लिटल ने कहा कि हवाई अड्डे के अधिकारी परिवहन सुरक्षा प्रशासन और सीमा शुल्क एवं सुरक्षा विभाग सहित अन्य संघीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि

सेवाएं किस हद तक प्रभावित हुई हैं, लेकिन लिटल ने स्पष्ट किया कि इससे यात्रियों की जांच करने की टीएसए की क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ा है। डेल्टा और अलास्का एयरलाइंस सहित कुछ विमानन कंपनियों ने साइबर हमले से सेवाएं प्रभावित होने से इनकार किया। हालांकि, हमले से सिएटल हवाई अड्डे के बैगेज सॉर्टिंग सिस्टम के प्रभावित होने की खबर है, जिसके चलते हवाई अड्डे के अधिकारियों को यात्रियों को सामान की जांच करने से बचने की सलाह जारी करनी पड़ी, ताकि अनावश्यक देरी से बचा जा सके।

अधिकारियों ने यात्रियों को अतिरिक्त समय लेकर हवाई अड्डे के लिए निकलने की सलाह भी जारी की। उसने यात्रियों से कहा कि वे 'बोर्डिंग पास और बैग टैग हासिल करने के लिए विमानन कंपनियों के मोबाइल ऐप्लीकेशन का इस्तेमाल करें। अधिकारियों ने रविवार को फेसबुक पर लिखा, ''हवाई अड्डे की टीमें सभी सेवाओं को बहाल करने की दिशा में काम कर रही हैं, लेकिन इसमें कितना समय लगेगा, यह अभी नहीं बताया जा सकता।

वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में पांच फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्लाह , एजेंसी। फिलिस्तीन के उत्तर पश्चिम इलाके तुल्कर्म में इजरायली बमबारी में पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने तुलकर्म इलाके के नूर शम्स कैंप पर हुए इस हमले की जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इजरायल के इस भीषण हमले के बाद मृतकों के शव को सोमवार को तुल्कर्म के सरकारी अस्पताल में लाया गया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इजरायली आर्मी के प्रवक्ता अविचाय आद्राई ने इजरायली हवाई हमले में नूर शम्स इलाके के एक ऑपरेशन रूम को निशाना बनाए जाने की पुष्टि की है।

गाजा पट्टी में लगातार हो रहे इजरायली हमलों और उसका फिलिस्तीन की तरफ से विरोध की वजह से पश्चिमी तट पर इजरायली सेना और फिलिस्तीनियों के बीच हमले और बढ़ गए हैं। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सचिवालय का मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने दावा किया कि वेस्ट बैंक में हो रहे इजरायली हवाई हमले में औसतन हर दिन एक फिलिस्तीनी की मौत हो रही है।

7 अक्टूबर 2023 को इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष की शुरुआत के बाद इजरायली हवाई हमलों में अब तक 26 बच्चों सहित करीब 128 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129